CMYK

अधिकतम :37°C
न्यूनतम: 22°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, रविवार 26 अप्रैल 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 258 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 7 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

UPES UNIVERSITY OF TOMORROW
India's AI-FIRST University
Transdisciplinary and Experiential Pedagogy
Eminent faculty from IITs, IIMs, and Ivy League
Economists, CEOs, Diplomats, and Thought Leaders in the Classroom
B.SC. (HONS.) ADMISSIONS 2026
B.Sc. (Hons.) Psychology and Behaviour
B.Sc. (Hons.) Economics and Finance
B.Sc. (Hons.) Economics with Data Science
Upto 25% FEE WAIVER for Uttarakhand Domicile Students*
Upto 30% SCHOLARSHIP for Girl Students*
SCAN TO APPLY
LAST DATE TO APPLY - APRIL 29, 2026
*T&C Apply
For more details visit upes.ac.in or call Toll Free 0... (10 am to 7 pm)

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में फिर बवाल, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को प्रदेश की राजधानी इंफाल में स्थायी शांति की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच कर रहे हजारों प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। यह विरोध प्रदर्शन मैतेई संगठन कोआर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी के बैनर तले आयोजित किया गया था। मणिपुर की अखंडता के लिए काम करने वाली सीओसीओएमआई के आह्वान पर हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरे।

### बंगाल व तमिलनाडु में नहीं की गई रिपोल की सिफारिश

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभाओं के चुनाव के लिए 23 अप्रैल को हुए मतदान के संबंध में किसी भी स्थान पर पुनर्मतदान की सिफारिश नहीं की गई है। यह जानकारी शनिवार को यहां चुनाव आयोग के अधिकारियों ने दी। पश्चिम बंगाल में 294 सदस्य विधानसभा के पहले चरण के चुनाव में 152 सीटों के लिए 44376 मतदान केन्द्रों पर इस सप्ताह गुरुवार को वोट डाले गए थे। कुछ स्थानों पर छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण रहा। वहीं, तमिलनाडु में एक ही बार में सभी 234 विधानसभा सीटों पर चुनाव संपन्न कराया गया।

### बंगाल के छह पुलिस अफसरों को निलंबित करने के निर्देश

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी की रिपोर्ट पर राज्य पुलिस के छह अधिकारियों को निलंबित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक करवाई करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई रिपोर्ट भी तालाब की है। आयोग के सचिव ने इस संबंध में बंगाल के मुख्य सचिव को दो पत्र भेजे हैं। 23 अप्रैल को लिखे गए एक पत्र में हिगलगंज थाने के थाना प्रभारी संदीप सरकार को निलंबित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। उन पर भेदभाव और स्थानीय तत्वों से साठगांठ करने तथा सबको बराबरी का अवसर देने में विफल रहने का आरोप है।

### गाजीपुर में दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में मोदी-योगी जवाब दें : राहुल-प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में दुष्कर्म के बाद युवती की हत्या और हत्यारों के दबाव में प्राथमिकी दर्ज नहीं करने वाले पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी जवाब मांगा है। श्री गांधी तथा श्रीमती वाड्रा ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति बताया और कहा कि जब तक पीड़िता बेटी जिंदा थी तब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई।

# पंजाब ने आईपीएल का सबसे बड़ा टारगेट चेज किया

## सात गेंद शेष रहते 265 का लक्ष्य प्राप्त कर छह विकेट से दी दिल्ली को करारी शिकस्त, काम न आई राहुल की 152 रनों की पारी

शाह टाइम्स ब्यूरो




**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 में लगातार सातवीं जीत दर्ज की। टीम ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराया। दिल्ली ने अरुण जेटली स्टेडियम में टास जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 2 विकेट पर 264 रन बनाए।

जवाब में पंजाब ने 265 रन का लक्ष्य 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। यह आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज है। पंजाब 7 मैचों में 7 जीत के साथ पाइंट्स टेबल में टॉप पर है। वहीं, दिल्ली की 7 मैचों में यह चौथी हार थी। दिल्ली के केएल राहुल ने नाबाद शतक लगाया। उन्होंने 152 रन बनाए। यह आईपीएल में किसी भारतीय का सबसे बड़ा स्कोर है। पिछला रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा के नाम था। उन्होंने पिछले सीजन पंजाब के खिलाफ 141 रन की पारी खेली थी। दिल्ली की ओर से नीतीश राणा ने 91 रन बनाए। राहुल और राणा के बीच दूसरे विकेट के लिए 220 रन की साझेदारी हुई। 265 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पंजाब के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर और ओपनर प्रभसिमरन सिंह ने अर्धशतक लगाए। प्रभसिमरन सिंह ने 26 बाल पर 76 रन। जबकि श्रेयस ने 36 बाल पर नाबाद 71 रन बनाए। इन दोनों के अलावा प्रियांश आर्या ने 43 रन की पारी खेली। प्रभसिमरन और प्रियांश के बीच पहले विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी हुई। दिल्ली के लिए कुलदीप यादव ने 2 विकेट लिए। अक्षर पटेल और विप्रज निगम को 1-1 विकेट मिला। पंजाब की पारी के तीसरे ओवर के दौरान दिल्ली के पेसर लुंगी एनगिडी को चोट लग गई। मेडिकल टीम ने तुरंत पहुंचकर उनका इलाज शुरू किया। एनगिडी को एंबुलेंस से हॉस्पिटल लेकर गए। चोट के चलते खेल रोका गया था, जो करीब 15 मिनट बाद शुरू हुआ। आईपीएल मैनेजमेंट ने ट्वीट कर जानकारी दी कि एनगिडी की हालत खतरे से बाहर है।

**आईपीएल इतिहास में राहुल एक पारी में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बने**

**पंजाब के कप्तान अय्यर 71 व प्रभसिमरन ने खेली 76 रनों की पारी**

**केएल राहुल बने प्लेयर ऑफ द मैच**

### एच-1बी वीजा में कटौती की तैयारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में बीते एक वर्षों में विदेशियों के प्रवास का मुद्दा गर्माया हुआ है। आलम यह है कि ट्रम्प प्रशासन न सिर्फ अवैध प्रवासियों, बल्कि अब वैध तौर पर अमेरिका में काम के लिए जाने वाले लोगों को भी निशाना बनाने में जुटा है। इसी कड़ी में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के कुछ सांसद अमेरिकी संसद में एक विधेयक लेकर आए हैं, जिसमें उच्च-कौशल वाले दूसरे देशों के नागरिकों को अमेरिका में रहने की सुविधा देने वाले एच-1बी वीजा पर रोक लगाना प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि रिपब्लिकन पार्टी का यह कदम मुख्यत: भारत और चीन के नागरिकों को अमेरिका में नौकरी करने से रोकने के मकसद से लाया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह कदम अगर सफल हुआ तो इसका नुकसान दूरगामी हो सकता है।

# ICU सेवाओं पर सुप्रीम सख्ती

## शीर्ष अदालत ने कहा: राज्य तीन हफ्तों में बनाएं एक्शन प्लान

**सभी राज्यों को तैयार करने होंगे एक समान मानक**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में गहन चिकित्सा इकाइयों (आईसीयू) की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बड़ा आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि आईसीयू के लिए तय न्यूनतम मानकों को लागू करने के लिए सभी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश व्यावहारिक और यथार्थवादी कार्ययोजना तैयार करें।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें जज अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति आर. महादेवन शामिल थे, ने 20 अप्रैल के आदेश में कहा कि गहन देखभाल सेवाओं के संगठन और वितरण के लिए दिशानिर्देश तैयार कर ली गई हैं, जिन पर व्यापक सहमति है। अदालत ने कहा कि ये दिशानिर्देश व्यावहारिक, लागू करने योग्य और आईसीयू के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव या सचिव तत्काल विशेषज्ञों की बैठक बुलाएं और इन दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें। अदालत ने कहा कि यह योजना जमीन पर लागू होने योग्य और वास्तविक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाई जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि शुरुआती चरण में पांच बुनियादी जरूरतों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता दी जाए। इनमें मानव संसाधन, प्रशिक्षित स्टाफ, उपकरण, लॉजिस्टिक्स और जरूरी ढांचे से जुड़े मुद्दे शामिल होंगे। साथ ही इन मानकों के पालन और निगरानी के लिए स्पष्ट व्यवस्था भी बनाई जाए। अदालत ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया तुरंत शुरू होनी चाहिए और पहली बैठक एक सप्ताह के भीतर आयोजित की जाए। संबंधित अधिकारी इस बैठक में व्यक्तिगत रूप से शामिल हों। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा तैयार रिपोर्ट भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग सचिव को भेजी जाएगी, जो उसे सभी राज्यों के साथ साझा करेंगे।

## चूहे खा गए रिश्वत के पैसे, सुप्रीम कोर्ट भी हैरान

**भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराई गई महिला को दी जमानत**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के सामने एक ऐसा मामला आया जिसने जजों को भी हैरान कर दिया। यह मामला भ्रष्टाचार से जुड़ा है, जहां मुख्य साक्ष्य यानी रिश्वत की रकम के बारे में दावा किया गया कि उसे चूहों ने कुतर डाला। खबर है कि अब शीर्ष अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराई गई एक महिला को जमानत दे दी है। यह पूरा मामला बिहार से जुड़ा है।

दरअसल, चाइल्ड डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑफिसर के पद पर कार्यरत अरुणा कुमारी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिश्वत लेने के आरोप में दोषी पाया गया था। उन पर 10 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगा था। पटना उच्च न्यायालय ने महिला को सजा सुनाई थी। हालांकि, जब मामला देश की सबसे बड़ी अदालत में पहुंचा, तो वहां साक्ष्यों के रखरखाव को लेकर राज्य पुलिस की एक बड़ी लापरवाही सामने आई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट में बताया गया कि जो नोट रिश्वत के तौर पर जब्त किए गए थे, उन्हें पुलिस के मालखाने में रखा गया था। लेकिन जब इन नोटों को अदालत में पेश करने की बारी आई, तो पता चला कि उन्हें चूहों ने पूरी तरह से कुतर दिया है। यानी, अपराध को साबित करने वाला सबसे अहम सबूत अब अस्तित्व में नहीं था। पीठ ने इस दलील पर न केवल आश्चर्य जताया बल्कि कड़ी नाराजगी भी व्यक्त की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि साक्ष्यों का इस तरह गायब होना कानून व्यवस्था और राज्य के राजस्व के लिए एक बड़ा नुकसान है। पीठ ने सवाल उठाया कि आखिर पुलिस कस्टडी में रखे गए महत्वपूर्ण साक्ष्य सुरक्षित क्यों नहीं थे?

अदालत ने कहा कि यह कोई पहला मामला नहीं है जहां चूहों द्वारा साक्ष्य नष्ट किए जाने की बात कही गई हो। इससे पहले भी कई मामलों में नशीले पदार्थों और नकदी के बारे में इसी तरह के बहाने बनाए गए हैं, जो व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हैं। महिला के वकील ने तर्क दिया कि मुख्य साक्ष्य के अभाव में सजा को बरकरार रखना न्यायसंगत नहीं है, खासकर जब अपील लंबित हो।

# देशभर में लू का कहर जारी

## दिल्ली में पारा 43 डिग्री, हॉस्पिटल में बनी हीटस्ट्रोक यूनिट

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में लू का असर तेज होता जा रहा है। तीन चौथाई हिस्सा हीटवेव की चपेट में हैं। उत्तर-पश्चिम, उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत के 5 राज्यों के 14 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार जा चुका है।

इनमें वाराणसी, बांदा, रोहतक, झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, अकोला, अमरावती, वर्धा, चंद्रपुर, यवतमाल, बाड़मेर, हमीरपुर, आगरा और राजनांदगांव शामिल हैं। इधर, दिल्ली में शनिवार दोपहर को पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जिसके चलते राममनोहर लोहिया हॉस्पिटल में हीटस्ट्रोक यूनिट बनाई गई है। इसमें कूलिंग टब, 200किग्रा बर्फ बनाने की मशीनें और पोर्टेबल आइस पैक भी रखे गए हैं। उत्तर प्रदेश के 60 जिलों में लू का रेड अलर्ट है। ओडिशा के झारसुगुड़ा में लगातार दूसरे दिन तापमान 44.8डिग्री रहा। मध्य प्रदेश के 11 जिलों में लू का अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश के 3 जिलों में हीटवेव चल रही है। इससे पहले शुक्रवार को देश का सबसे गर्म शहर उत्तर प्रदेश का प्रयागराज रहा था। यहां तापमान 45.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं महाराष्ट्र के अकोला में पारा 45 डिग्री, अमरावती में 44.8 डिग्री रहा। तेज गर्मी के कारण राज्य सरकारों ने सख्त फैसले लिए हैं, उत्तर प्रदेश के आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी में दोपहर 12 से 4 बजे मजदूरों के काम पर रोक लगा दी गई है। ओडिशा में 18 शहरों में पारा 40 डिग्री पार कर गया है। सरकार सोमवार से राज्य के सभी स्कूल बंद करने की घोषणा की है। केरल में सीएम ने लोगों से दिन में 11 से 3 बजे के बीच बाहर न निकलने की सलाह दी है। उन्होंने सेल्फ लॉकडाउन को अपनाने के लिए कहा है। कर्नाटक सरकार ने सभी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक यूनिट बनाने का आदेश दिया है। ये सभी यूनिट 31 जुलाई तक चालू रखी जाएंगी। मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में हीटवेव चलने की संभावना है। आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, ओडिशा और तमिलनाडु में गर्म और उमस भरा मौसम रह सकता है। 27 अप्रैल को बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में हीटवेव चलेगी। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में गर्म रातें रहने की भी आशंका है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, गुजरात, गोवा, ओडिशा और तमिलनाडु में बहुत ज्यादा गर्म और उमस भरा मौसम हो सकता है।

**उप्र के 60 जिलों में लू का रेड अलर्ट पर**

# चाबहार की हिस्सेदारी ईरानी कंपनी को सौंपेगा भारत!

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** भारत ईरान के चाबहार पोर्ट में अपनी हिस्सेदारी ईरानी कंपनी को सौंप सकता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, यह कदम अस्थायी तौर पर उठाया जा सकता है, ताकि अमेरिका के प्रतिबंधों से मिली छूट खत्म होने के बाद भी काम जारी रह सके।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का इस पोर्ट में 1100 करोड़ का निवेश है। भारत सरकार इस मुद्दे पर अमेरिका और ईरान दोनों से अलग-अलग बातचीत कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक यह बातचीत बेहद संवेदनशील है और इसमें शामिल अधिकारियों ने पहचान उजागर करने से इन्कार किया है। भारत को नवम्बर 2025 में छह महीने की छूट मिली थी, जिससे चाबहार पोर्ट पर बिना रुकावट काम होता रहा। यह छूट इस महीने खत्म हो रही है। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि भारत चाबहार प्रोजेक्ट से पूरी तरह बाहर निकलने की योजना नहीं बना रहा है। भविष्य में यहां कनेक्टिविटी बढ़ाने की योजना है, जिसमें रेल लिंक भी शामिल है, जिससे अफगानिस्तान और आगे तक पहुंच मजबूत होगी। भारत इस अस्थायी ट्रांसफर को अमेरिका और ईरान के बीच बैलेंस बनाने की कोशिश के तौर पर देख रहा है। एक तरफ अमेरिका का ईरान पर सख्त प्रतिबंध है, वहीं दूसरी तरफ चाबहार पोर्ट भारत की रणनीति का अहम हिस्सा है।

**अमेरिका प्रतिबंध हटने तक जारी रहेगी अस्थायी व्यवस्था, भारत का चाबहार में 1100 करोड़ का निवेश**

**चाबहार पोर्ट होर्मुज स्ट्रेट के पास फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला अहम समुद्री रास्ता**

## इस्लामाबाद में अमेरिका से कोई बैठक प्रस्तावित नहीं: ईरान

**तेहरान/इस्लामाबाद।** ईरान ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका के साथ इस्लामाबाद में किसी भी प्रकार की बैठक प्रस्तावित नहीं है। पाकिस्तान पहुंचे ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिफ मुनीर से द्विपक्षीय वार्ताकर ओमान के लिए रवाना हो गए। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच कोई बैठक निर्धारित नहीं है। ईरान अपने विचार पाकिस्तान को अवगत कराएगा। यह दौरा क्षेत्र में शांति बहाली और जारी तनाव पर परामर्श के उद्देश्य से किया जा रहा है। श्री अराघची की यह यात्रा उनके क्षेत्रीय दौरे का हिस्सा है, जिसमें इस्लामाबाद के साथ मस्कट और मॉस्को भी शामिल हैं। इस दौरान क्षेत्रीय घटनाक्रम और मौजूदा संघर्ष की स्थिति पर चर्चा की जा रही है। इस बीच, अमेरिका की ओर से विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जैरेड कुशनर को पाकिस्तान भेजे जाने की बात कही गई है। उप राष्ट्रपति जेडी वांस इस यात्रा में शामिल नहीं होंगे। ईरान ने अभी तक यह पुष्टि नहीं की है कि उसका प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी अधिकारियों के साथ किसी प्रत्यक्ष वार्ता में शामिल होगा या नहीं।

### बिना पाकिस्तान के रास्ते सेंट्रल एशिया तक पहुंच

**नई दिल्ली।** भारत को अफगानिस्तान या दूसरे एशियाई देशों तक सामान भेजने के लिए पाकिस्तान के रास्ते से नहीं जाना पड़ता। भारत ईरान के चाबहार पोर्ट से सीधा अपना माल अफगानिस्तान और सेंट्रल एशिया भेज सकता है। इससे समय और पैसा दोनों बचते। भारत चाबहार के जरिये अपने सामान, दवाएं, फूड और इंडस्ट्रीयल प्रोडक्ट आसानी से दूसरे देशों तक भेज सकता है। इससे भारत का एक्सपोर्ट बढ़ेगा और लाजिस्टिक खर्च (ढुलाई खर्च) कम होगा। भारत को ईरान से तेल खरीदने में आसानी होती है।

# पंजाब में फूटा 'आप' कार्यकर्ताओं का गुस्सा

**सांसद हरभजन व गुप्ता के घर की दीवारों पर लिखा 'गद्दार'**

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के सात सांसदों के भाजपा में जाने के बाद पंजाब में 'आप' कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। जालंधर में कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह के प्रति अपना रोष व्यक्त करते हुए उनके आवास की दीवारों पर 'गद्दार' लिख दिया।

वहीं लुधियाना में आम आदमी को छोड़कर भाजपा में गए सांसद राजेंद्र गुप्ता के ऑफिस की दीवार पर पंजाब के 'गद्दार' लिखा गया। हाल ही में भाजपा ज्वाइन करने वाले आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक व नेता प्रतिपक्ष रहे एडवोकेट एचएस फुलका ने कहा कि जिस तरह से केजरीवाल और भगवंत मान ने पंजाब को बर्बाद कर दिया है, उसे देखते हुए 'आप' में पंजाब की फिक्र करने वालों को उनके खिलाफ खड़े होकर बगावत करनी चाहिए। उन्होंने कहा राघव चड्ढा और अन्य सांसदों ने जिस हिम्मत के साथ अपनी आवाज़ उठाई है मैं उसकी तारीफ़ करता हूं। वहीं, आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने सात राज्यसभा सांसदों के भाजपा में विलय को निंदनीय करार दिया है। शनिवार को सुनाम दौरे के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए अरोड़ा ने स्पष्ट किया कि पार्टी इस तरह के झटकों से घबराने वाली नहीं है, बल्कि हर बार ऐसी चुनौतियों से और मजबूत होकर उभरी है। अमन अरोड़ा ने कहा कि राजनीति में सब्र और अपने स्टैंड पर कायम रहना बेहद जरूरी है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में दंपति और पुत्र समेत पांच लोगों की मौत

**मऊ।** उत्तर प्रदेश में मऊ जिले के दोहरीघाट थाना क्षेत्र में शनिवार भोर में शादी समारोह से लौट रही एक स्कॉर्पियो सामने से आ रही ट्रेलर से टकरा गई। इस दुर्घटना में पति पत्नी और पुत्र समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार गोरखपुर निवासी एक परिवार अपनी बेटी की शादी समारोह में भाग लेने रांची झारखंड गया हुआ था। बीती रात वह लोग रांची से वापस आ रहे थे। शनिवार भोर में मऊ जिले के दोहरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसातपुर अहिरानी हाईवे पर स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर अपने लेन से निकलकर दूसरी लेन में चला गया और सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गया। मृतकों की पहचान गोरखपुर निवासी विनय श्रीवास्तव, अर्चना पत्नी विनय श्रीवास्तव और पुत्र कृतार्थ श्रीवास्तव के रूप में हुई है। इनके अलावा बिहार के गया जिले के रहने वाले रविन्द्र यादव और पुरुषोत्तम कुमार की भी मौत हो गई।

### श्रीनगर की केंद्रीय जेल से डिजिटल डिवाइस जब्त किए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष खुफिया और जांच शाखा (सीआईके) ने शनिवार को एक आतंकी मामले की जांच के सिलसिले में श्रीनगर केंद्रीय जेल की तलाशी लेते हुए डिजिटल डिवाइस बरामद किए। पुलिस ने बताया कि यह तलाशी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम के तहत गठित श्रीनगर की विशेष अदालत द्वारा जारी वारंट के आधार पर की गई। यह वारंट थाना सीआई कश्मीर में 2023 में दर्ज प्राथमिकी के संबंध में जारी किया गया था, जिसमें आईपीसी की धारा 153-ए, 505, 121 और 120-बी के साथ-साथ यूए (पी) अधिनियम की धारा 13 और 39 भी शामिल हैं।

# उप्र में प्रचंड गर्मी और लू का प्रकोप जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 26 अप्रैल को मौसम शुष्क रहने की संभावना, 27 से मिल सकती है फौरी राहत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार जारी है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में 25 अप्रैल को मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि दिन के समय कई स्थानों पर उष्ण लहर (लू) चलने और कुछ स्थानों पर उष्ण रात्रि की स्थिति बनी रह सकती है।

मौसम विभाग द्वारा शनिवार को जारी हीट वेव बुलेटिन में कानपुर नगर, कानपुर देहात, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, झांसी, बरेली, पीलीभीत, रामपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, उन्नाव, बारा. बंकी, रायबरेली, अयोध्या, प्रतापगढ़, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, मिर्जापुर, सोनभद्र, आजमगढ़, मऊ, बलिया, बहराइच, सीतापुर, हरदोई, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, हाथरस और एटा समेत अनेक जिलों में लू चलने की संभावना जताई गई है। राजधानी लखनऊ, कानपुर नगर, प्रयागराज, वाराणसी और बुंदेलखंड क्षेत्र के जिलों में अधिकतम तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज होने की संभावना है, जबकि आगरा, मथुरा, इटावा, फिरोजाबाद और अलीगढ़ मंडल में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच सकता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़ और गौतमबुद्ध नगर में भी तेज गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर सकती हैं।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने के बाद हल्की गिरावट संभव है। वहीं न्यूनतम तापमान में भी दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि के संकेत हैं। 27 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में मौसम बदलने के आसार हैं। कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा और बौछारें पड़ सकती हैं, जबकि 29 और 30 अप्रैल को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है।

मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 11 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने, हल्के सूती वस्त्र पहनने तथा बच्चों, बुजुर्गों और पशुओं का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। किसानों को गन्ना, ग्रीष्मकालीन मक्का, दलहन और सब्जियों की सिचाई नियमित रूप से जारी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# शिया सेंट्रल बोर्ड में बड़ा प्रशासनिक सुधार

## लंबित वेतन का भुगतान, वक्फ संपत्तियों को कब्जे से कराया मुक्त

जिया अब्बास जैदी



■ चेयरमैन अली ज़ैदी के नेतृत्व में करोड़ों की आय में वृद्धि और पारदर्शिता की नई मिसाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड में चेयरमैन अली ज़ैदी के नेतृत्व में प्रशासनिक सुधारों और पारदर्शिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। बोर्ड द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार वक्फ संपत्तियों के संरक्षण, उनकी आय में वृद्धि और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए कई प्रभावी निर्णय लिए गए हैं। प्रेस नोट में बताया गया कि पूर्व में कर्मचारियों के वेतन का भारी बकाया था, जिसे वर्तमान बोर्ड ने प्राथमिकता के आधार पर निपटाया है। अब कर्मचारियों का नियमित वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया भुगतान में भी तेजी लाई गई है।

चेयरमैन अली ज़ैदी के कार्यकाल में बोर्ड की आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। जहां पहले की अवधि में आय लगभग 3.94 करोड़ रुपये थी, वहीं वर्तमान कार्यकाल में यह बढ़कर 6 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। इसके अलावा वक्फ संपत्तियों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए भी अभियान चलाया गया, जिसमें कई संपत्तियों को सफलतापूर्वक कब्जामुक्त कराया गया। बोर्ड ने पारदर्शिता बढ़ाने के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से खरीद प्रक्रिया लागू की है और ई-ऑफिस सिस्टम को अपनाया है, जिससे कार्यप्रणाली में सुधार हुआ है। साथ ही शिकायतों के निस्तारण के लिए आईजीआरएस पोर्टल पर 100 प्रतिशत कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। प्रेस नोट में यह भी उल्लेख किया गया है कि बोर्ड द्वारा वक्फ संपत्तियों की आय बढ़ाने के लिए लगातार समीक्षा की जा रही है और नए वक्फ पंजीकरण की प्रक्रिया भी तेज की गई है। वर्तमान में हजारों वक्फ संपत्तियों का डिजिटलीकरण और सत्यापन कार्य प्रगति पर है। अंत में बोर्ड ने प्रदेश सरकार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चेयरमैन अली ज़ैदी के नेतृत्व में शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

# आरोपी की आजादी से बड़ा है समाज का हित

श्रीनगर, वार्ता

■ जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट ने खारिज की गैंगरेप आरोपियों की जमानत याचिका

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने रामबन जिले में सामूहिक दुष्कर्म मामले के दो आरोपियों को जमानत देने से इन्कार कर दिया है।

न्यायमूर्ति रजनीश ओसवाल ने नौ पन्नों के फैसले में शाहिद अहमद और मुजमिल अजीज द्वारा दायर अलग-अलग जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस स्टेशन गूल में दर्ज एफआईआर के तहत मुकदमा चल रहा है। यह मामला पीड़िता के साथ बार-बार किए गए यौन शोषण के आरोपों पर आधारित है, जिसके परिणाम स्वरूप उसने एक बच्ची को जन्म दिया। उस बच्ची को बाद में बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया और वर्तमान में उसे रामबन की एक विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी में रखा गया है। बेंच ने 'त्वरित सुनवाई' के अधिकार पर भी बात की। कोर्ट ने गौर किया कि एक साल और दो महीने के भीतर लगभग दस गवाहों से पहले ही पूछताछ की जा चुकी है, जो यह दर्शाता है कि मुकदमे की कार्यवाही उचित गति से आगे बढ़ रही है। कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसे मामलों में आरोपी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को समुदाय के सामूहिक हित के आगे झुकना होगा। बचाव पक्ष ने दलील दी कि शाहिद अहमद का नाम मूल एफआईआर में नहीं था और पीड़िता ने मुकदमे के दौरान विरोधाभासी बयान दिए थे। वहीं मुजमिल अजीज के वकील ने घटना की रिपोर्ट करने में हुई देरी पर जोर दिया और पीड़िता के बयानों में विसंगतियों की ओर इशारा किया।

## प्रशासन ने सपा के दो विधायकों समेत 46 नामजद किए

# गाजीपुर हिंसा को लेकर गरमाई सियासत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पीड़ित परिवार से 29 अप्रैल को मुलाकात करेंगे अखिलेश यादव, मृतका के पिता ने इस मामले में राजनीति न करने की अपील की

**लखनऊ/गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर के करंडा थाने के अंतर्गत कटरिया गांव में हुई हिंसा अब राजनीतिक रंग लेती जा रही है। स्थानीय प्रशासन द्वारा समाजवादी पार्टी के दो विधायकों समेत 46 लोगों को नामजद किए जाने के बाद अब समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के दौरे को लेकर राजनीति गरमा गई है।

अखिलेश यादव 29 अप्रैल को गाजीपुर जा रहे हैं। इस बीच मृतका के पिता ने प्रशासन की कार्यवाही से संतुष्टि जताते हुए इस मामले में राजनीति न करने की अपील की है। समाजवादी पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक पत्र के अनुसार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 29 अप्रैल 2026 (बुधवार) को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद के दौरे पर जाएंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के तहत वह दोपहर करीब 1 बजे ग्राम करंडा (थाना करंडा) पहुंचेंगे और वहां पीड़ित सियाराम विश्वकर्मा के परिवार से मुलाक. ात करेंगे। पत्र में संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को इस दौरे की सूचना देते हुए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। इस बीच सियाराम शर्मा ने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान पुलिस की कार्यवाही से संतुष्टि जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि हमने पुलिस को जो तहरीर दी थी, उसी के अनुसार कार्रवाई हुई है और आरोपी इस समय जेल में बंद है। उन्होंने कहा कि जलाधियाकारी और कप्तान साहब की ओर से आश्वासन मिला है कि इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की तरफ से मदद का भी आश्वासन मिला है। अखिलेश यादव के गाजीपुर दौरे को लेकर भाजपा ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा है।

### मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार सपा दंगाइयों के साथ खड़ी है: भाजपा

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हीरो वाजपेयी ने कहा कि अखिलेश यादव के साथ दिक्कत यही है कि वो हमेशा दंगाइयों और बलवाइयों के साथ ही खड़े दिखते हैं। वाजपेयी ने कहा कि गाजीपुर में जो भी घटना हुई, उसमें पुलिस अपना काम कर रही है। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित परिवार प्रशासन की कार्रवाई से संतुष्ट है फिर वहां जाकर सियासत करने की उनकी क्या मजबूरी है। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के करंडा थाना क्षेत्र के कटारिया गांव में बुधवार को हुई हिसक झड़प के बाद पुलिस ने समाजवादी पार्टी के दो विधायकों समेत 46 नामजद और करीब 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया है। आरोपियों पर बलवा, अवैध जमावड़ा, आपराधिक धमकी और लोकसेवक पर हमला करने जैसे आरोप लगाए गए हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 78516.49
निफ्टी 24378.10



सोना 152250
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 249677
प्रति किलो



# देश के शेयर बाजार का सफर लम्बा: निर्मला सीतारमण

मुंबई, वार्ता



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत के प्रतिभूति बाजार की विकास यात्रा में बड़ी उपलब्धियों को को रेखांकित करते हुए कहा कि यह यात्रा उल्लेखनीय रही है और भारतीय बाजार आज एक मजबूत, प्रौद्योगिकी-आधारित और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र में सबसे अच्छे बाजारों में एक है।

वित्त मंत्री ने विश्वास और ईमानदारी को बाजार की अदृश्य लेकिन सबसे अहम अवसंरचना बताते हुए बाजार विनियामक सेबी से कदाचार के विरुद्ध बहुत कठोर रुख अपनाने को कहा। श्रीमती सीतारमण ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के 38वें स्थापना दिवस समारोह को संबो. धित करते कहा कि भारतीय बाजारों की यात्रा पारंपरिक ट्रेडिंग रिग से निकल कर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक ऑर्डर बुक तक, भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों से पूर्ण डीमैटेरियलाइजेशन तक और बिखरी हुई निंगरानी से रीयल-टाइम नियामकीय पर्यवेक्षण तक पहुंच गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि इन बाजारों का आकार यात्रा की चुनौतियों से तय हुआ है और इस दौरान उत्पन्न दबावों और अस्थिरता के दौर ने नियमन और बाजार अवसंरचना को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजारों का इतिहास हमें पहले के दशकों के तनावपूर्ण दौर से महत्वपूर्ण सबक भी सिखाता है, जिससे मजबूत नियमन विकसित हुआ। अस्थिरता के दौर ने बेहतर बाजार ढांचा बनाया, चुनौतियों ने बेहतर संस्थानों को जन्म दिया। इसी तरह परिपक्व वित्तीय प्रणालियां सीखते हुए, अनुकूलन करते हुए और अधिक मजबूत बनकर उभरती हैं।ष सेबी की भूमिका को रेखांा. कत करते हुए सीतारमण ने कहा कि उसकी प्रभावशीलता केवल उसके अधिकारों की व्यापकता से नहीं, बल्कि उन्हें अनुशासन के साथ लागू करने से आती है।

### गंगा एक्सप्रेसवे: 594 किमी का मेगा कॉरिडोर लोकार्पण को तैयार, मल्टी-पैकेज मॉडल से मिली रफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने वाली गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे देश को समर्पित करेंगे। करीब 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे देश के सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में शुमार है और इसे यूपीडा के प्रभावी क्रियान्वयन और राज्य सरकार की रणनीतिक योजना का सफल उदाहरण माना जा रहा है। करीब 37 हजार करोड़ की लागत से तैयार इस मेगा प्रोजेक्ट को चार प्रमुख पैकेज (ग्रुप) में विभाजित कर निर्माण कार्य को गति दी गई। 'मल्टी-पैकेज' मॉडल इस परियोजना की सबसे बड़ी ताकत साबित हुआ, जिसने इतने बड़े प्रोजेक्ट को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाई। गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना को चार हिस्सों में विभाजित कर अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से कार्य कराया गया। पहले पैकेज की लंबाई 129.70 किमी है, जिसकी लागत 9 हजार करोड़ से अधिक है। दूसरे पैकेज की लंबाई 151.70 किमी और लागत लगभग 9 हजार करोड़ है।

# चावल नरम, गेहूं व चीनी के भाव बढ़े, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव घट गया। गेहूं और चीनी की कीमतों में गिरावट रही जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत चार रुपये गिरकर 3,847 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,780 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे की कीमत 16 रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में उतार.चढ़ाव रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 19 रुपये घट गई। मसूर दाल सात रुपये और चना दाल तीन रुपये घट गई। मूंग दाल 29 रुपये और उड़द दाल पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 108 रुपये और मूंगफली तेल की 66 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 50 रुपये और सूरजमुखी तेल 30 रुपये महंगा हुआ। वहीं पाम ऑयल का भाव 28 रुपये और सरसों तेल का पांच रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 31 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी आठ रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल. दलहन: दाल चना 7686.02 रुपये, मसूर काली 8085.22 रुपये, मूंग दाल 10208.98 रुपये, उड़द दाल 10826.44 रुपये, तुअर दाल 11230.67 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2779.79 रुपये और चावल 3847.23 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3274.52 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4310.66 रुपये और गुड़ 5044.78 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17866.06 रुपये, मूंगफली तेल 18916.85 रुपये, सूरजमुखी तेल 17516.11 रुपये, सोया तेल 15002.66 रुपये, पाम ऑयल 13442.13 रुपये और वनस्पति 14965.02 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# पश्चिम बंगाल में फिर आक्रामक तेवर में योगी नदिया में ममता बनर्जी पर साधा निशाना



**नदिया (पश्चिम बंगाल)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने नदिया जिले की नवद्वीप विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि ममता दीदी को इस बात की चिंता है कि अगर हिदुओं की संख्या बढ़ेगी, तो सड़कों पर इफ्तार कैसे होगा।

योगी ने कानून-व्यवस्था ध्वस्त करने का आरोप लगाते हुए कहा कि टीएमसी लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में भाजपा नेताओं और उम्मीदवारों पर हमले हुए, जिसे पूरे देश ने देखा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि चार मई को जब नतीजे आएंगे, तब टीएमसी के गुंडों के पास छिपने की जगह नहीं होगी। बंगाल अब अराजकता को स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, वामपंथी दलों और टीएमसी पर बंगाल को 'लूट और कुशासन का प्रतीक' बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि राज्य इनसे मुक्त होकर 'डबल इंजन सरकार' को चुने, जो दोगुनी गति से विकास करेगी।

योगी नवद्वीप विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रुति शेखर गोस्वामी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। भीषण गर्मी के बावजूद जनसभा में बड़ी संख्या में लोग जुटे। समर्थकों ने 'योगी-योगी' के नारे लगाए, जिस पर मुख्यमंत्री ने आभार जताया। उन्होंने पहले चरण में 152 सीटों पर हुए रिकॉर्ड मतदान के लिए मतदाताओं को बधाई दी और कहा कि जनता आतंक, माफिया राज और भ्रष्टाचार से मुक्ति चाहती है। उन्होंने दावा किया कि 4 मई को नतीजों के साथ पूरे बंगाल में भाजपा का परचम लहराएगा। मुख्यमंत्री ने सीएए का जिक्र करते हुए कहा कि यह कानून पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में प्रताड़ित हिदू, बौद्ध, जैन और सिख समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता देने की गारंटी देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी ने इस कानून का विरोध किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में घुसपैठियों को संरक्षण दिया जा रहा है, जबकि वे स्थानीय लोगों के अधिकारों पर कब्जा कर रहे हैं। योगी ने आरोप लगाया कि बंगाल में दुर्गा पूजा, प्रतिमा विसर्जन और 'जय श्री राम' के नारे पर पाबंदी लगाने की कोशिश होती है। उन्होंने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट को भी इस संबंध में सख्ती के निर्देश देने पड़े। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ष्बंगाल की धरती पर मां काली और मां दुर्गा की पूजा को कोई नहीं रोक सकता। अगर किसी ने को. शिश की, तो सड़कों पर विरोध होगा।

# केजरीवाल इतिहास के सबसे शौकीन: प्रवेश सिंह

नई दिल्ली, वार्ता



■ दिल्ली सरकार के लोक निर्माण मंत्री ने कहा: आप संयोजक नया आवास भी शीशमहल जैसा बनाया

भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल को इतिहास का सबसे शौकीन व्यक्ति करार देते हुए शनिवार को कहा कि उन्होंने अपना नया आवास भी 'शीशमहल' जैसा बना लिया है। दिल्ली सरकार के लोक निर्माण मंत्री एवं भाजपा नेता प्रवेश साहिब सिंह ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप का मतलब 'आलीशान आदमी पार्टी' है।

इस दौरान, उन्होंने केजरीवाल के नए आवास की तस्वीर जारी करते हुए उनकी तुलना फिल्म 'धुरंधर' के 'रहमान डकैत' से की और कहा कि उन्होंने अब यहां दूसरा 'शीशमहल' बना लिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव हारने के बाद केजरीवाल पंजाब चले गए थे। वहां मुख्यमंत्री भगवंत मान के सरकारी आवास के आस-पास चार घरों पर श्री केजरीवाल, तथा आप नेता सतएंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह ने कब्जा कर लिया था। भगवंत मान भी इसके कारण उनसे परेशान थे। गौरतलब है कि अदालत के आदेश के बाद केन्द्र सरकार ने केजरीवाल को दिल्ली में 95, लोधी एस्टेट स्थित सरकारी आवास आवंटित किया था, जिसमें उन्होंने शुक्रवार को परिवार के साथ प्रवेश कर लिया। सिंह ने केजरीवाल के इस आवास की मरम्मत में हुए खर्च को लेकर उन पर हमला बोला। उन्होंने केजरीवाल के इस आवास की तस्वीरें दिखाकर हैरानी जताई और कहा कि वहां भी उन्होंने खूब पैसा खर्च किया है। यह सरक. ारी आवास है, लेकिन इसमें सरकारी पैसा नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि पहले 'शीशमहल' (6, फ्लैग स्टाफ रोड, मुख्यमंत्री आवास) पर भारी खर्च को लेकर जब सवाल उठे, तो केजरीवाल ने दावा किया था कि सजावट का फैसला पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता ने लिया था और उन्हें खर्च की जानकारी नहीं थी। अब नए आवास को लेकर वह ऐसा दावा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि जो नेता कभी साधारण बंगला भी नहीं लेने की बात करते थे, आज खुद 'शीशमहल' में रह रहे हैं। दिल्ली में कोरोना महामारी, पानी और बिजली की कमी के समय भी केजरीवाल गायब होकर 'शीशमहल' बनाने में लगे रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि 'शीश. महल' केजरीवाल के भ्रष्टाचार का सबूत है। मुख्यमंत्री के वेतन से ऐसा आलीशान आवास नहीं बन सकता। उन्हें बताना चाहिए कि इस पर शराब घोटाले का पैसा लगाया गया या नहीं। सिंह ने कहा कि श्री केजरीवाल के अंदर 'शीशमहल' बस चुका है। इस कारण उन्हें दिल्ली और पंजाब की जनता का दुख दिखाई नहीं देता। आप कार्यकर्ता पूरी जिदगी मेहनत करें, तब भी आवास को ऐसा नहीं बना सकते। इस दौरान उन्होंने सवाल किया कि केजरीवाल बताएं कि लोधी रोड वाले बंगले में कितना पैसा लगा है। उन्होंने कहा कि यह पैसा कहां से आया और किसका है? क्या आपकी विलासिता के कारण आप के कार्यकर्ता आपको छोड़ रहे हैं? बार-बार आलीशान शीशमहल बनाने की उन्हें क्या जरूरत पड़ रही है? पहले शीशमहल में शराब का पैसा लगा था, इस बार किसका पैसा लगा है? उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में केजरीवाल सबसे शौकीन व्यक्ति हैं।

# यूके बोर्ड परीक्षाः बेटियों ने लहराया परचम

## हाई स्कूल में अक्षत गोपाल, इण्टरमीडिएट में गीतिका पंत व सुशीला बनी संयुक्त टॉपर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामनगर।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। हाईस्कूल में रामनगर एमपी इंटर कालेज के अक्षत गोपाल ने 98.20 प्रतिशत अंक लाकर प्रदेश टॉप किया है। वहीं इंटरमीडिएट में सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज बागेश्वर की गीतिका पंत व भंजूराम अमर इंटर कॉलेज ऊधमसिंह नगर की छात्रा सुशीला मेहंदीरत्ता ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। दोनों ही छात्राओं को 98.00 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में इस बार भी बालिकाएं आगे रही है।



शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत राम नगर में उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद के हाई स्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम जारी करते हुए। साथ में है बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी

शनिवार को प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बोर्ड के अधिकारियों के साथ शिक्षा बोर्ड के सभागार में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाफल का परिणाम जारी किया। शिक्षा मंत्री डा. रावत ने सभी सफल छात्रों बधाई दी। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल टॉपर अक्षत गोपाल ने 500 सौ अंक में से 491 अंक प्राप्त किए हैं। जबकि हाईस्कूल में एसवीएमआईसीएस चिंयालीसौड उत्तकाशी के ईशांत कोठारी व जीबी पंत जीआईसी खैरना की छात्रा भूमिका ने 500 में से 490 अंक प्राप्त प्रदेश की मैरिट लिस्ट में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

विवेकानंद वीएमआईसी मंडलसेरा बागेश्वर के योगेश जोशी को प्रदेश की श्रेष्ठा सूची में तीसरा स्थान मिला है। उन्होंने 500 सौ में से 489 नंबर प्राप्त किए हैं।

बताया कि इंटरमीडिएट टॉपर बागेश्वर सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज की छात्र गीतिका पंत व सुशीला मेहंदीरत्ता भंजूराम अमर इंटर कॉलेज भूरारानी ऊधमसिंह नगर ने 500 में से 490 अंक प्राप्त कर प्रदेश की श्रेष्ठा सूची में पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं एसवीएमआईसी आवास विकास ऋषिकेश देहरादून के छात्र आर्यन 500 में से 489 अंक व सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मायापुर हरिद्वार की छात्रा वंशिका ने 500 में से 485 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। इंटरमीडिएट का उत्तीर्ण प्रतिशत 85.11 प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेष्ठी में 41.32 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। शिक्षा बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि हाईस्कूल का पासिंग प्रतिशत 92.10 रहा है। प्रथम श्रेणी में 28.20 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.03 व बालिकाओं का पासिंग प्रतिशत 96.07 रहा है। इंटर में बालकों का 81.93 व बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.09 रहा है।

हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के रिजल्ट में बागेश्वर जिले के बच्चों का दबदबा रहा। शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार हाईस्कूल में बागेश्वर जिले को 96.98 अंक प्राप्त हुए हैं। इंटरमीडिएट में 94.81 अंकों के साथ जिला पहले स्थान पर रहा है। हाईस्कूल में 98.00 अंक प्राप्त कर प्रदेश की श्रेष्ठा सूची में दूसरे स्थान पर रहने वाली छात्रा खैरना जिला नैनीताल की छात्रा भूमिका ने बालिकाओं की श्रेष्ठी सूची में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

**हाई स्कूल का पासिंग प्रतिशत 92.10 इण्टरमीडिएट में 85.11 प्रतिशत छात्र हुए उत्तीर्ण, हाई स्कूल में 88.03 व बालिकाओं का पासिंग प्रतिशत रहा 96.07, इण्टरमीडिएट में बालकों का 81.93 व बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत रहा 88.09 बागेश्वर जनपद के बच्चों का रहा बोर्ड परीक्षा परिणाम में दबदबा**

### टैक्सी डाइवर की होनहार बेटी वंशिका ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर पाया तीसरा स्थान

**देहरादून।** उत्तराखंड बोर्ड की इंटर की परीक्षाओं में हरिद्वार की वंशिका ने भी बाजी मारी है। 97 प्रतिशत अंकों के साथ वंशिका ने प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। हरिद्वार के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मायापुर की छात्रा वंशिका के पिता टैक्सी ड्राइवर है। बेटी की उपलब्धि परिजनों की भावुक कर गई। उत्तराखंड बोर्ड की इंटर की परीक्षाओं में हरिद्वार की वंशिका ने पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान पाकर अपने माता-पिता को गौरवान्वित करने वाला क्षण दिया। वंशिका के पिता टैक्सी ड्राइवर हैं। दिनरात टैक्सी चलाकर वह परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के लिए बीच वंशिका ने कड़ी मेहनत की और प्रदेश में टॉप कर माता-पिता और पूरे परिवार का मान बढ़ाया। शनिवार सुबह उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी होते ही वंशिका के घर में हर्षोउल्लास छा गया। बेटी की उपलब्धि से माता-पिता के चेहरे पर खुशी की चमक आ गई। मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर हरिद्वार की वंशिका ने बड़ी सफलता हासिल की है। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मायापुर हरिद्वार की छात्रा वंशिका ने 97 प्रतिशत अंक के साथ उत्तराखंड बोर्ड इंटर की मेरिट सूची में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है।

# सीएम धामी ने उत्तराखंड बोर्ड के मेधावी छात्रों से की बात



**हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों से दूरभाष पर वार्ता कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हाईस्कूल परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले क्रमशः एम.पी. हिन्दू इंटर कॉलेज, रामनगर (नैनीताल) के अक्षत गोपाल, एस.वी.एम. इंटर कॉलेज, चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी) के इशांत कोठारी, जी.बी. पंत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, खैरना (नैनीताल) की भूमिका तथा विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मंडलसेरा (बागेश्वर) के योगेश जोशी से फोन पर संवाद कर उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाली सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज बागेश्वर की गीतिका पंत, भंजूराम अमर इंटर कॉलेज, भूरारानी (उधमसिंह नगर) की सुशीला मेंदीरत्ता, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, आवास विकास ऋषिकेश के आर्यन तथा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मायापुर (हरिद्वार) की वंशिका से भी दूरभाष पर वार्ता कर उन्हें बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण का परिणाम है। उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों के योगदान की भी सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से ही छात्र-छात्राएं इस प्रकार की सफलता प्राप्त कर पाते हैं। मुख्यमंत्री ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर आगे बढ़ें तथा राज्य एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है तथा मेधावी विद्यार्थियों को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# पुलिस कंट्रोल रूम में वायरलैस सेट न होने पर मंत्री खफा

**महाराज ने किया ऋषिकेश स्थित ट्रांजिट कैंप का औचक निरीक्षण**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**ऋषिकेश।** प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई एवं ग्रामीण निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने चारधाम यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के पंजीकरण को ऋषिकेश स्थित ट्रांजिट कैंप का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

महाराज ने शनिवार को अचानक चारधाम यात्रियों के पंजीकरण के लिए बने ऋषिकेश बस टर्मिनल के समीप स्थित सबसे बड़े ट्रांजिट कैंप और जांच केंद्र पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम में वायरलेस सेट न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल से दूरभाष पर बात कर उन्हें तत्काल वायरलेस सेट मशीन लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां स्थित यात्री विश्राम कैम्पों में जाकर यात्रियों से भी बातचीत की।

महाराज ने कहा कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी वैसे-वैसे यात्रियों की संख्या में भारी इजाफा होगा इसलिए हमें अभी से तैयार रहने की आवश्यकता है। ट्रांजिट कैंप में यात्रियों के खानपान, आराम और स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से अनुरोध करते हुए कहा कि उत्तराखंड देवी-देवताओं की पवित्र भूमि है। इसलिए इस बात का प्राथमिकता से ध्यान रखें कि यात्रा के दौरान कहीं भी प्लास्टिक, कचरा और शोर-शराबा न हो। धामों को साफ-सुथरा रखना ही सबसे बड़ी पूजा है। सेवा कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों, जिला प्रशासन से उन्होंने कहा है कि यात्री हमारे अतिथि हैं इसलिए उनके साथ हमेशा मधुर व्यवहार रखें।

उन्होंने कहा कि जल्दबाजी में सीधे धाम न पहुंचें। हरिद्वार, ऋषिकेश, देवप्रयाग, जोशीमठ आदि स्थानों पर 1 दिन अवश्य रुकें। शरीर को ऊंचाई का आदी होने दें। चारधाम यात्रा हम सबकी साझी जिम्मेदारी है।

# केदारनाथ धाम में उमड़ रहा आस्था का सैलाब

## मात्र चार दिनों में 124782 श्रद्धालुओं ने किए बाबा के दिव्य दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददात**

**रुद्रप्रयाग।** श्री केदारनाथ धाम यात्रा 2026 में श्रद्धालुओं की भारी आस्था देखने को मिल रही है। 22 अप्रैल 2026 को कपाट खुलने के बाद मात्र चार दिनों के भीतर ही रिकॉर्ड 1,24,782 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन कर लिए हैं। यह आंकड़ा न केवल श्रद्धालुओं के उत्साह को दर्शाता है, बल्कि यात्रा व्यवस्थाओं की मजबूती और सुव्यवस्थित संचालन को भी प्रमाणित करता है।

यात्रा के सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं सुदृढ़ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। हैलीपैड, ट्रैक रूट तथा संभावित ट्रैफिक प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासनिक



**जिला प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्थाओं के बीच सुचारू रूप से संचालित हो रही यात्रा**

एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके साथ ही संपूर्ण यात्रा की निगरानी कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार की जा रही है, जिससे हर स्थिति पर त्वरित नियंत्रण रखा जा सके। जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग विशाल मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 4 दिनों से यात्रा सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है और सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह व्यवस्थित हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी टीमें मुस्तैदी से कार्य कर रही हैं। साथ ही, श्री भैरवनाथ जी के कपाट खुलने के साथ ही आज से केदारनाथ धाम में सायंकालीन आरती का शुभारंभ भी किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को एक और आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त होगा। इस दौरान केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने कहा कि केदारनाथ जी के कपाट खुले हुए आज चौथा दिन है और आज भगवान भैरवनाथ जी के कपाट भी खुल गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में केदारनाथ धाम में व्यवस्थाएं बिल्कुल ठीक हैं। प्रत्येक श्रद्धालु को दर्शन का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कुछ अराजक तत्व द्वारा धाम को बदनाम किया जाना बेहद निंदनीय है। केदार सभा के वरिष्ठ सदस्य उमेश चंद्र पोस्ती ने कहा कि बीकेटीसी एवं जिला प्रशासन के नेतृत्व में अब तक एक लाख से अधिक लोगों ने बाबा केदार के दर्शन कर लिए हैं। उन्होंने कहा सोशल मीडिया के माध्यम से कई लोग असत्य और भ्रामक खबरें फैला रहे हैं। उन्होंने देश-विदेश के श्रद्धालुओं से निश्चिंत होकर केदारनाथ धाम आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा मंदिर प्रशासन, जिला प्रशासन, सब मिलकर दिन रात व्यवस्थाओं में जुटा हुआ है। केदारनाथ में किसी तरह की अव्यवस्थाएं नहीं है। मंदिर में दर्शन के लिए यात्रियों के लिए टोकन व्यवस्था की गई है। जिससे जल्दी दर्शन हो रहे हैं। जिला प्रशासन, बदरी केदार मंदिर समिति एवं केदार सभा आदि द्वारा यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं श्रद्धालु-हितैषी बनाने के लिए हर स्तर पर प्रभावी कदम उठाए गए हैं।

# सीएम ने प्रदेशभर से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं



**आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया तथा कई प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में प्रदेशभर से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया तथा कई प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया।

मुख्यमंत्री ने सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आर्थिक सहायता से संबंधित विभिन्न मामलों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि समस्याओं के समाधान में अनावश्यक विलंब न हो तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य शासन-प्रशासन को आमजन के प्रति संवेदनशील, जवाबदेह एवं पारदर्शी बनाना है, ताकि जनता को त्वरित राहत मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसुनवाई सरकार और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है, जिससे न केवल समस्याओं का त्वरित समाधान होता है, बल्कि शासन की कार्यप्रणाली में भी निरंतर सुधार होता है।

इस अवसर पर उत्तराखंड फिल्म टेलीविजन एंड रेडियो एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने राज्य में प्रभावी एवं दूरदर्शी फिल्म नीति लागू किए जाने पर मुख्यमंत्री को अभिनंदन पत्र सौंपते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नई फिल्म नीति से उत्तराखंड फिल्म निर्माण के क्षेत्र में एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है, जिससे स्थानीय कलाकारों, तकनीशियनों एवं युवाओं को नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

जन जागरण अभियान समिति के तत्वाधान में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने राज्य सरकार द्वारा संचालित 15 उत्कृष्ट योजनाओं पर आधारित आकर्षक पोस्टर तैयार कर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किए। छात्राओं ने इन योजनाओं के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को मिल रहे लाभ के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, अपर सचिव जे.सी कांडपाल, अपर आयुक्त गढ़वाल उत्तम सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी मौजूद थे।

# महिला आक्रोश से डरी कांग्रेस के आरक्षण पर दावे असंवैधानिकः भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और कांग्रेस नेताओं पर मातृशक्ति के आक्रोश से डर, महिला आरक्षण को लेकर असंवैधानिक, निरर्थक और हास्यास्पद दावे करने का आरोप लगाया है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने हरीश रावत को आईना दिखाया कि जो 2022 में स्वयं चुनाव लड़ने के लिए महिला टिकट को कटवा चुके हैं उनके मुंह महिला आरक्षण के वादे अच्छे नहीं लगते। जनता ने 60 साल कांग्रेस के ऐसे झूठे वादे सुने और अब संसद में उनका ये महिला विरोधी चेहरा देख भी लिया है। आज जनता निश्चित है कि 2029 में भाजपा ही आएगी और महिलाओं के लिए आरक्षण भी



लाएगी।

उन्होंने मीडिया के माध्यम से जा रही प्रतिक्रिया में कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस नेताओं और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत द्वारा जो भी हास्यास्पद और हवाहवाई दावे किए जा रहे वो मातृ शक्ति के आक्रोश का परिणाम है। दरअसल सच यह है कि जिस तरह संसद के अंदर संपूर्ण विपक्ष द्वारा देश की आधी आबादी को उसके अधिकारों से वंचित किया गया, जनता

**घोषित महिला प्रत्याशी का टिकट कटवा चुनाव लड़ने वाले आरक्षण पर कर रहे हैं वादे**

विशेषकर महिलाएं बेहद गुस्से में है। यही वजह है कि कांग्रेस विधानसभा के स्तर से महिला आरक्षण लागू करने के संवैधानिक, निरर्थक और भ्रामक वादे कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के बीच जो झूठ परोस रही है, उससे वो अपने कार्यकर्ताओं का ध्यान तो भटका सकती है लेकिन प्रदेश की बुद्धिमान जनता को नहीं भटका सकती है। उन्होंने हरदा को महिला प्रत्याशियों के टिकट कटने का इतिहास याद दिलाते हुए कहा कि 2022 में हरीश रावत ने लालकुआं सीट पर चुनाव लड़ा, वो भी पार्टी द्वारा एक महिला प्रत्याशी का घोषित टिकट कटने के बाद। प्रदेश की महिलाओं ने उसी समय उनकी महिला विरोधी सोच को पहचान कर चुनाव में पराजित किया था। इतना ही नहीं, एक दूसरी सीट पर भी महिला की दावेदारी भी इनके पक्ष में खारिज की गई, वह बात और है कि वहां से उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा। ऐसे में जनता अच्छी तरह से जानती है कि उनका और कांग्रेस का महिला आरक्षण की बात करना केवल पाखंड है। वहीं उन्होंने स्पष्ट किया कि विधानसभा स्तर पर आरक्षण लागू करना संवैधानिक रूप से संभव ही नहीं है। कांग्रेस नेता जनता को यह कहकर गुमराह कर रहे हैं कि वे इसे राज्य स्तर पर लागू करेंगे, जबकि यह अधिकार संसद के अधीन है।

# भकुंट भैरवनाथ मंदिर के कपाट खुले केदारनाथ में शुरू हुई नित्य आरतियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्वप्रसिद्ध केदारनाथ धाम में कपाट खुलने के बाद पहले शनिवार को धाम स्थित भकुंट भैरव नाथ मंदिर के कपाट भी विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में तीर्थयात्री उपस्थित रहे और जयकारों के साथ दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। शनिवार दोपहर मंदिर के पुजारी टी. गंगाधर लिंग, बदरी-केदार मंदिर समिति एवं केदार सभा के पदाधिकारियों की उपस्थिति में हवन, यज्ञ और विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न की गई। इसके उपरांत भैरवनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस अवसर पर बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी भी मौजूद रहे।

उन्होंने देश-विदेश से आए तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केदारनाथ धाम के रक्षक देवता भैरवनाथ के कपाट खुलने के साथ ही अब भगवान केदारनाथ की नित्य पूजा एवं आरतियों का क्रम नियमित रूप से प्रारंभ हो जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भकुंट भैरव नाथ को केदारनाथ धाम का रक्षक देवता माना जाता है। शीतकाल में जब केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद रहते हैं, तब पूरे क्षेत्र की रक्षा का दायित्व भैरवनाथ जी पर ही होता है। यही कारण है कि केदारनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालु भैरवनाथ मंदिर के दर्शन को विशेष महत्व देते हैं।

# पहाड़ में लौटती उम्मीदः आधुनिक कृषि से बागेश्वर में रुक रहा पलायन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बागेश्वर।** उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में लंबे समय से पलायन एक बड़ी चुनौती रहा है, लेकिन बागेश्वर जनपद में अब यह प्रवृत्ति सकारात्मक दिशा में बदलती दिखाई दे रही है। "रिवर्स माइग्रेशन" के माध्यम से युवा और किसान अपने गांवों की ओर लौटकर आधुनिक तकनीकों के साथ आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश कर रहे हैं।

जनपद में विभिन्न योजनाओं से जुड़े सैकड़ों युवाओं ने स्वरोजगार के क्षेत्र में कदम बढ़ाए हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंड़े के लगातार प्रयासों के चलते जनपद में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, विभागीय योजनाओं एवं प्रशिक्षण से जोड़ने



**रिवर्स माइग्रेशन और आधुनिक कृषि से बदल रही उत्तराखंड के सुदूर जनपद बागेश्वर की तस्वीर**

का कार्य प्रभावी ढंग से किया गया है। उद्यान, कृषि एवं मत्स्य विभाग के समन्वित प्रयासों से किसानों को 80 से 90 प्रतिशत तक अनुदान पर पॉलीहाउस, आधुनिक उपकरण एवं तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप सलीगांव के मनोज कोरंगा जैसे युवाओं ने एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाकर 3 पॉलीहाउस, 3 मत्स्य तालाब एवं खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित की है, जिससे वे प्रतिवर्ष 3 से 4 लाख रुपये की आय अर्जित कर रहे हैं तथा 4-5 स्थानीय लोगों को रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं। इसी क्रम में गरुड़ ब्लॉक के चंद्रशेखर पांडे द्वारा लगभग 2 हेक्टेयर भूमि पर जैविक एवं औषधीय खेती करते हुए तुलसी, लेमनग्रास, अश्वगंधा एवं रोजमेरी जैसे उत्पाद उगाए जा रहे हैं। 'हिम नेचुरल' ब्रांड के माध्यम से वे इनका विपणन कर 7 से 8 लाख रुपये की वार्षिक आय अर्जित कर रहे हैं। वहीं किसान दान सिंह द्वारा 'आत्मा योजना' एवं 'आरकेवीवाई' के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर वर्मी कंपोस्ट, लाइन बुवाई एवं आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग करते हुए उत्पादन में 30-40 प्रतिशत तक वृद्धि तथा लागत में उल्लेखनीय कमी लाई गई है।

महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

मन्यूड़ा गांव की हंसी शाह ने 38 नाली भूमि पर वैज्ञानिक खेती को अपनाते हुए मोटे अनाज एवं सब्जियों का उत्पादन शुरू किया है। उन्हें कृषि विभाग द्वारा 80 प्रतिशत अनुदान पर उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे उनकी वार्षिक आय 4 से 5 लाख रुपये तक पहुंच गई है। वर्तमान में वे 40 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण एवं प्रेरणा देकर उन्हें भी स्वरोजगार से जोड़ रही हैं।

### कीवी उत्पादन भी तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र बनकर आया सामने



जनपद में कीवी उत्पादन भी तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र बनकर सामने आया है। वर्ष 2022-23 से पूर्व जहां कीवी का क्षेत्रफल मात्र 5-8 हेक्टेयर था, वह अब बढ़कर लगभग 80 हेक्टेयर हो गया है। वर्तमान में 15 हेक्टेयर क्षेत्र में फल उत्पादन हो रहा है, जिससे कुल उत्पादन 100-110 क्विंटल से बढ़कर 1100 क्विंटल से अधिक हो गया है। इस क्षेत्र से जुड़े किसानों की संख्या 40-50 से बढ़कर 350 से अधिक हो चुकी है, जिससे कुल आय 13-14 लाख रुपये से बढ़कर 1.5 से 1.7 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। इसके साथ ही 'कुटकी' जैसी जड़ी-बूटी की खेती 46 हेक्टेयर क्षेत्र में 350 महिलाओं द्वारा की जा रही है, जिससे लगभग 70 लाख रुपये की आय अर्जित हुई है।

# व्यवस्थाओं को लेकर सीडीओ ने रात में मारा छापा

**चारधाम यात्रा 2026**

## यात्रा मार्गों में शौचालय, पेयजल और रहने व खाने की व्यवस्थाओं को देखा



■ श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए यात्रा में जुटे अधिकारी-कर्मचारियों को दिए निर्देश, चार दिन में एक लाख श्रद्धालुओं ने किया केदारनाथ धाम का रुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में इस वर्ष यात्रा ने शुरुआत से ही रिकॉर्ड रफ्तार पकड़ ली है। महज चार दिनों के भीतर ही धाम पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या एक लाख के पार पहुंच गई है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे पूरे यात्रा मार्ग पर उत्साह और रौनक देखने को मिल रही है। तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय और सतर्क नजर आ रहा है।

प्रशासनिक टीमें सुबह से लेकर देर रात तक यात्रा व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने में जुटी हुई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

डीएम विशाल मिश्रा जहां केदारनाथ धाम में यात्रा व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं, वहीं सीडीओ भी रुद्रप्रयाग से सोनप्रयाग तक यात्रा व्यवस्थाओं को जुटाने में लगे हैं। वे भी सुबह से देर रात तक यात्रा मार्गों का जायजा ले रहे हैं।

मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र रावत ने रुद्रप्रयाग से फाटा तक केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने यात्रा मार्ग पर शौचालय, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्रियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनका हालचाल जाना और यात्रा संबंधी सुझाव भी प्राप्त किए।

सीडीओ ने नारायणकोटी सहित विभिन्न स्थानों पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण एवं सुधार कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही गुप्तकाशी, फाटा एवं अन्य प्रमुख पड़ावों पर शौचालयों की साफ-सफाई व्यवस्था को हर समय दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश भी दिए। तीर्थयात्रियों ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए बताया कि हाईवे के चौड़ीकरण से जाम की समस्या में काफी राहत मिली है। वहीं, शौचालयों में सफाई व्यवस्था बेहतर है और होटल, लॉज व ढाबों में भोजन एवं ठहरने की सुविधाएं भी संतोषजनक हैं।

मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र रावत ने कहा कि देश-विदेश से आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए पुलिस, आईटीबीपी, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ तथा वाईएमएफ के जवान निरंतर सेवाओं में तैनात हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य, पेयजल और पशुपालन विभाग भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तत्परता से कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि चार दिनों में एक लाख श्रद्धालुओं का आंकड़ा पार होना इस बात का प्रमाण है कि प्रशासन द्वारा यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर किए गए प्रयास प्रभावी साबित हो रहे हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक श्रद्धालु सुरक्षित, सुव्यवस्थित और संतोषजनक यात्रा अनुभव के साथ अपने गंतव्य तक पहुंचे। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा भी निरीक्षण टीम के साथ मौजूद रहे।

## नौ मई को रुद्रप्रयाग में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी नौ मई को प्रात: दस बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत जिला न्यायालय परिसर रुद्रप्रयाग एवं बाह्य न्यायालय उखीमठ में आयोजित होगी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रुद्रप्रयाग की सचिव श्रीमती पायल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न प्रकार के वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित, सुलभ एवं नि:शुल्क निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 एन.आई. एक्ट (चेक बाउंस) से संबंधित मामले, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, दीवानी वाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली एवं पानी से जुड़े वाद (अशमनीय वादों को छोड़कर), वेतन, भत्ते एवं सेवा निवृत्ति लाभ, राजस्व व अन्य दीवानी मामले जैसे किराया, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा एवं विनीर्दिष्ट अनुतोष से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विचाराधीन वादों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन मामलों का भी आपसी समझौते के आधार पर निपटारा किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनसामान्य से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाएं तथा अपने मामलों का शीघ्र, सरल और नि:शुल्क निस्तारण कराएं।

# केदारनाथ यात्रा में पेयजल व्यवस्था पर सख्त पहरा, लापरवाही पर सीधे कार्रवाई



■ अधीक्षण अभियंता ने पैदल मार्ग और धाम क्षेत्र की पेयजल व्यवस्थाओं का लिया गहन जायजा,

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को निर्बाध और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल संस्थान पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। गौरीकुंड से केदारपुरी तक व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने को लेकर अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी ने चार दिवसीय विस्तृत स्थलीय निरीक्षण कर पैदल मार्ग एवं धाम क्षेत्र की पेयजल व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पेयजल योजनाओं, जल स्रोतों की उपलब्धता, पाइप लाइनों की कार्यक्षमता और वितरण प्रणाली की सूक्ष्म समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रा अवधि में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पाइप लाइनों में लीकेज, अवरोध एवं तकनीकी खामियों को तत्काल दूर किया जाए तथा जल स्रोतों से संबंधित मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त जल भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में पेयजल आपूर्ति बाधित न हो।

अधीक्षण अभियंता ने कहा कि केदारनाथ यात्रा केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि प्रशासनिक दृष्टि से भी एक बड़ी चुनौती है, ऐसे में सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय और सतत मॉनिटरिंग आवश्यक है। उन्होंने कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर फील्ड में रहकर व्यवस्थाओं पर नजर रखने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान केदारपुरी क्षेत्र में जल वितरण प्रणाली की भी समीक्षा की गई तथा तैनात कर्मचारियों से संवाद कर जमीनी स्तर की समस्याओं की जानकारी ली गई।

अधीक्षण अभियंता ने दो टूक कहा कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

सहायक अभियंता वीरेन्द्र भंडारी ने अवगत कराया कि गौरीकुंडदृकेदारनाथ पैदल मार्ग पर 60 जल स्तम्भ, 6 जल टंकियां, 40 से अधिक पशु चरहिया, 13 पशुओं हेतु गर्म गीजर स्तम्भ, 6 सतत गर्म गीजर संयंत्र तथा 12 वाटर मशीनों की व्यवस्था की गई है। साथ ही प्रत्येक स्थान पर नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

## पुरोला में अतिक्रमण पर प्रशासन बेअसर नोटिस के बावजूद जारी रहा निर्माण

■ पालिका ने एसडीएम पुरोला को लिखा खत, संयुक्त समिति गठित करने मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला (उत्तरकाशी)।** पुरोला नगरपालिका में अवैध अतिक्रमण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक मार्ग पर किए गए कब्जे को हटाने के लिए नोटिस जारी करने के बावजूद निर्माण कार्य नहीं रुका, बल्कि दूसरी मंजिल तक पहुंच गया। इससे प्रशासनिक कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

पालिका ने अब उपजिलाधिकारी को पत्र लिखकर संयुक्त समिति बनाने की मांग की है, जिसमें तहसीलदार, थानाध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी को शामिल करने का प्रस्ताव है। बता दें कि पुरोला नगरपालिका के वार्ड नंबर 05 में सार्वजनिक मार्ग पर किए गए अतिक्रमण को लेकर नगर पालिका की कार्यवाही सवालों के घेरे में आ गई है। नगर पालिका द्वारा रास्ते की सुरक्षा के लिए कराए गए सुरक्षात्मक कार्य पर ही अवैध कब्जा कर निर्माण कर दिया गया, जिस पर पालिका ने सख्ती दिखाते हुए अतिक्रमणकारी को तीन दिन के भीतर कब्जा हटाने का नोटिस जारी किया था। स्थानीय लोगों में भी इस मामले को लेकर नाराजगी है और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में कब तक ठोस कार्रवाई कर अवैध अतिक्रमण को हटाता है या फिर यह मामला भी कागजों तक ही सीमित रह जाएगा। नगरपालिका पुरोला का पत्र प्राप्त हुआ है इस में संयुक्त समिति का गठन किया गया है। जल्द नियम अनुसार जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।।

**एक नजर .......**

## पंचायतों के अधिकार छीन रही सरकार : विकास नेगी

**कोटद्वार।** यमकेश्वर ब्लॉक के पोखरी गांव में पंचायत दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी कोटद्वार के जिलाध्यक्ष विकास नेगी ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर जनसंवाद किया और ग्राम विकास, मनरेगा तथा पंचायतों के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई मनरेगा योजना की ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों के रोजगार, सम्मान और आत्मनिर्भरता की गारंटी है। इसने गांवों में काम, पानी, सड़क और आजीविका का मजबूत आधार तैयार किया है। उन्होंने वर्तमान भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आज मनरेगा की आत्मा पर चोट की जा रही है। ग्रामीणों का काम पाने का अधिकार कमजोर किया जा रहा है, मजदूरी की गारंटी खत्म हो रही है और ग्राम पंचायतों के अधिकारों को छीनकर ठेकेदारी व्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह सीधा-सीधा गांव, गरीब और पंचायत व्यवस्था पर हमला है। कहा कि कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएगी और ग्रामीणों के हक, रोजगार और पंचायतों की ताकत को बचाने के लिए संघर्ष करती रहेगी। आने वाला समय बदलाव का है और जनता इसका जवाब जरूर देगी। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनके समाधान के लिए कांग्रेस पार्टी ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन लाल, जिला पंचायत प्रकोष्ट जिला संयोजक रूपेंद्र सिंह नेगी, ग्राम प्रधान पोखरी राजपाल, सुरेश चंद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## उत्तरकाशी : बोर्ड परीक्षा के टॉप-10 में जिले के तीन मेधावियों ने बनाया अपना स्थान, डीएम ने दी बधाई

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड बोर्ड के हाईस्कूल के परीक्षा परिणामों में जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं नेता शानदार प्रदर्शन करते हुए कीर्तिमान स्थापित किया है। जनपद के बोर्ड परीक्षा की वरीयता सूची में टॉप-10 में जिले के तीन मेधावियों ने अपना स्थान बनाया है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कठिन मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रदर्शित करती है। शनिवार को उत्तराखंड बोर्ड द्वारा जारी हाईस्कूल के परिणाम में जनपद से इशांत कोठारी द्वारा 500 में से 490 अंकों के साथ राज्य में दूसरा स्थान, प्रांजल सिंह द्वारा 484/500 अंकों के साथ 5 वां स्थान और रानी द्वारा 483/500 अंकों के साथ 6वां स्थान प्राप्त किया। वहीं जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने मेधावियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपनी लगन और निरंतर प्रयास से वे आगे भी निरंतर सफलता प्राप्त करें और जिले का नाम रोशन करते रहें।

## पुरोला टैक्सी चालक की बेटी आरुषि ने बढ़ाया जिले का गौरव

**पुरोला/उत्तरकाशी।** सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने की मिसाल पेश की है पुरोला की होनहार छात्रा आरुषि चौहान ने। हाईस्कूल परीक्षा में 92.80% अंक हासिल कर आरुषि ने राज्य में 24वीं रैंक प्राप्त की है, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। आरुषि के पिता गजेंद्र चौहान एक साधारण टैक्सी चालक हैं, जबकि माता रीता देवी गृहणी हैं। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद बेटी की इस सफलता ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और हौसले के आगे हालात भी झुक जाते हैं। आरुषि वर्तमान में सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कॉलेज, पुरोला की छात्रा है और भविष्य में मेडिकल फील्ड में जाकर समाज सेवा करना चाहती है।

### विद्यालय का शानदार प्रदर्शन

इस वर्ष विद्यालय के 91 छात्रों ने हाईस्कूल परीक्षा में प्रतिभाग किया, जिनमें से 89 छात्र सफल रहे, यानी 97.8% परिणाम दर्ज किया गया। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में 84 छात्रों ने प्रतिभाग किया और 100% परिणाम हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय परिवार ने इस सफलता का श्रेय छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। आरुषि की यह सफलता आज हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने का हौसला रखते हैं।

## चिन्यालीसौड़ में छात्रों ने लहराया सफलता का परचम, द्रोणाचार्य के सितारे चमके

**चिन्यालीसौड़।** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, शक्तिपुरम चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी) के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र इशांत कोठारी ने प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सभी को गौरवान्वित किया। वहीं प्रांजल सिंह ने आठवीं, आयुषी उनियाल ने बारहवीं, राहुल सिंह एवं समीक्षा ने संयुक्त रूप से चौदहवीं, अंजली ने अठारहवीं तथा परमेंद्र सिंह ने बीसवीं रैंक हासिल की। इंटरमीडिएट वर्ग में भैया सुभाष ने 23वीं रैंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी उल्लेखनीय रहा। हाईस्कूल में 100 प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट में 98 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया गया, जो संस्था की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य एन.एल. बंगवाल, जिन्हें उनके उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए 'द्रोणाचार्य' की उपाधि से सम्मानित किया गया है, के मार्गदर्शन और शिक्षकों के अथक परिश्रम का ही परिणाम है कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और नैतिक मूल्यों का भी केंद्र बन चुका है। विद्यालय परिवार की इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। यह सफलता न केवल विद्यालय बल्कि पूरे उत्तरकाशी जनपद के लिए गर्व का विषय बनी हुई है।

# नवयुग पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** पृथ्वी दिवस सप्ताह के अवसर पर नवयुग पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एक प्रेरणादायक शैक्षिक फील्ड विजिट के तहत स्थानीय नर्सरी का भ्रमण किया।

इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण एवं वनस्पति विज्ञान के व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना था। इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न प्रकार के पौधों को नजदीक से देखा और उनके महत्व को समझा।

कार्यक्रम के दौरान वनस्पति विज्ञान के विशेषज्ञ अविनाश रावत एवं विज्ञान शिक्षिका पूनम गौनियाल ने छात्रों को बोन्साई कला, औषधीय पौधों तथा सजावटी पौधों की विशेषताओं और उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार ये पौधे न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि मानव जीवन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छात्रों ने उत्सुकता के साथ प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

इसके साथ ही नर्सरी में मृदा परीक्षण की प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें छात्रों को मिट्टी की गुणवत्ता, उसकी उर्वरता तथा पौधों की वृद्धि में उसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। इस प्रयोगात्मक ज्ञान ने छात्रों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को और अधिक मजबूत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम नेगी ने छात्रों को संबोधित करते हुए पृथ्वी दिवस सप्ताह की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है और प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझे।

उन्होंने छात्रों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का संदेश दिया। विद्यालय की प्रशासिका अर्पिता नेगी ने बताया कि नवयुग पब्लिक स्कूल सदैव छात्रों के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

विद्यालय समय-समय पर इस प्रकार की शैक्षिक एवं जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन करता रहता है, जिससे छात्रों में व्यवहारिक ज्ञान, सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित हो सके।

इस फील्ड विजिट के अंत में छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और भविष्य में प्रकृति की रक्षा हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का वचन दिया। यह कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि छात्रों के लिए एक प्रेरणास्रोत भी बना।

# गंगोत्री यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद, रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश

■ सुखी टॉप में फंसे यात्रियों की अधिकारियों ने की मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री धाम यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों की सुविधा और सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

हर्षिल से गंगोत्री धाम तक के मार्ग के लिए तैनात नोडल अधिकारी, मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ.रजनीश सिंह ने शनिवार को विभिन्न पड़ावों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान डॉ. रजनीश सिंह ने यात्रा मार्ग पर स्थित होटल, ढाबों और होम-स्टे संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से चस्पा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यात्रियों से किसी भी वस्तु या सेवा के लिए निर्धारित दर से अधिक वसूली न की जाए। उन्होंने संचालकों को स्वच्छता बनाए रखने और यात्रियों के साथ शालीन व्यवहार करने की भी हिदायत दी।

वहीं उपजिलाधिकारी डुंडा देवानंद शर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में राजस्व उप निरीक्षक बडेथी और वन क्षेत्र अधिकारी धरासू रेंज ने चिन्यालीसौड़ आदि ऑल वेदर सड़क पर विभिन्न होटल दावों का निरीक्षण कर रेट लिस्ट चप्पा करने के निर्देश दिये है।

### अधिकारियों ने पेश की मानवता की मिसाल

निरीक्षण के दौरान सुखी टॉप के समीप महाराष्ट्र से आए तीर्थयात्रियों का वाहन अचानक तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गया। बीच रास्ते में फंसे यात्रियों की परेशानी देख वहां से गुजर रहे मुख्य उद्यान अधिकारी ने तत्परता दिखाई। उन्होंने बिना समय गंवाए परेशान यात्रियों को अपने सरकारी वाहन में बैठाया और सुरक्षित हर्षिल तक पहुंचाया। हर्षिल से प्रशासन द्वारा यात्रियों को गंगोत्री धाम के लिए रवाना किया गया। समय पर मिली इस मदद के लिए महाराष्ट्र से आए यात्रियों ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## महाविद्यालय बड़कोट में साहित्यिक उमंग: विभागीय परिषद का गठन

**बड़कोट/उत्तरकाशी।** बड़कोट स्थित राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय में हिंदी विभाग के तत्वावधान में 25 अप्रैल 2026 को विभागीय परिषद का विधिवत गठन किया गया। इस अवसर को साहित्यिक रंग देने के लिए कविता-पाठ एवं कहानी-वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बी.ए. के विभिन्न सेमेस्टर के विद्यार्थियोंख्रअंशिका, रजिया, निकिता, सौम्या, सचिन, अनुसूया, सोनी, दिपेंद्र रावत, सुजल शाह, कंचन, आईषा और मिलन सहित कई प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रस्तुतियों में भाषा की सरलता, भावों की गहराई और अभिव्यक्ति की परिपक्वता का सुंदर समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान हिंदी विभाग के प्राध्यापक डी. पी. गैरोला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए साहित्य और हिंदी भाषा की समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसी साहित्यिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों की सृजनात्मकता को निखारने के साथ-साथ उनके ज्ञान-विस्तार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार वितरित किया गया है।

## परिश्रम, लगन और निष्ठा ही जीवन में सफलता की कुंजी: राजपूत

**कीर्तिनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर स्थित स्वर्गीय राजेन्द्र सिंह रावत राजकीय इंटर कॉलेज मंजाकोट में आयोजित कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों और शिक्षाविदों ने छात्र-छात्राओं को सफलता के महत्वपूर्ण सूत्र बताए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी मंजू राजपूत ने कहा कि जीवन में सफलता का मूल मंत्र कड़ी मेहनत, लगन और स्पष्ट लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सपने केवल सोते समय नहीं, बल्कि जागते हुए देखने चाहिए और उन्हें पूरा करने के लिए जरूरी प्रयासों को भी समझना होगा। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को प्रेरित किया कि असफलताओं से घबराने के बजाय उनसे सीख लेकर अपने लक्ष्य पर अडिग रहना चाहिए। सफलता आत्मविश्वास और दृढ़ निश्चय से ही प्राप्त होती है। इस अवसर पर तहसीलदार डॉ. प्रदीप कण्डारी ने कहा कि जीवन में कुछ भी हासिल करना असंभव नहीं है, बशर्ते व्यक्ति निरंतर सीखता रहे और मानसिक व शारीरिक रूप से स्वयं को विकसित करे। उन्होंने कहा कि जिन छात्रों में अनुशासन, ज्ञान और आत्मविश्वास का समन्वय होता है, सफलता स्वयं उनके पास आती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद तिवारी ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों उपजिलाधिकारी मंजू राजपूत, तहसीलदार डॉ. प्रदीप कण्डारी तथा रेडियो कार्यक्रम में सम्मिलित सदस्य अमृता बहुगुणा और सीमा कपर्वाण के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये सभी व्यक्तित्व समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने में इनकी भूमिका सराहनीय है।

# मलेरिया से बचाव व रोकथाम को लेकर किया जागरूक



■ विश्व मलेरिया दिवस पर गोष्ठी का किया आयोजन, मलेरिया से बचाव के उपायों की दी जानकारी,

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में विश्व मलेरिया दिवस पर अगस्त्यमुनि ब्लाक के दूरस्थ इंटर कॉलेज द्वारीधार में गोष्ठी का आयोजन कर मलेरिया के लक्षण व उससे बचाव के बारे में जानकारी दी गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम प्रकाश के निर्देशन में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा इंटर कालेज द्वारीधार में जागरूकता गोष्ठी व किशोर स्वास्थ्य सत्र का आयोजन किया गया। जागरूकता गोष्ठी में ऐपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. शाकिब हुसैन ने कहा कि मलेरिया का मच्छर साफ पानी में ठहरता है, लिहाजा मलेरिया से बचाव के दृष्टिगत घरों के आसपास पानी जमा न होने दें। उन्होंने पानी से भरे गड्ढों को मिट्टी से भरने, पानी के बर्तन व टंकी को ढक कर रखने, नालियों में पानी न रुकने देने, नियमित सफाई करने, दरवाजों में जाली का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ठंड के साथ बुखार आना, सिरदर्द होना, जी मिचलाना, कमजोरी महसूस होना, भूख न लगना आदि मलेरिया बुखार के लक्षण हैं। उन्होंने मलेरिया के लक्षण प्रतीत होने पर संबंधित व्यक्ति को तत्काल निकटतम चिकित्सा केंद्र में संपर्क करने की अपील की।

प्रधानाचार्य महिपाल सिंह नेगी द्वारा दूरस्थ विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजन की विभागीय पहल की सराहना की।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को मलेरिया रोकथाम के लिए गोष्ठी में बताए गए उपयों पर अमल करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को मलेरिया रोग से बचाव से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए।

गोष्ठी के उपरांत विद्यालय में किशोर स्वास्थ्य सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें काउंसलर आरकेएसके विपिन सेमवाल द्वारा अनीमिया से बचाव, किशोर स्वास्थ्य व माहवारी स्वच्छता को लेकर जानकारी दी गई। सोशल वर्कर एनटीसीपी दिगपाल कंडारी व आईईसी समन्वयक हरेंद्र सिंह नेगी द्वारा तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

## गोशाला में वित्तीय अनियमितताओं की जांच की मांग

■ पार्षद संदीप रावत ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम के वार्ड नम्बर 40 के पार्षद संदीप रावत ने नगर निगम की गौशाला में वित्तीय अनियमितताओं, पशु क्रूरता, अभिलेखीय हेरफेर एवं अवैध गतिविधियों किए जाने के आरोप लगाएं है। इस संदर्भ में उन्होने जिलाधिकारी गढ़वाल को ज्ञापन सौंपते हुए मामले का संज्ञान लेते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

डीएम पौड़ी को भेजे ज्ञापन में पार्षद संदीप रावत ने कहा कि नगर निगम श्रीनगर के अंतर्गत स्थापित लगभग 5.30 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नई गौशाला में निरीक्षण के दौरान 169 गोवंश मौके पर पाए गए, जबकि कर्मचारियों द्वारा 202 गोवंश होने का दावा किया गया। बताया कि डॉक्टरों के रिपोर्ट के अनुसार अभी तक कुल 423 टैग उक्त तिथि तक सभी गोवंशों को लग चुके हैं। जब इसका जवाब पुछा गया तो नगर निगम प्रशासन इसका जवाब नहीं दे पाया। साथ ही गौशाला में भोजना की व्यवस्था भी अत्यंत खराब है। बताया कि गौवंशों की मृत्यु अभिलेखों में गंभीर अनियमितता पाई गई। मात्र 17 गोवंशों का मृत्यु पंचनामा प्रस्तुत किया गया, जबकि एक रजिस्टर छुपा कर रखा गया था जिसमें एक माह में 25-30 गोवंशों की मृत्यु को दर्शाया गया है। उन्होने इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच तत्काल प्रभाव से करावाएं जाने मांग की है।

# सरस्वती विद्या मंदिर कॉलेज का हाई स्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** उत्तराखंड बोर्ड हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डाकपत्थर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुसूया प्रसाद जखमोला ने बताया कि इंटरमीडिएट परीक्षा में इस बार 91 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुई थे जिनमें से 60 बच्चों की फर्स्ट डिवीजन और 25 बच्चे ऑनर के साथ उत्तीर्ण हुए जबकि हाई स्कूल में कुल 72 बच्चे सम्मिलित हुई थे जिनमें से 52 बच्चों ने फर्स्ट डिवीजन और 15 बच्चों के ओनर के साथ उत्पन्न हुए .प्रधानाचार्य ने बताया कि इंटरमीडिएट परीक्षा में वेदिका चौहान ने सर्वाधिक 87.6 प्रतिशत के साथ विद्यालय को टॉप किया है जबकि हाई स्कूल परीक्षा में आयुषी राणा ने 85.6 प्रतिशत के साथ टॉप किया।



### इंटर का 90 प्रतिशत और हाईस्कूल का 88 प्रतिशत रहा

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर का उत्तराखंड परिषदीय परीक्षा 2026 में इंटरमीडिएट परीक्षा फल 90 प्रतिशत तथा हाईस्कूल परीक्षा फल 88 प्रतिशत रहा जिसमें इंटरमीडिएट की वरीयता सूची में शिवम् जोशी (93.2 प्रतिशत) तथा उर्वशी (93.2 प्रतिशत) ने 21वाँ स्थान प्राप्त किया तथा विद्यालय में तुषार चौहान (90.2 प्रतिशत) द्वितीय तनीषा चौहान (90 प्रतिशत) तृतीय स्थान पर रहे। हाईस्कूल में दिव्यांशु (91 प्रतिशत) प्रथम सतीश (87 प्रतिशत) द्वितीय सार्थक (85 प्रतिशत) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट ने परिषदीय परीक्षा की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले तथा उत्तीर्ण होने वाले विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

### पाठशाला ट्यूशन पॉइंट के छात्रों ने परचम लहराया

विकासनगर। पाठशाला ट्यूशन पॉइंट के उत्तराखंड बोर्ड के कक्षा 10वी एवं 12वी का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा। संस्थापक अमित सैनी ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनकी आगे की पढ़ाई के लिए शुभकामनाएं एवं अपना स्नेह भरा आशीर्वाद दिया। कक्षा 12वी की छात्रा इशिका सैनी ने 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये वहीं सभी छात्रों ने भी बहुत अच्छा प्रदर्शन कर अपने माता-पिता अपने गुरुओं का नाम रोशन किया। उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने से शहर में चारो ओर खुशी का वातावरण नजर आया। स्कूली छात्र पास होने पर एक दूसरे को बधाई देते हुए चारो ओर नजर आये।

## कैंट इंटर कॉलेज चकराता के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** छावनी क्षेत्र स्थित कैंट इंटर कॉलेज चकराता का इस वर्ष हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय में खुशी का माहौल है।

कक्षा 12वीं में कुल 32 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें से 30 छात्रों ने प्रथम श्रेणी तथा 2 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। वहीं कक्षा 10वीं में 30 छात्रों में से 22 छात्रों ने प्रथम श्रेणी और 8 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य वेद प्रकाश ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए इस सफलता का श्रेय शिक्षकों की कड़ी मेहनत को दिया। छावनी परिषद चकराता के सीईओ रिपुदमन सिंह ने भी विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं और आगामी वर्षों में भी इसी तरह बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई।

## महर्षि अरविंद घोष इंटर कालेज के छात्रों ने किया उत्कृष्ठ प्रदर्शन

**विकासनगर।** महर्षि अरविंद घोष इंटर कालेज डाकपत्थर का इंटरमीडिएट और हाईस्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट में 60 छात्र छात्राएं और हाईस्कूल में 39 छात्र छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। परिषदीय परीक्षा 2026 में महर्षि अरविंद घोष इंटर कालेज डाकपत्थर के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। विद्यालय का इंटरमीडिएट का परीक्षाफल 97 प्रतिशत रहा। 60 छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी में तथा 34 छात्र छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। आशीष चौहान 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे। हाईस्कूल का परीक्षाफल 98 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल बोर्ड परीक्ष में 15 छात्र छात्राएं 75 प्रतिशत से अधिक, 39 छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी, 34 छात्र छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। आयुष थापा ने 86.4 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहा। विद्यालय के प्रबंधक एमएस रौथाण एवं प्रबंध समिति व प्रधानाचार्य अरूण डबराल ने छात्र छात्राओं को अच्छे अंको से उत्तीर्ण होने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर भरत सिंह चौहान, कुंवर सिंह राय, शूरवीर सिंह तोमर, एकता, सरिता सैनी, शीतल शर्मा आदि अध्यापक और अध्यापिका मौजूद रही।

## मिस्बाह ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया

**विकासनगर।** आशाराम वैदिक इंटर कॉलेज विकास नगर का बोर्ड परीक्षा फल- 2026 उत्तम रहा है। कक्षा 10 का बोर्ड परीक्षा फल 100 प्रतिशत तथा कक्षा 12 का बोर्ड परीक्षा फल 94 प्रतिशत रहा है। कक्षा 12 मे उत्तीर्ण 198 विद्यार्थियों में से 103 प्रथम श्रेणी से और 95 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। हाई स्कूल परीक्षा में ऋषिपाल चौहान पुत्र ध्यान सिंह चौहान ने विद्यालय में सर्वाधिक 403/500 अंक प्राप्त किए हैं, तथा इंटरमीडिएट परीक्षा में मिस्बाह पुत्री मोहम्मद नवाब ने सर्वाधिक 423/500 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

# सेपियंस विद्यालय मे दो दिवसीय स्टेकेसन कैम्प का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस विद्यालय विकास नगर में 24 से 25 अप्रैल तक, एक दिवसीय 'स्टेकेसन कैम्प' का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा पांचवीं सेकक्षा सातवीं तक लगभग 121 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस कैंप को विभिन्न सत्रों में बांटा गया जिसमें जल्दी उठना, जल्दी सोना, जल चिकित्सा, ब्रश करना, नहाना, स्वच्छता, साइबर सुरक्षा, फोन के खतरे, विज्ञान प्रयोग, विभिन्न खेल गतिविधियाँ, गणित संबंधी गति. विधियां, पर्यावरण संबंधी तथ्य, मजेदार पहेलियाँ, नाटक, नकल करना, एकल नृत्य, स्टैंड अप कॉमेडी, डीजे नाइट, मूवी शो, दूरबीन के साथ तारों को देखना, योग और ध्यान अभ्यास तथा अन्य मनोरंजन सत्रों का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी सपरा तथा सेक्रेटरी महोदय रवि कांत सपरा द्वारा विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर अग्रसर रहने, समय के सदुपयोग, लक्ष्य को निर्धारित कर चलना तथा समाज के एवं सभी के प्रति सद्भावना रखना आदि संदेशों के माध्यम से शुभकामनाएं प्रदान कीं। दो दिवसीय इस कैंप के संच. ालन में सुमालती उनियाल के साथ अध्यापिका मानसी पाल, संगीता शर्मा, वेदांशी, सिमरन, अनिल, संजय, रजनी, दीपिका, काजल, स्वीकृति, अंजली आदि मौजूद रहे।

# शिवालिक कालेज के छात्रों ने पृथ्वी जागरूकता सप्ताह पर निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** पृथ्वी जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत समापन दिवस पर विद्यालय में विभिन्न गति. विधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई।

बच्चों ने हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर "पृथ्वी बचाओ", "पृथ्वी है तो हम हैं" तथा "प्लास्टिक मुक्त भारत बनाना है" जैसे प्रभावशाली नारों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

उनकी ऊर्जा और उत्साह ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और एक सकारात्मक संदेश दिया। इसके अतिरिक्त, प्रार्थना सभा में शिक्षिका उमा पुंडीर के नेतृत्व में कक्षा 9 के विद्यार्थियों द्वारा पंचायती राज विषय पर एक सुंदर और ज्ञानवर्धक नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों को पंचायती राज व्यवस्था के महत्व और कार्यप्रणाली के बारे में सरल और प्रभावी ढंग से जानकारी दी गई।

समापन दिवस की ये सभी गति. विधियाँ न केवल विद्यार्थियों के ज्ञान और जागरूकता को बढ़ाने में सहायक रहीं, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति भी प्रेरित किया।

# सीएम ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को घंटाघर के निकट एमडीडीए कॉम्प्लेक्स में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा की 107वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बहुगुणा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई और अपने दूरदर्शी नेतृत्व से देश एवं समाज को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि बहुगुणा केवल एक कुशल राजनेता ही नहीं, बल्कि जनसेवा के प्रति समर्पित एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व थे, जिन्होंने विशेष रूप से पर्वतीय अंचलों के विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुगुणा ने पर्वतीय क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल की। उनके प्रयासों से क्षेत्रीय विकास को नई गति मिली। उन्होंने कहा कि बहुगुणा का संपूर्ण जीवन जनकल्याण, सामाजिक समरसता और समावेशी विकास के मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, सौरभ बहुगुणा, खजान दास, विधायक दुर्गेश्वर लाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



■ कहा - बहुगुणा का संपूर्ण जीवन जनकल्याण, सामाजिक समरसता और समावेशी विकास के मूल्यों के प्रति समर्पित रहा

# कुशल राजनेता के साथ स्पष्टवादी व्यक्तित्व थे बहुगुणा :उनियाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्रांर्गत हिमालय पुत्र, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की 107वीं जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गढ़वाल विवि और बेस चिकित्सालय श्रीनगर में हेमवती नंदन बहुगुणा को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धाजंलि अर्पित की। वहीं बहुगुणा की जयंती पर बेस अस्पताल में आंचल कैफे का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने कहा कि बहुगुणा का जीवन संघर्ष, समर्पण और जनसेवा का प्रतीक रहा है। उनके आदर्शों और उपलब्धियों से हमें निरंतर प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों को उनके जीवन मूल्यों को अपनाने और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। कहा कि बहुगुणा के प्रयासों और दूरदर्शिता के कारण आज क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सहित कई मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो पाई हैं। वहीं गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता उत्तराचंल साप्ताहिक समाचार के प्रधान संपादक सोमवारी लाल उनियाल ने संस्मरण साझा करते हुए बताया कि उनका प्रथम परिचय हेमवती नंदन बहुगुणा से श्रीनगर में हुआ था। कहा कि बहुगुणा का व्यक्तित्व अत्यंत स्वाभिमानी था और वे अक्सर कहते थे कि कौन कहता है कि पहाड़ गरीब है। कहा कि बहुगुणा कुशल राजनेता के साथ बहुत स्पष्टवादी व्यक्तित्व थे। उन्होंने इंदिरा गांधी की एक सभा का उल्लेख करते हुए बताया कि बहुगुणा ने एक सभा में स्पष्ट शब्दों में कहा था कि हिमालय ने देश को पर्यावरण दिया है, अब वे बताएं कि देश ने हिमालय को क्या दिया। बताया कि उनका लगभग 17 वर्षों तक बहुगुणा के साथ निकट जुड़ाव रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गढ़वाल विवि के कार्यवाहक कुल. पति प्रो. एनएस पंवार ने कहा कि बहुगुणा केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि दूरदर्शी चिंतक एवं जननायक थे। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन मुख्य छात्र सलाहकार प्रो. एमएम सेमवाल ने दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राहुल बहुगुणा ने किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध साहित्यकार एवं पत्रकार प्रदीप डबराल, प्रो. मंजुला राणा, प्रो. मंजू गुसाईं, डॉ. नितिन सती, डॉ. अरुण शेखर बहुगुणा, जनसम्पर्क अधिकारी आशुतोष बहुगुणा सहित आदि मौजूद थे।

### नशा, मानव तस्करी व सामा. जिक अपराधों के विरुद्ध पुलिस ने चलाया संयुक्त जागरूकता अभियान

**कोटद्वार ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी के दिशा-निर्देशन में जनपद में नशा, मानव तस्करी एवं सामा. जिक अपराधों के विरुद्ध पुलिस टीम द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एंटी नारकोटिक्स यूनिट एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा प्रोजेक्ट हेल्प इंडिया संस्था के सहयोग से एक संयुक्त जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक एवं कार्यशाला के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्प्रभाव, मानव तस्करी, वेश्यावृत्ति, भिक्षावृत्ति जैसे गंभीर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही बच्चों एवं नागरिकों को सतर्क रहने, यातायात नियमों का पालन करने तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 की जानकारी साझा की गई तथा जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए।

# यात्रा संबंधी दुष्प्रचार से प्रेरित सोशल मीडिया पोस्ट को हवा दे रही कांग्रेस: चौहान

■ चार धाम में सुरक्षित और व्यवस्थित इंतजाम , देव भूमि की छवि से खिलवाड पर बाज आये कांग्रेस

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि चार धाम यात्रा व्यवस्थित और सुचारु रूप से चल रही है। वहीं कांग्रेस दुष्प्रचार और राजनीति से प्रेरित शोसल मीडिया पोस्ट को आधार बनकर व्यवस्थाओं पर सवाल उठा रही है जो कि राज्य की छवि से खिलवाड है।

कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि शोसल मीडिया पोस्ट पर भ्रामक जानकारी फैलाने के मामले मे अब तक तीन मामले सामने आ चुके है और प्रशासन के द्वारा प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी है। कांग्रेस उन्ही घटनाओं को आरोप के तौर पर ले रही है, जब कि जांच मे यह साबित हो गया है कि यह एक सुनियोजित साजिश के तहत किया गया है।

चौहान ने कहा कि गुजरात के एक पर्यटक की मौत के बाद एसडीआरएफ के द्वारा बॉडी को रुद्रप्रयाग अस्पताल और फिर गंतव्य की ओर भिजवाया गया। ऐसा कोई और मामला अभी तक नही है और एक भ्रामक वीडियो को आधार बनाकर कांग्रेस यात्रा व्यवस्था पर सवाल उठा रही है। इसके अलावा धाम मे लाठी चार्ज की भी झूठी खबर प्रसारित की गयी जो कि जांच मे फर्जी पायी गयी।

उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा मार्ग मे यात्रियों के लिए शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था है। हालांकि यात्रा मार्ग मे शौचालयों मे तोड़ फोड़ की संबंधित एजेंसी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। व्यवस्था फिर बहाल कर दी गयी है।

चौहान ने कहा कि चारधाम मे ईधन, गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध है। इसके लिए पहले ही राज्य भारत सरकार से अतिरिक्त कोटा मुहैया कराने की मांग कर चुका है। केंद्र से भी भरपूर सहयोग मिलता रहा है। कांग्रेस महंगाई का राग अलाप कर गुमराह करने की कोशिश कर रही है।

चौहान ने कहा कि सरकार ने पिछली बार यात्रा समाप्त होने के बाद ही तैयारी शुरू कर दी थी और उसी का नतीजा है कि चार धाम मे यात्रियों की भीड़ उमड़ रही है। सड़कों की बेहतर स्थिति से जहाँ यात्रा सुगम है वहीं सुरक्षित भी है। इसके अलावा स्वास्थ्य महकमा भी अलर्ट मोड पर है। यात्रा पड़ाव मे विशेषज्ञ चिकित्सक, दवाई और हेली एंबुलेंस तक उपलब्ध है। वहीं हेली सेवाओं के लिए भी कड़े प्रावधान किये गए हैं।

## विधायक ने सड़क डामरीकरण कार्य का किया शिलान्यास

**विकासनगर।** सहसपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नौगांव-मांडुवाला में सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर की संस्तुति द्वारा रूपये 26.53 लाख की लागत से देवभूमि यूनिवर्सिटी से आंगनवाड़ी केन्द्र तक सड़क के डामरीकरण कार्य का विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर के कर-कमलों द्वारा विधि-विधान से शिलान्यास किया गया, जिसके उपरान्त क्षेत्रवासियों ने सड़क डामरीकरण कार्य को लेकर खुशी जताई तथा मिस्ठान वितरण किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने कहा की यह सड़क डामरीकरण कार्य क्षेत्रवासियों के लिए बेहतर साबित होगा तथा राहगीरों के आवागमन को निश्चित तौर पर बेहतर बनाने के साथ-साथ स्थानीय विकास को एक नई दिशा देगा। इस दौरान ग्राम प्रधान वर्षा उनियाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य अंकित शर्मा, प्रदीप जोशी, हनुमान कण्डवाल, ललिता प्रसाद पाण्डेय, नन्द किशोर यादव, संदीप पाण्डेय, निर्मला नेगी, मुकेश रतुड़ी, अतुल सजवाण सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

PUBLIC NOTICE
I HARI CHAND MY SON ARMY NO 15227030X NK RISHIPAL, UNIT - 136 FD REGT C/O 56 APO, ADDRESS- VILLAGE AND POST- MADHAHVIVPUR, TEH -KHAIR DIST -ALIGARH UTTAR PRADESH PIN 202155, MY NAME HARI CHAND AND DATE OF BIRTH 01/01/1959 HAVE BEEN WRONGLY ENTERED IN MY SON ARMY RECORD CORRECT NAME IS HARISHCHANDRA AND DATE OF BIRTH IS 01/01/1951 ,IT SHOULD BE UPDATED

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## एक नजर .......

### कांग्रेसियों ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में स्व. बहुगुणा को श्रद्धासुमन अर्पित किये

**देहरादून।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री व अविभाजित उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नन्दन बहुगुणा की जयन्ती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में स्व. हेमवती नन्दन बहुगुणा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोदियाल प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र सिंह भण्डारी, प्रवक्ता अभिनव थापर, शीशपाल सिंह बिष्ट, अमेन्द्र सिंह बिष्ट, अभिषेक तिवाडी, सुशीला शर्मा, राजकुमार जयसवाल, अश्विनी बहुगुणा, यशपाल चौहान, अजय रावत व नितिन बिष्ट आादि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### तोतों के साथ दो पुरुष दो महिला गिरफ्तार

**देहरादून।** दून प्रभाग की मालसी रेंज के तहत कांवली क्षेत्र में अवैध रूप से संरक्षित वन्यजीवों के रख-रखाव व व्यापार की सूचना प्राप्त होने पर वन विभाग की और से एक विशेष अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान बड़ी संख्या में शेड्यूल-द्वितय् के अंतर्गत संरक्षित प्रजातियों के तोते, जिनमें मुख्यत: रोज-रिंग्ड पैराकीट, अलेक्जेंड्रिन पैराकीट व प्लम-हेडेड पैराकीट शामिल हैं, बरामद किए गए। कार्रवाई के दौरान दो पुरुष व दो महिलाओं को अवैध रूप से संरक्षित पक्षियों के कब्जे में रखने और व्यापार में संलिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों को विधिक कार्यवाही के लिये मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय, देहरादून के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस अभियान में उप प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून अभिषेक मैठाणी, वन क्षेत्राधिकारी मालसी शुची चौहान, प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी सतविंदर पाल सिंह तथा वन विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### सीएम से मिली पीएमश्री जीजीआईसी की छात्राएं



**देहरादून।** सामाजिक संस्था जन जागरण अभियान समिति के पदाधिकारियों और विद्यालयी छात्राओं ने मुख्यमंत्री आवास में जा कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की। बता दें कि संस्था ने पीएमश्री जीजीआईसी राजपुर रोड की 15 छात्राओं से उत्तराखण्ड सरकार की और से जनहित में संचालित 15 योजनाओं पर पोस्टर बना कर सीएम धामी सेरकार की योजनाओं के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी छात्राओं के पोस्टर्स को देख कर संस्था और छात्राओं की सराहना की। उन्होंने सभी बच्चियों बेहतरीन चित्रकारी को लेकर उन्हें शुभकामनाएं दी और उन्होंने सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिये संस्थापक अध्यक्ष स्वप्निल सिन्हा की पीठ भी थपथपाई। इस अवसर पर संस्था के सचिव विवेक श्रीवास्तव, संरक्षक डॉ. राजेश डोभाल, कार्यक्रम संयोजिका शिवानी रावत, विधालय संयोजिका प्रेमलता रावत सहित छात्राओं में खुशी रावत, खुशी शाह, मुस्कान, अपर्णा, निक्की, यशोदा, वैष्णवी व मंतीशा मौजूद रही।

### नारी निकेतन में लगा आपदा प्रबंधन व अग्नि शमन प्रशिक्षण शिविर

**देहरादून।** जिला रेड क्रास सोसाइटी के तत्वावधान में यूथ रेडक्रॉस कमेटी के मुख्य आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा की और से राज्य महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र (नारी निकेतन), केदारपुरम में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आपदा प्रबंधन में प्राकृतिक आपदाओं भूकंप, भूस्खलन या त्वरित बाढ़ के पूर्व, दौरान व उपरांत तैयारी तथा बचाव के तरीके सिखाये गये। अग्नि शमन प्रशिक्षण के तहत आग के प्रकार, आग बुझाने के सिद्धांत, रासायनिक अग्निशमन उपकरणों का उपयोग कैसे करें, डिग्री ऑफ बर्न तथा रूल ऑफ नाइन ऑफ बर्निंग के साथ ही आग से जलने या झुलसने का उपचार बताया। इस मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर संजीव आईजेकर, प्रभा बलोदी, बिमला सिंह, सिस्टर इंदु, सिस्टर निर्मला किन्नी, सिस्टर अर्ची, सविता डोभाल, सोनी कैंतुरा, शाईना व नविता आदि ने जीवन रक्षक सीपीआर प्रकिया का कुशल प्रदर्शन किया। इस अवसर पर रक्तदाता शिरोमणि डॉ. अनिल वर्मा को सम्मानित किया गया।

### धस्माना ने एचएन बहुगुणा को दी श्रद्धाजलि

**देहरादून।** देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले गढ़वाल के बुगानी गांव में जन्मे हेमवती नंदन बहुगुणा ने पहाड़ों की कंदराओं से निकल कर प्रयागराज की धरती को अपना कर्म क्षेत्र बनाया और देश की राजनीति में छा गए। यह बात शनिवार को स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा की 107 वीं जयंती के अवसर पर घंटाघर स्थित स्वर्गीय बहुगुणा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व हेमवती नंदन बहुगुणा मानव संसाधन विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कही। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी, श्रम प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश कौशल,कांग्रेस पार्षद संगीता गुप्ता, पार्षद अभिषेक तिवारी, पार्षद जाहिद अंसारी, पार्षद मुकीम अहमद, पूर्व पार्षद राजेश पुंडीर, पूर्व पार्षद राजेश उनियाल, सुनील जायसवाल, पूनम कंडारी, कमर सिद्दीकी, फरीद बेग व सुशीला शर्मा आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण देहरादून**
पत्रांक 789/अभि.-/2026-27 दिनांक 25.04.26
**ई-निविदा सूचना**
उपाध्यक्ष मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण में "ए" श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से मसूरी डायवर्जन, देहरादून से मसूरी तक प्रकाश व्यवस्था के कार्य हेतु टू-बिड के आधार पर ई-निविदा दिनांक 22.05.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार/ फर्म जो क्वालीफाई कर रहे हो वह उत्तराखण्ड की बैबसाईट uktenders.gov.in में उपरोक्त तिथि एवं समय तक निविदा अपलोड कर दिनांक 23.05.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक हार्ड कॉपी जमा कर सकते है। अन्य निविदा की विस्तृत शर्तें प्राधिकरण की वेवसाईट mddaonline.in में भी दिया गया है यदि उक्त निविदा के सम्बन्ध किसी प्रकार के संशोधन आदि किये जाने की आवश्यकता होती है तो उसकी सूचना उक्त वेवसाईट के माध्यम से दी जाएगी।
**अधिशासी अभियन्ता,**
**मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून**

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय 'उज्जवल' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्याः 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com
पत्रांकः 342 **निविदा सूचना** दिनांक 25.04.2026
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0), रामगंगा जल विद्युत गृह, यूजेवीएन लिमिटेड, कालागढ़ (पौड़ी गढ़वाल) इच्छुक निविदादाताओं से मुहर बंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:
नि0सं0-01, 02, 03, 04 एवं 05/अधि0अभि0(अनु0)/आरपीएस/2026-27
कार्य का नाम : 1. नियमित सामान्य अनुरक्षण कार्यों हेतु ए0एम0सी0 2. आवासीय एवं अनावासीय भवनों के विद्युतीय कार्यों हेतु ए0एम0सी0। 3. 12 माह की अवधि हेतु एक नग 32 सीटर वातानुकूलन रहित बस किराये पर लेने का कार्य। 4. ड्रेनेज, डिवाटरिंग पम्प सिस्टम एवं अन्य पम्पो की मोटरों की ओवरहालिंग एव रिपेयरिंग की ए0एम0सी0। 5. टी0जी0बी0 एवं जी0जी0बी0 बियरिंग पैड्स की रिबैबिटिंग।
अनुमानित लागत : रू0 6,36,870.00, रू0 9,79,250.00 रू0 12,96,211.00, रू0 4,42,103.00 एवं रू0 24,78,100.00 मात्र क्रमशः (जीएसटी अतिरिक्त)।
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 25.04.2026, 10.00 बजे
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 15.05.2026, 16.00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते हैं। **अधिशासी अभियन्ता (अनु0)**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# मतदाता सूची पुनर्रीक्षण को लेकर बैठक, दलों से सहयोग मांगा

## सभी राजनीतिक दलों को सभी मतदेय स्थलों के लिए बीएलए 2 तैनात करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचक नमावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण की आसन्न घोषणा प्रस्तावित है,इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला कार्यालय सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि जनपद की 11 विधानसभाओं में गहन पुनरीक्षण हेतु 11ईआरओ, 64 एईआरओ, 1715 मतदेय स्थलों पर 213 बीएलओ/ सुपरवाइजर तैनात है।उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण पूर्व तैयारियों के अंतर्गत किसी भी अर्ह मतदाता का नाम त्रुटिवश अपमार्जित न हो तथा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद की 11 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार, मतदेय स्थल वार, अनुपस्थित अन्यत्र शिफ्ट एवं मृत मतदाताओं के एएसडी लिस्ट तैयार की गई है, जिन्हें सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जा रही है, उन्होंने कहा यदि किसी अर्ह मतदाता का नाम त्रुटिवश अपमार्जित हुआ है तो वहा प्रपत्र 6 भरकर बीएलओ के पास जमा कर सकता है अथवा ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की है कि विधानसभा वार सभी दल



बीएलओ की सहायता के लिए बीएलए 2 तैनात करने की अपेक्षा की गई है, जिससे कि वह बीएलओ को बता सके कि यह मतदाता क्षेत्र में निवास करता है और गलत अपमार्जित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जो मतदाता अनुपस्थित एवं अन्यत्र शिफ्ट हो गए है एवं मृत हो गए है,उनका नाम संबंधित विधानसभा एवं मतदेय स्थल से मतदाता सूची से पृथक किया जाएगा।इसके लिए उन्होंने सभी से बीएलओ की तैनाती करते हुए गहन पुनरीक्षण की आसन्न घोषणा एवं मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटि रहित बनाने हेतु बीएलओ को पूर्ण सहयोग करने की अपेक्षा की गई है। बैठक में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अरुणेश पैन्यूली,भाजपा के पदाधिकारी राजकुमार, तेलूराम, मनोज नायक, कांग्रेस के पदाधिकारी सीपी सिंह, कैश खुराना, सोनू शर्मा, संजय कुमार सैनी, बालेश्वर सिंह, बीएस तेजयान, कमल कांत, तबरेज आलम, शहजाद, बसपा के पदाधिकारी धनराज, डॉ परवीन कुमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे ।

# एनडीपीएस एक्ट में पूर्व जेल जा चुके लोगों की थाने पर कराई गई परेड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** ऑपरेशन प्रहार के तहत जनपद में नशे के सौदागरों एवं संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान जारी है। साथ ही एनडीपीएस एक्ट में पूर्व में जेल जा चुके व्यक्तियों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में थानाध्यक्ष पथरी रविन्द्र कुमार द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए वर्ष 2016 से 2025 तक एनडीपीएस एक्ट में जेल जा चुके कुल 85 व्यक्तियों को चिन्हित किया गया। इनमें से आज 25 व्यक्ति थाने पर उपस्थित हुए, जिनकी थाने पर परेड कराई गई। थानाध्यक्ष पथरी ने सभी उपस्थित व्यक्तियों को सख्त निर्देश दिए गए कि भविष्य में यदि वे किसी भी प्रकार से एनडीपीएस एक्ट में लिप्त पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक 15 दिन के भीतर थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

# शिविर में 478 लाभार्थियों ने उठाया लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** विकासखंड बहादराबाद के उपकेंद्र गुर्जर बस्ती में माध्यमिक उच्चतर विद्यालय गुर्जर बस्ती में संस्थागत प्रसव जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जॉली ग्रांट टीम व विकासखंड बहादराबाद के चिकित्सकों की टीम से कुल 478 लाभार्थियों द्वारा लाभ प्राप्त किया गया जिसमें 75 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई एवं 302 लाभार्थियों का बीपी व शुगर चेकअप किया गया साथ-साथ 102 लोगों का एक्स-रे किया गया बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा 80 बच्चों की जांच की गई। शिविर का शुभारंभ प्रधान प्रतिनिधि लखन सिंह द्वारा किया गया जिसके पश्चात पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिस्वानंद एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आर0के सिंह द्वारा अपने विचार व्यक्त किया गए जिसके बाद अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश कुवर व् एम सी एच नोडल डॉक्टर कोमल द्वारा संस्थागत प्रसव हेतु आए हुए लाभार्थियों को जागरूक किया, जिसके बाद चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आरती बहल द्वारा



सभी को डिलीवरी हॉस्पिटल मे कराये जाने पर होने वाले लाभ एवं सरकारी योजनाओं के बारे मे बताया गया कार्यक्रम में डॉक्टर हेमंत खर्कवाल जिला कार्यक्रम प्रबंध क निमी राणा व् महिपाल भजन अशोक कालरा शालनी चौहान रोहित कुमार अखिलेश जोशी अनुज गुप्ता राहुल मुनेश आदि उपस्थित रहे।

# श्रमिक समस्याओं को लेकर बैठक, एक माह में समाधान के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्रम आयुक्त उत्तराखण्ड प्रकाश चन्द्र दुमका की अध्यक्षता में जनपद-हरिद्वार के औद्योगिक प्रतिष्ठान की पंजीकृत श्रमिक यूनियन के साथ एवं उसके पश्चात् विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों की इंड्रस्टीयल एशोसियेशन एवं सेवायोजकों के साथ श्रम कानूनों से सम्बन्धित एवं विभिन्न श्रमिक समस्याओं के सम्बन्ध में एक बैठक आयोजित की गयी। वार्ता में उपस्थित श्रमिक यूनियन द्वारा अपना पक्ष रखते हुए कथन किया गया कि कुछ प्रतिष्ठानों में न्यूनतम वेतन एवं संशोधित महंगाई भत्ते का अनुपालन नही किया जा रहा है साथ ही कुछ प्रतिष्ठानों में कार्य करते हुये दुर्घटना आदि भी हो रही है। उपरोक्त के अतिरिक्त सिडकुल क्षेत्र में पीने के पानी की व्यवस्था एवं शैड् आदि बनाये जाने की भी मांग की गयी है। साथ ही च्मां भ्वनते में सिडकुल एरिया की सड़को में हेवी व्हीकल की भी छव म्दजतल की मांग की गयी है। उपरोक्त सभी बिंदुओ पर श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड द्वारा सकारात्मक समाधान कराये जाने के सम्बन्ध में श्रमिकों को आश्वस्त किया है। उपरोक्त के पश्चात् सभी इंडस्ट्रीयल एसोशियेशन प्रतिनिधि से वार्ता की गयी एवं श्रमिक समस्याओं के समाधान हेतु औद्योगिक प्रतिष्ठान के सेवायोजक एवं एसोशियेशन के प्रतिनिधियों को एक माह के भीतर श्रमिक समस्याओं का समाधान करने हेतु निर्देशित किया गया है साथ ही एसोशियेशन के प्रतिनिधियों द्वारा उठाई गयी समस्या के समाधान का भी आश्वासन दिया गया है। साथ ही श्रम आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि नोन इंजीनियरिंग उद्योगो के लिए न्यूनतम वेतन का महंगाई भत्ता घोषित कर दिया गया है उपरोक्त के सम्बन्ध में सभी एसोसियेशन एवं सेवायोजकों को निर्देशित किया गया है की माह अप्रैल, 2026 से बढ़े हुए महंगाई भत्ते एवं एरियर का भुगतान किया जाना सुनिश्चित करें। इंजीनियरिंग के सम्बन्ध में न्यूनतम वेतन का रिवीजन किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है, शासनादेश जारी होने के उपरान्त उपरोक्त का भी परिपालन कराया जायेगा। श्रम विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि विभागीय शासनादेश / आदेशो की सूचना ब्रोड कास्ट ग्रुप बनाते हुए समस्त एशोसियेशन एवं श्रम यूनियनों को भी प्रेषित की जाये। औद्योगिक एशोसियेशन एवं विभिन्न श्रमिक संघो से यह भी अपेक्षा की गयी है कि जनपद-हरिद्वार में आपसी समन्वय से औद्योगिक शांति बनाये रखेंगे एवं सोहार्दपूर्ण वातावरण भी बनाये रखेंगे साथ ही अफवाहो से बचने का प्रयास करेंगें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन फींचा राम चौहान, उप श्रम आयुक्त श्री विपिन कुमार, संजय रावत डी०जी०एम० सिडकुल, सहायक श्रम आयुक्त, प्रशान्त कुमार, सचिन कुश ए. जी.एम. सिडकुल, अनिल कुमार एवं विपिन कुमार श्रम प्रवर्तन अधिकारी, श्रमिक पक्ष की और से ललित पुरोहित, गोविन्द, देवेन्द्र पुरोहित, सतीश कुमार, एवं इंडस्ट्रीयल एशोसियेशन की ओर से हरेन्द्र गर्ग, शिवम गोयल, मनोज गौतम, केतन भारद्वाज, राज अरौड़ा आदि उपस्थित रहें।

# दहेज के लिए प्रताड़ना, जिंदा जलाने की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता ने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जिंदा जलाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि शादी के बाद से ही उस पर कार और नकदी की मांग को लेकर दबाव बनाया जा रहा था। 23 अप्रैल की रात उसे जबरन कार में बैठाकर आग लगाने की कोशिश की गई, लेकिन वह बच निकली। पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि जांच जारी है।

# छात्रा वंशिका ने इंटर में प्रदेश में तीसरा व जिले में प्राप्त किया पहला स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड बोर्ड की इंटर की परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज मायापुर की छात्रा वंशिका ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में तीसरा और जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। बेहद साधारण परिवार की वंशिका के पिता टैक्सी चलाते हैं। वंशिका की इस उपलब्धि पर शिक्षकों, परिजन और सहपाठी छात्र-छात्राओं ने उन्हें बधाई दी है। वंशिका ने कहा कि कड़ी मेहनत, अध्यापकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग से ही वे यह उपलब्धि प्राप्त कर पायी हैं। वंशिका ने बताया कि उन्होंने परीक्षा के लिए खूब मेहनत की और उन्हें यकीन था कि वे प्रदेश में टॉप टेन में जगह बना लेंगी। वंशिका ने बताया कि पढ़ाई में उनके परिजनों ने सबसे ज्यादा सपोर्ट किया। वंशिका ने बताया कि उन्होंने कोई ट्यूशन नहीं लिया। स्कूल में टीचरों ने ही अच्छे से पढ़ाया। जिससे



उन्हें काफी मदद मिली। सभी विषयों को घर पर अच्छे से रिवीजन किया। वंशिका ने बताया कि वे अध्यापन के क्षेत्र में कैरियर बनाएंगी और आगे चलकर गणित की प्रोफेसर बनना चाहती हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयपाल ने वंशिका की सफलता का श्रेय उनकी मेहनत देते हुए कहा कि वंशिका ने मेरिट में स्थान पाने का लक्ष्य लेकर पढ़ाई की। उसके टॉप करने में माता पिता और शिक्षकों का भी बड़ा योगदान है। पढ़ाई में उसके माता पिता ने सपोर्ट किया और शिक्षकों ने भी अच्छे से पढ़ाया। उन्होंने बताया कि इस बार परीक्षा का पैटर्न भी बदला हुआ था। लेकिन बोर्ड ने इसकी पहले से ही जानकारी दे दी थी। पैटर्न को ध्यान में रखकर सभी बच्चों की पढ़ाई कराई गई और यही कारण है कि वंशिका के अलावा अन्य छात्र-छात्राओं ने भी अच्छे अंक हासिल किए हैं।

# टेनर्स औद्योगिक उत्पादन सहकारी समिति कडच्छ की प्रबंध समिति के चुनाव संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण द्वारा कराए गए टेनर्स औद्योगिक उत्पादन सहकारी समिति कडच्छ की प्रबंध समिति के चुनाव में लक्ष्मी, प्रतीक्षा देवी, माया देवी, पूजा देवी, सुरेश, लख्मीचंद व हेमंत डायरेक्टर चुने गए। निर्वाचन अधिकारी अमित यादव ने परिणामों की घोषणा की। इसके बाद प्रबंध समिति सभापति व उपसभापति पद के लिए हुए चुनाव में सर्वसम्मति से पूजा देवी सभापति व लख्मीचंद उपसभापति चुने गए। समिति के नवनिर्वाचित सभापति, उपसभापति व सभी डायरेक्टर का कड़च्छ व शास्त्री नगर में माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्यामल प्रधान ने कहा कि यह जीत केवल



व्यक्तियों की नहीं बल्कि पूरी सहकारी समिति के विश्वास और एकजुटता की जीत है। सभी सदस्य मिलकर पारदर्शिता, विकास और सदस्यों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। समिति को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस अवसर पर सभी विजयी सदस्यों ने बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर एवं संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का आशीर्वाद लिया। इस दौरान श्यामल प्रधान, पवन कुमार, अशोक कुमार, हरीश कुमार, विनोद कुमार, विजयपाल, सुरेश कुमार, गोपाल, सतीश लोटा, शिवपाल रवि, लक्ष्मीचंद, रमेश भूषण, रवि प्रकाश, विजयपाल सिंह, विजेंद्र कुमार, मेघराज, नरेंद्र, नीतू, जगदीश प्रसाद दुबे, कुलदीप कुमार, जसवंत सिंह, रीता रवि, चुन्नीलाल, मांगेराम, सोमपाल सिंह राजेश मुखिया आदि शामिल रहे।

# बोर्ड परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज सेक्टर-2 भेल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

## इंटरमीडिएट की मेरिट सूची में कशिश ने चौथा व अश्वित पांडेय ने प्राप्त किया 25वां स्थान

### हाईस्कूल में गौरवी ने 19वां व शुभम ने हासिल किया 20वां स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** शनिवार को जारी किए गए उत्तराखंड विद्यालय शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में भेल सेक्टर-2 स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज की छात्रा कशिश शर्मा ने प्रदेश में चौथा व अश्मित पांडेय ने पच्चीसवां स्थान प्राप्त किया है। कशिश शर्मा ने 96.66 प्रतिशत व अश्मित पांडेय ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। हाईस्कूल परीक्षा में गौरवी ने 93.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की वरीयता सूची में 19वां तथा शुभम ने 93.



6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 20वां स्थान प्राप्त किया है। सत्र 2025-26 में हाईस्कूल के 252 तथा इंटरमीडिएट के 245 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी थी। विद्यालय का हाईस्कूल परीक्षा का परिणाम 98.84 प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट का 90.02 प्रतिशत रहा। विद्यालय परिवार ने सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। प्रधानाचार्य लोकेंद्र दत्त अंथवाल ने कहा कि परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना, अपने परिवार और पूरे विद्यालय का नाम रोशन किया है। शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग के बिना यह संभव नहीं होता। छात्र-छात्राओं ने मेहनत और लगन से न केवल अपनी क्षमता साबित की, बल्कि विद्यालय को भी गौरवान्वित किया है। प्रधानाचार्य ने कहा कि छात्रों ने अधिक अंक प्राप्त कर यह दिखाया कि कठिन परिश्रम और सही मार्गदर्शन से कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों को भी धन्यवाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक अजय शर्मा, विद्यालय अध्यक्ष डा.शिवशंकर जायसवाल, प्रधानाचार्य लोकेंद्र दत्त अंथवाल, वरिष्ठ आचार्य प्रवीण कुमार, रूद्रप्रताप शास्त्री, बृजेश, भानु प्रताप चौहान, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# कंपनी खाते से 14.98 लाख की साइबर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में पतंजलि परिवहन प्राइवेट लिमिटेड के खाते से 14.98 लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कंपनी प्रतिनिधि रमन पंवार ने बताया कि 27 मार्च को खातों की जांच के दौरान संदिग्ध लेनदेन का पता चला। एक ट्रांजेक्शन के जरिए 14.98 लाख रुपये गोरखपुर स्थित एक खाते में भेजे गए। जांच में सामने आया कि फर्जी ईमेल आईडी के माध्यम से बैंक को भुगतान संबंधी निर्देश भेजे गए थे। समय रहते एक अन्य संदिग्ध ट्रांजेक्शन को रोक लिया गया। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## एक नजर ......

### रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति को रास्ते में रोककर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संजय कुमार ने बताया कि 15 अप्रैल को मायापुर क्षेत्र में प्रियवीर सिंह बिश्नोई ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए कार्यस्थल के बाहर गोली मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जांच जारी है।

### शादी का झांसा देकर शोषण, विरोध पर मारपीट

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने और बाद में मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

युवती ने बताया कि युवक ने शादी का वादा कर उसके साथ संबंध बनाए, लेकिन बाद में मुकर गया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### बुजुर्ग दंपति से मारपीट, बेटे-बहू पर मुकदमा

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र में बुजुर्ग दंपति के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर बेटे और बहू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने बताया कि भरण-पोषण के आदेश से नाराज होकर बेटे और बहू ने उन पर दबाव बनाया। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई। थाना प्रभारी अजय शाह ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### रिकवरी एजेंट से मारपीट, धमकी व सोशल मीडिया पर बदनाम करने का आरोप

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में एक रिकवरी एजेंट के साथ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने और सोशल मीडिया पर बदनाम करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अदालत में दिए गए प्रार्थना पत्र में टिहरी विस्थापित कॉलोनी निवासी मनोज शर्मा ने बताया कि नवनीत उर्फ माठू और बीर सिंह उससे पुरानी रंजिश रखते हैं। 30 नवंबर 2025 को रानीपुर झाल के पास दोनों ने उसे रोककर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। शिकायत के बाद आरोपियों ने ई-कोर्ट एप से उसके पुराने मुकदमों की जानकारी निकालकर व्हाट्सएप ग्रुप में साझा कर उसे बदनाम किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि मामले में जांच जारी है।

### घर में घुसकर मां-बेटे पर हमला, सात पर मुकदमा

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में घर में घुसकर मां-बेटे के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिलशाद ने बताया कि 23 अप्रैल को कुछ युवक उसके बेटे का पीछा करते हुए घर तक पहुंच गए और अंदर घुसकर मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि लोहे के सरिये से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई गई। शोर होने पर आरोपी फरार हो गए और जाते समय जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# एचएससी ने जीता अंडर 14 हरिद्वार स्पोर्ट्स क्रिकेट टूर्नामेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में आयोजित अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला हरिद्वार स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ने जीत लिया। फाइनल मुकाबले में उत्तराखंड प्रीमियर लीग (UPL) के पूर्व चेयरमैन व एचडीसीए के पूर्व सचिव इंद्रमोहन बार्थवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मैच की समाप्ति पर उन्होंने खिलाड़ियों को मेडल भी पहनाए। टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया।



फाइनल मुकाबला हरिद्वार स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और आरसीएस के बीच खेला गया, जिसमें हरिद्वार स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ने जीत हासिल की। शुक्रवार को भल्ला स्टेडियम के मैदान पर खेले गए इस फाइनल मुकाबले में मेजबान हरिद्वार स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। टीम ने निर्धारित 35 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीएस की टीम 31.4 ओवर में 165 रन पर ऑल आउट हो गई। वहीं बेस्ट बैट्समैन का खिताब दून स्टार स्पोटिंग क्लब के वैदिक पुंडीर को दिया गया। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब भी आरसीएस के सियोन को दिया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए इंद्रमोहन बार्थवाल ने कहा कि एक अच्छे खिलाड़ी बनने के लिए दृढ़ संकल्प, इच्छा शक्ति व बेहतर अनुशासन का होना जरूरी है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

# संत समाज ने दी साकेतवासी बाबा नृसिंह दास को श्रद्धांजलि

## संत समाज की दिव्य विभूति व महान आत्मा थे साकेतवासी बाबा नृसिंह दास : श्रीमहंत राजेंद्रदास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** साकेतवासी बाबा नृसिंह दास की 21वीं पुण्यतिथी पर संत समाज ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रवणनाथ नगर स्थित श्री गुरूसेवक निवास उछाली आश्रम में आश्रम के परमाध्यक्ष श्रीमहंत विष्णुदास के संयोजन एवं श्री रामानंदीय श्री वैष्णव मंडल के सानिध्य में आयोजित गुरू स्मृति महोत्सव के समापन पर आयोजित संत समागम के दौरान साकेतवासी बाबा नृसिंह दास ढेरियां वाले को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए अखिल भारतीय वैष्णव अखाड़ा परिषद एवं निर्मोही अनी अखाड़े के अध्यक्ष श्रीमहंत राजेंद्रदास ने कहा कि साकेतवासी बाबा नृसिंह दास ढेरियां वाले संत समाज की दिव्य विभूति और महान आत्मा थे। उन्होंने कहा कि श्रीमहंत विष्णुदास की उनके गुरूदेव बाबा नृसिंह दास के प्रति अगाध श्रद्धा सभी के लिए प्रेरणादायी



है। युवा संतों को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि साकेतवासी बाबा नृसिंह दास अपने दिव्य ज्ञान से सनातन धर्म संस्कृति और आध्यात्मिकता को आगे बढ़ाया। अध्यात्म और धर्म संस्कृति के विलक्षण विद्वान ब्रह्मलीन चन्द्र स्वामी महाराज के विचार और शिक्षाएं सदैव सभी को प्रेरणा देती रहेंगी। श्रीमहंत विष्णुदास ने सभी संत महापुरूषों और अतिथीयों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धर्म, ज्ञान, भक्ति व अध्यात्म के लिए जीवन समर्पित करने वाले पूज्य गुरूदेव साकेतवासी बाबा नृसिंह दास महाराज विलक्षण संत थे। उन्होंने कहा कि गुरूदेव के दिखाए मार्ग पर चलते हुए आश्रम की सेवा संस्कृति को आगे बढ़ाना ही उनके जीवन का लक्ष्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रीमहंत कमल नयन दास अयोध्या वाले ने कहा कि साकेतवासी बाबा नृसिंह दास महाराज त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थे। महंत प्रेमदास, महंत प्रमोद दास, महंत सूरज दास, महंत नारायण दास पटवारी ने सभी संतों और अतिथीयों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन स्वामी हरिहरानंद ने किया। इस अवसर पर स्वामी शंकर महादेव, जगद्गुरू दलीप दास, स्वामी अनंतानंद, कथाव्यास चिन्मयानंद बापू, म.मं. स्वामी ललितानंद गिरी, महंत गोविंद दास, स्वामी भगवत स्वरूप, महंत राघवेंद्र दास, म.मं. स्वामी रूपेंद्र प्रकाश, महंत प्रेमदास, म.मं. स्वामी संतोषानंद, महंत अरूण दास, बाबा हठयोगी, महंत दुर्गादास, श्रीमहंत दयाराम दास, म.मं. स्वामी गंगादास, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी दिनेश दास, सीडीओ ललित नारायण मिश्र, पूर्व मेयर मनोज गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, अभिषेक गौड़, डा, नरेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

# चारधाम यात्रा में व्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता आलोक शर्मा ने सरकार पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने चारधाम यात्रा में व्यवस्थाओं को लेकर सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। आलोक शर्मा ने कहा कि व्यापारियों, होटल और पर्यटन व्यवसायियों सहित सभी चारधाम यात्रा का इंतजार करते हैं। लेकिन शुरूआत में ही सामने आ रही व्यवस्थाओं में कमी से सभी की चिंता बढ़ गयी है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तराखंड का प्रवेश द्वार होने के बावजूद हरिद्वार में सड़क खुदी पड़ी हैं। बद्री केदार समिति सीईओ का पद रिक्त है। बद्रीनाथ में हार्ट का डॉक्टर नहीं है। व्यापारियों को गैस सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। पेट्रोल डीजल की किल्लत की सूचनाएं भी आ रही हैं। आलोक शर्मा ने कहा कि



चारधाम यात्रा उत्तराखंड का गौरव है। स्थानीय व्यापारियों को चारधाम यात्रा से काफी उम्मीदें रहती हैं। लेकिन शुरूआती चरण में ही यात्रीयों की संख्या में गिरावट से व्यापारी सकते में हैं। यदि यात्रा धामी पड़ी तो व्यापारियों को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन व्यवस्थाओं को दुरूस्त करे। मेडिकल और बेसिक फेसिलिटी को मजबूत करे। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु भी नियमों का पालन करें और अपनी बारी के अनुसार ही दर्शन पूजन कर सहयोग करें। प्रेसवार्ता में सोम त्यागी, मनोज सैनी, संजय सैनी, विकास चंद्रा, सागर बेनीवाल आदि कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे।

# भारतीय जागरूकता समिति एवं जिला विधिक प्राधिकरण ने छात्र-छात्राओं को दी विधिक जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारतीय जागरूकता समिति एवं जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा बहादराबाद स्थित एंजल्स एकेडमी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक प्राधिकरण एवं ट्रैफिक पुलिस ने छात्र-छात्राओं को नशा, साइबर क्राइम, ट्रैफिक लॉ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूल के कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। हाईकोर्ट के अधिवक्ता एवं भारतीय जागरूकता समिति के अध्यक्ष ललित मिगलानी ने बच्चों को साइबर क्राइम एवं संविधान के बारे में जानकारी दी। ट्रैफिक इंस्पेक्टर पंकज जोशी ने बच्चों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया। मुख्य अतिथी जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव एवं सिविल जज सीनियर डिवीजन सिमरनजीत कौर बच्चों को संबोधित करते हुए जिला विधिक प्राधिकरण के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को ड्रग्स के बारे में सचेत करते हुए बताया कि समाज में बढ़ रहे नशे को जागरूकता से ही रोका जा सकता है। स्कूल कॉर्डिनेटर पूनम चौहान व आलोक ने शिविर के आयोजन के लिए समिति की सराहना की। कार्यक्रम में दीपक पंवार, अर्चना लुहांनी, अनीता, सचिन वर्मा आदि मौजूद रहे।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# श्रीनगर से चार छात्रों ने मेरिट में स्थान पाकर गौरव बढ़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर ।** उत्तराखंड बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन ने शनिवार को इंटरमीडिएट और हाईस्कूल 2025-26 का परिणाम घोषित किया गया।

श्रीनगर से 4 छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड बोर्ड की वरीयता सूची में स्थान बनाया है। नगर क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट गंगानाली के 3, सरस्वती विद्या मंदिर हाई स्कूल श्रीनगर के 1 ने मेरिट में स्थान हासिल किया। जबकि श्रीनगर के सरकारी विद्यालयों से एक भी विद्यार्थी वरीयता सूची में अपना नाम नहीं दर्ज करवा पाया। छात्रों के परिणाम से विद्यालय के शिक्षकों और परि. जनों ने खुशी जाहिर की। हाईस्कूल में सरस्वती विद्या मंदिर हाई स्कूल श्रीनगर के शशांक पुरोहित ने 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर वरीयता सूची में चौथा स्थान प्राप्त कर शहर सहित विद्यालय का नाम रोशन किया है। शशांक ने 500 में से 484 अंक प्राप्त किए है। समाज शास्त्र जैसे विषय में उन्होने शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट में हाईस्कूल के हैप्पी मेहरा ने 92.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश मेरिट में 24वां स्थान प्राप्त किया है। इंटरमीडिएट में सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट गंगानाली के अभय शाह ने 94.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर वरीयता सूची पर 16वां स्थान प्राप्त किया। जबकि आयुष ने 93.40 अंक प्राप्त कर वरीयता सूची पर 20वां स्थान प्राप्त किया। सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट गंगानाली के प्रधानाचार्य भीमराज बिष्ट ने बताया कि हाईस्कूल और इंटरमीडियट में 9 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है।



■ इंटरमीडिएट में दो और हाईस्कूल में दो में छात्र रहें मेरिट में छात्रों के परीक्षा परिणाम देख छात्रों और शिक्षकों ने जताई खुशी

### बिजनेश मैन बनना चाहते है आयुष और अभय की चाहत इंजीनियर बनना

**श्रीनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट गंगानाली में इंटरमीडियट में वरीयता सूची में दो भाईयों ने अपना स्थान बनाया है। अभय शाह ने 94.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर वरीयता सूची पर 16वां स्थान प्राप्त किया। जबकि अभय के ताऊ के लड़के आयुष ने 93.40 अंक प्राप्त कर वरीयता सूची पर 20वां स्थान प्राप्त किया। इससे पहले आयुष ने हाई स्कूल में 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की वरीयता सूची में तीसरे स्थान पर आये थे। मूल रूप से दोनों ही कीर्तिनगर ब्लॉक के डागर कोठार के निवासी है। आयुष के पिता संजय शाह श्रीनगर में एलआईसी में कार्यरत है। अभय के पिता राजकीय प्राथमिक विद्यालय चौखाल में कार्यरत है। आयुष का सपना बिजनेश मैन बनना है और जबकि उनके छोडे भाई का सपना इंजीनियर बनकर देश सेवा करने का है। आयुष और अभय ने बताया बिना ट्यूशन पड़े उन्होने सात से आठ घंटे पढकर अच्छे अंक प्राप्त किए है। कहा कि यदि किसी चीज को पाने की लग्न हो तो उसके लिए जीजान से जुटकर कार्य करना चाहिए।

### गणित विषय में रूची रखते है हैप्पी मेहरा

**श्रीनगर।** टिहरी गढ़वाल के जाखणीधार ब्लॉक के दणोली गांव के हैप्पी मेहरा ने 92.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश मेरिट में 24वां स्थान प्राप्त किया है। हैप्पी सरस्वती विद्यालय मंदिर श्रीकोट गंगानाली में अध्ययनरत है।

उनके प्रदर्शन से शिक्षकों और परि. जनों में खुशी की जहर है। हैप्पी के पिता पंकज मेहरा दिल्ली में प्राइवेट जॉब करते है। जबकि माता गृहणी है। हैप्पी ने बताया कि उनकी रूची गणित विषय है और आने 11वीं कक्षा में वह गणित विषय को चुनेगें।

### बार्ड परीक्षाओं में विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं का दबदबा

**श्रीनगर।** विद्या मंदिर स्कूलों ने इस वर्ष शैक्षणिक परिणामों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए सरकारी विद्यालयों को पीछे छोड़ दिया है। हाल ही में घोषित उत्तराखंड बोर्ड के परीक्षाफल में विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, बेहतर अनुशासन, नियमित कक्षाएं, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों के साथ निरंतर संवाद इस सफलता के प्रमुख कारण रहे हैं।

छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक शिक्षा और सह-पाठयक्रम गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है। सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट के प्रधानाचार्य भीमराज बिष्ट ने कहा कि विद्या मंदिर स्कूलों की शिक्षण पद्धति, व्यक्तिगत ध्यान और समय-समय पर मूल्यांकन प्रणाली छात्रों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में सहायक साबित हो रही है।

# गुप्तकाशी-गौरीकुण्ड राजमार्ग पर बड़ा हादसा टला, पुलिस की तत्परता से चार जिंदगियां सुरक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा मार्ग पर आज एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब गुप्तकाशी-गौरीकुण्ड राजमार्ग पर जुरानी बैरियर से लगभग 50 मीटर पीछे एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर मची अफरा-तफरी के बीच पुलिस और यातायात टीम की तत्परता ने चार लोगों की जान बचा ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाहन संख्या यूके यूके 07 टीबी 6444 अचानक नियंत्रण खो बैठा और करीब 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। घटना की सूचना मिलते ही यातायात (हॉक) टीम ने तुरंत अलर्ट जारी किया।

सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए यातायात निरीक्षक अपनी इंटरसेप्टर टीम, कोतवाली गुप्तकाशी पुलिस एवं चौकी फाटा के जवानों के साथ मौके पर पहुंचे। लगातार हो रही बारिश और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद, टीम ने अद्भुत साहस और समन्वय का परिचय देते हुए तेजी से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

कड़ी मशक्कत के बाद वाहन चालक समेत कार में सवार तीन महिला यात्रियों को सुरक्षित खाई से बाहर निकाला गया। सभी घायलों को तुरंत 108 एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया गया है कि वाहन में सवार तीनों महिलाएं महाराष्ट्र की निवासी हैं, जिनके नाम सुषमा, साधना और लता हैं। पुलिस और राहत टीम की त्वरित कार्रवाई और सतर्कता के चलते एक बड़ा हादसा टल गया, जिससे चार जिंदगियां सुरक्षित बचाई जा सकीं। यह घटना एक बार फिर पहाड़ी मार्गों पर सतर्कता और प्रशासन की मुस्तैदी के महत्व को उजागर करती है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जनपद देहरादून के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं चिकित्सालयों आदि में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मलेरिया से सम्बंधित विभिन्न प्रकार की गतिविधियां सम्पादित की गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून की अध्यक्षता में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून में गोष्ठी/कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत आशा फैसिलिटेटर को मलेरिया के लक्षण व बचाव के लिए क्या करें क्या न करें की जानकारी प्रदान की गयी । उन्होंने बताया कि मलेरिया एनोफिलीज प्रजाति के मादा मच्छर के काटने से फैलने वाली एक संक्रामक बीमारी है। उन्होंने मलेरिया के प्रमुख लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें तेज बुखार, बेचैनी, अत्यधिक पसीना आना और उल्टी जैसी समस्याएं देखने को मिलती हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं और समय पर उपचार लें।

बैठक में मलेरिया नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता अभियान को तेज करें। साथ ही मच्छरों के पनपने वाले स्थानों की नियमित साफ-सफाई, जलभराव रोकने और मच्छरदानी के उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया कार्यशाला में डॉ. मनोज शर्मा (मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून), डॉ. निधि रावत (अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन देहरादून), सुभाष जोशी(जिला मलेरिया अधिकारी देहरादून ),डॉ. मनीषा बिष्ट (डिस्ट्रिक्ट वेक्टर बॉर्न डिजीज कंसल्टेंट) पंचम सिंह बिष्ट , दिनेश पांडे , नरेंद्र पुंडीर आदि मौजूद रहे ।



### शहरी क्षेत्र में 6 अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों का निरीक्षण

**देहरादून।** गर्भाधान एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक के अंतर्गत देहरादून के शहरी क्षेत्र में 6 अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी देहरादून के दिशानिर्देश पर एसडीएम विकास नगर श्री विनोद कुमार के नेतृत्व में जिला निरीक्षण एवं मूल्यांकन समिति के सदस्यों द्वारा इमेजिंग सेंटर में जाकर पंजीकरण नवीनीकरण एवं अन्य दस्तावेजों का निरीक्षण किया गया। ए.सी.एम.ओ. डॉ0 निधि रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति के सदस्यों द्वारा सुभारती चिकित्सालय झाझरा, दून इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज शंकरपुर, देवभूमि हॉस्पिटल विकास नगर, मेडिकेयर हॉस्पिटल सेलाकुई तथा क्रिश्चियन हॉस्पिटल हरबर्टपुर में संचालित अल्ट्रासाउण्ड मशीनों की जांच की गयी।

# स्याल्दे के विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** बोर्ड परीक्षा परिणाम में विकासखण्ड स्याल्दे के राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आर्य इंटर कालेज, देघाट के छात्र वेदांत पपनै ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश मेरिट सूची में 6वां स्थान हासिल किया। इसी विद्यालय की छात्रा गार्गी बिष्ट ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश मेरिट सूची में 17वां स्थान प्राप्त किया। वहीं, जीआईसी जौरासी की छात्रा दीपा ने हाईस्कूल परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश मेरिट सूची में 18वां स्थान हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी वंदना रौतेला ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग

Gmail id-npprudraprayag6@gmail.com , Ph-9410535700

पत्रांक : 103/2026-27 दिनांक : 25.04.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग को ओ.डी.एफ. प्लस प्लस (ODF++) एवं गारवेज फ्री सिटी (GFC Free city) घोषित किया जाता है। नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26 मे नगर पालिका को ओ.डी.एफ. प्लस प्लस (ODF++) एवं गारवेज फ्री सिटी (GFC Free city) घोषित किये जाने, स्टार रैंकिंग में 1 स्टार के लिए घोषित कर आवेदन किये जाने पर यदि किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस में अपनी आपत्ति किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय पर नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग**

## न्यायालय श्रीमान असिस्टेन्ट कलेक्टर प्र0 श्रेणी श्रीनगर गढ़वाल

रा0वाद संख्य:- 12 सन्-2025-2026

वादी:- 1- मुकेश गिरी व धीरेन्द्र गिरी पुत्रगण स्व. विशेश्वर प्रसाद गिरी निवासी ग्राम नकोट पटटी रावतस्यूं, तहसील श्रीनगर जिला पौड़ी गढ़वाल।

**बनाम**

प्रतिवादीगण:- 1. ज्ञान गिरि पुत्र श्यामा गिरि 2. सुशीला देवी पत्नी प्रेम गिरी 3. गोपाल पुत्र प्रेम सिंह 4. दीपक पुत्र प्रेम सिंह 5. प्रभा देवी पत्नी रणजीत सिंह 6. सत्येन्द्र सिंह पुत्र बाग सिंह 7. महेन्द्र पुत्र बाग सिह 8. नन्दन सिंह पुत्र रूद्री सिंह 9. शंकरी देवी पत्नी सुन्दर गिरी 10. विशेश्वर प्रसाद पुत्र विधा गिरी 11. हरि सिह पुत्र जोत सिंह 12. विजय सिंह पुत्र जोत सिह 13. प्रताप सिह पुत्र जोत सिह 14. लक्ष्मण सिंह पुत्र हदय सिह 15. राजू लाल पुत्र सुन्दर दास 16. दौलत सिंह पपुत्र शालिक सिह 17.मनवर सिह पुत्र गोविन्द सिंह 18. दिलवर सिंह पुत्र गोविन्द सिह 19.बीरमान सिह पुत्र मातवर सिह 20. सोवन सिह पुत्र मातवर सिह 21.प्रेम सिह पुत्र मनवर सिह 22.गिरधारी लाल पुत्र मायाराम 23.भैरव दत्त पुत्र मायाराम 24.लोकेश्वर प्रसाद पुत्र मायाराम 25.हिमाचल सिंह पुत्र अतर सिह 26.गौतम सिह पुत्र अतर सिंह 27.गणपत सिह पुत्र अतर सिंह 28.दशरथ सिह पुत्र कल्यासिह 29.गोरकण सिह पुत्र कल्या सिह 30.गंगा सिह पुत्र कल्या सिंह 31.मातवर सिह पुत्र नयन सिंह 32.मनेश चन्द पुत्र हर्ष लाल 33.छंछरलाल पुत्र पुन्नूलाल 35. महाबीर सिह पुत्र श्यामसिह 36. मकानी देवी पत्नी पूरण सिह 37.शोभा देवी पत्नी विजय सिंह 38.राजेन्द्र सिंह पुत्र सौकार सिह 39. दिगम्बर सिह पुत्र सौकार सिह 40.सीरादेवी पत्नी सौकार सिह 41.विजय पुत्र साबर सिह 42.अजय पुत्र साबर सिह 43.कविता देवी पत्नी सोहन सिह 44.कलम सिह नेगी पुत्र धनपत सिह 45.प्रवीन सिंह चौहान पुत्र कुंवर सिह 46.भगवान देवी पत्नी पूर्णानंद 47.प्रीति भारती पत्नी त्रिलोक चन्द्र भारती 48.गैणी देवी पत्नी भगत सिह 49.हरी सिह पुत्र भगत सिह 50.रूकम सिह पुत्र भगत सिंह 51.जीत सिह पुत्र भगत सिह 52.उतम सिह पुत्र भगत सिह 53.जगभरत लाल पुत्र गोविन्द लाल 54.सरिता देवी पत्नी दिनेश 55.सुषमा देवी पत्नी त्रिलोक सिह 56.मंजू देवी पत्नी प्रेमलाल 57. देवेन्द्र सिह रावत पुत्र सूरत सिह 58.लोकेन्द्र सिह रावत पुत्र सूरत सिह 59. ईश्वरी प्रसाद पुत्र मुक्तिपद दास 60.सतेश्वरी पत्नी कुंदीलाल 61.जीतमणी पुत्र भगवती प्रसाद ऊर्फ सोहन लाल 62.हीरामणी पुत्र भगवती प्रसाद ऊर्फ सोहन लाल 63. इन्द्रपति देवी पत्नी भगवती प्रसाद ऊर्फ सोहन लाल 64. आलोक रावत पुत्र स्व. नरेन्द्र सिह 65. श्रीमती पूनम रावत पत्नी स्व. नरेन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम नकोट पटटी रावतस्यूं, तहसील श्रीनगर जिला पौड़ी गढ़वाल। अर्न्तगत धारा 229 (बी) उत्तराखण्ड (उ0प्र0) जमीदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था। अधिनियम 1950 (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश 2007)। चुकि वादी द्वारा मेरे न्यायालय में एक घोषणात्मक वाद अन्तर्गत धारा 229 (बी) उत्तराखण्ड जमीदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम ग्राम नकोट, पटटी रावतस्यूं तहसील श्रीनगर खाता संख्या 45 खेत संख्या 94 मध्ये तीन नाली भूमि (0.0600हे0 भूमि) मे प्रस्तुत किया है। अगर किसी व्यक्ति को को आपत्ति हो तो दिनांक 04.05.2026 को न्यायालय में उपस्थिति होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी। आज दिनांक 24.4.26 को न्यायालय की आज्ञा व मुद्रा से जारी।

**न्यायालय असिस्टेंट कलेक्टर (प्र. श्रेणी)**
**श्रीनगर गढ़वाल।**

# बोर्ड परीक्षा में रुद्रप्रयाग के मेधावियों का जलवा, प्रदेश में चमका जिले का नाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ ब्राइटलैंड इंटरनेशनल सेकेंडरी स्कूल चंद्रापुरी के प्रतीक नौटियाल ने 476 अंक 95.20 प्रतिशत के साथ किया द्वितीय स्थान प्राप्त,

**रुद्रप्रयाग/अगस्त्यमुनि।** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणामों में जनपद रुद्रप्रयाग के विद्यार्थियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों वर्गों में छात्रों ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। परिणाम घोषित होते ही जिलेभर में खुशी की लहर दौड़ गई, विद्यालयों में जश्न का माहौल बन गया, अभिभावकों के चेहरे गर्व से खिल उठे और शिक्षकों की मेहनत रंग लाई।

हाईस्कूल परीक्षा में गुरुकुल नेशनल स्कूल, अगस्त्यमुनि के छात्र आदित्य बुटोला ने 480 अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया, साथ ही प्रदेश स्तर पर आठवां स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। ब्राइटलैंड इंटरनेशनल सेकेंडरी स्कूल, चंद्रापुरी के प्रतीक नौटियाल ने 476 अंक 95.20 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि गुरुकुल नेशनल स्कूल के आयुष सिंह राणा ने 474 अंक 94.80 प्रतिशत हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। चिल्ड्रन एकेडमी इंटर कॉलेज, अगस्त्यमुनि के वंशज उछोली ने 470 अंक 94.00 प्रतिशत के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त एमजीजीएसवीएम इंटर कॉलेज, बेलानी के प्रतीक बुटोला एवं अभिनव रावत, जग्गी क्षेत्र की अंशिका, गुरुकुल नेशनल स्कूल के अंश गोस्वामी, अतुल मॉडल पब्लिक इंटर कॉलेज, तिलवाड़ा के आरुषि एवं निकुंज, जनता हाई स्कूल (मनिपुर चाका) की अंशिका तथा सी.ए.आई.सी. अगस्त्यमुनि के आयोग नेगी एवं पयाश सिंह बिष्ट सहित कई छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में भी रुद्रप्रयाग के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। गौरी मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज के शिवम मिलेगा ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया और प्रदेश मेरिट सूची में छठा स्थान प्राप्त किया। इसी विद्यालय के आदित्य नौटियाल ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान तथा प्रदेश स्तर पर 16वां स्थान हासिल किया। विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने इस सफलता को छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम बताया। गुरुकुल नेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य विनीता रौथाण ने कहा कि यह उपलब्धि निरंतर प्रयास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रतिफल है। गौरी मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विजय चमोला ने इसे अनुशासन और समर्पण की जीत बताया, वहीं ब्राइटलैंड इंटरनेशनल सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक अनूप रमोला ने इसे छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया। इस ऐतिहासिक परिणाम ने यह सिद्ध कर दिया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि लक्ष्य के प्रति समर्पण और मेहनत सच्ची हो, तो सफलता निश्चित है। रुद्रप्रयाग के इन मेधावी छात्रों ने न केवल जिले का नाम रोशन किया है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत किया है।

## दो लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा

**काशीपुर।** मीटर से पहले कट लगाकर दो घरों में बिजली चोरी पकड़े जाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। विद्युत वितरण खंड जसपुर के उपखंड अधिकारी शैलेंद्र कुमार सैनी ने कुंडा कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विभाग की टीम ने बाबरखेड़ा क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने शमशाद और शाहिद को विद्युत मीटर से पहले कट लगाकर अवैध रूप से बिजली उपयोग करते हुए पकड़ा।

## नाबालिग का अवैध गर्भपात कराने में दो धरे

**बागेश्वर।** कपकोट पुलिस ने नाबालिग का अवैध गर्भपात कराने के गंभीर मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 7 अप्रैल 2026 को थाना कपकोट में मामला दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान नाबालिग का अवैध गर्भपात कराने में नन्दन सिंह राठौर ऊं नंदू एवं लक्ष्मी टम्टा की संलिप्तता सामने आई। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 25 अप्रैल 2026 को दोनों आरोपियों को धारा 89/61(2) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में लक्ष्मी टम्टा (82 वर्ष), पत्नी स्व. नाथ लाल टम्टा, निवासी मजियाखेत थाना एवं जनपद बागेश्वर, तथा नन्दन सिंह राठौर उर्फ नंदू (39 वर्ष), पुत्र दान सिंह, निवासी ग्राम सिमगढ़ी थाना कांडा, हाल निवासी बनखोला अस्पताल रोड बागेश्वर शामिल हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मंजू पवार, सहायक उपनिरीक्षक सुनीता बाल्मीकि, कांस्टेबल हरीश सनवाल एवं कांस्टेबल अशोक टम्टा शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## इंटरमीडिएट की छात्रा लापता, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** सेन्ट्रल स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा 12 की एक नाबालिग छात्रा लापता हो गई। पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरु कर दी है। थाना साबिक निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 अप्रैल की सुबह 6.30 बजे उसकी कक्षा 12 व कक्षा 6 में पढ़ने वाली 2 नाबालिग पुत्रियां रोज की भांति सेन्ट्रल स्कूल ऑटो द्वारा पढ़ने गयी थीं। उसने बताया कि उसकी पुत्रियां जब 12 बजे तक घर नहीं पहुंची तो उसकी पत्नी स्कूल देखने गयी, वहां पर ऑटो में उसकी छोटी पुत्री बैठी मिली, जबकि बड़ी पुत्री गायब थी।

## टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

TATA

पंजीकृत कार्यालय: 11वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई.400013

**कब्ज़े की सूचना (अचल संपत्तियों के लिए)**

(प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, **वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के तहत** प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी करते हैं, जिसमें उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए कहा गया है।

उधारकर्ता को, विशेष रूप से और आम जनता को, यह सूचित किया जाता है कि उधारकर्ता द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, **नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।**

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जिसके अंतर्गत नीचे उल्लिखित तिथि से ब्याज और दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि सहित नीचे उल्लिखित राशि होगी।**

**उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।**

| ऋण खाता संख्या | ऋणी(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी (ओं)/ कानूनी प्रतिनिधि (ओं) का नाम | मांग नोटिस की राशि और तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|
| TCHHL07 3100010 0299446, TCHIN07 3100010 0302938 | श्री अयूब उर्फ अय्यूब (उधारकर्ता), तथा श्रीमती हसन जहां और श्री फरमान (सह-उधारकर्ता) | रु. 13,36,789/- ऋण खाता संख्या TCHHL0731000100299446 के अंतर्गत तथा रु. 88,244/- ऋण खाता संख्या TCHIN0731000100302938 के अंतर्गत आप द्वारा देय, कुल मिलाकर रु. 14,25,033/- (रुपये चौदह लाख पच्चीस हजार तैंतीस मात्र) दिनांक 10.02.2026 तक बकाया | 24.04.2026 |

**सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों का विवरण:-** सम्पूर्ण वह भाग एवं खंड जो आवासीय भू-खण्ड है, जिसका कुल क्षेत्रफल 819 वर्ग फुट अर्थात 76.12 वर्ग मीटर है (पूर्व 30.4 फीट, पश्चिम 32.6 फीट, उत्तर 26 फीट, दक्षिण 26 फीट), जो खसरा संख्या 27M में समाहित है, **ग्राम अत्मालपुर, बोंगला, परगना ज्वालापुर, तहसील एवं जिला हरिद्वार, उत्तराखंड में स्थित है, विक्रय विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं सहित। सीमाएं: पूर्व:** अन्य की भूमि, **पश्चिम:** धीरज की भूमि, **उत्तर:** 14 फीट चौड़ा रास्ता, **दक्षिण:** अन्य की भूमि।

**दिनांक :- 26-04-2026**
**स्थान :- हरिद्वार, उत्तराखंड**

**हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी,**
**कृते टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

## वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** बीएनएस अभियोगों में वांछित अभियुक्ता रमीशा चौहान पुत्री देवेंद्र सिंह चौहान, निवासी बांसखेड़ा खुर्द थाना आईटीआई, हाल निवासी डिजाइन सेंटर मधुबन नगर काशीपुर को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। उक्त प्रकरण में मुख्य अभियुक्त दीपक ठाकुर के कब्जे से 18 नवंबर 2025 को लगभग 5000 से अधिक प्रतिबंधित बुप्रेनोर्फिन इंजेक्शन बरामद किए गए थे। साथ ही विवेचना के दौरान लगभग 40,000 अन्य प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शनों की बरामदगी भी हुई। इस मामले में सह-अभियुक्त विपुल चौहान को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## पावर ट्रॅांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0

PTCUL

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

अधिशासी अभियन्ता (मुख्यालय भुगतान इकाई), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून-248002

दूरभाष नं0 0135-2646000-212 फैक्स नं0 0135-2643050 Email:- hqpu@ptcul.org

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक **25.05.2026** को 14.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यों का अनुभव प्रमाणपत्र रखते है व इनकम टैक्स/जी.एस. टी./ ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक **23.05.2026** तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00 +18% जी.एस.टी० अर्थात् रू0 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो Executive Engineer, HQPU, PTCUL के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू० 3,000.00 हैं।

1) **T-01/2026-27:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग में स्थापित विभिन्न कार्यालयों में उपलब्ध विभिन्न प्रकार की टूटी-फूटी फर्नीचर सामग्री की मरम्मत कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।

2) **T-02/2026-27:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" में स्थापित Duct No. 03 में M.S. Frame Section स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित अनुरक्षण कार्य (अनुमानित लागत रू0 99,700.00)।

3) **T-03/2026-27:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग में स्थापित कार्यालय में PVC Panel स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य (अनुमानित लागत रू0 99,893.00)।

4) **T-04/2026-27:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन' बिल्डिंग के छत पर Fiber निर्मित गमले क्रय कर स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।

5) **T-05/2026-27:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग की छत पर स्थापित गमलों, विद्युत भवन परिसर में स्थित सामने के पोर्च एवं विद्युत भवन के पिछले पोर्च के नीचे विभिन्न प्रकार के पौधे क्रय कर रोपित करवाने का कार्य एवं अन्य सम्बन्धित कार्य।

पत्रांक: 690/मु0भु0इ0/पिटकुल/विज्ञापन
दिनांक: 25.04.2026

**अधिशासी अभियन्ता**
**(मु0भु0इ0)**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

## कार्यालय मुख्य कृषि अधिकारी उत्तरकाशी।

पत्रांक- 82 /मु०कृ०अ०उ० / मृदा परीक्षण / प्रेस विज्ञप्ति।/ 2026-27 / दिनॉक - 24/04/ 2026

**विज्ञप्ति**

जनपद उत्तरकाशी के समस्त कृषकों को सूचित किया जाता है कि मृदा स्वास्थ्य सुधार एवं फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से मृदा परीक्षण अत्यंत आवश्यक है। मृदा परीक्षण के माध्यम से भूमि की उर्वरता एवं उत्पादकत तथा पोषक तत्वों की कमी का पता चलता है, उसकी पूर्ति करने से मृदा के स्वास्थ्य में सुधार होता है एंव उत्पादन क्षमता बढ़ता है।

**मृदा परीक्षण के अन्तर्गत निम्न पोषक तत्वों की जाँच की जाती है।**

**मुख्य एवं द्वितीयक पोषक तत्व** - नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, कैल्शियम, मैग्नीशियम, सल्फर, बोरॉन अम्ल - अनुपात एंव विधुत चालकता आदि।

**सूक्ष्म पोषक तत्व** - जिंक, कॉपर आयरन, मैगनीज एंव मोलिब्डेनम आदि।

उक्त पोषक तत्वों की जॉच जनपदीय मृदा परीक्षण प्रयोगशाला उत्तरकाशी डांग में की जाती है। मृदा नमूना का परीक्षण शुल्क-193 रू0 की धनराशि देकर विभागीय रसीद प्राप्त करेंगे, मृदा नमूना विश्लेषणोपरान्त कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड निर्गत किया जाता है, जिसमें खेत की उर्वरता स्तर की जानकारी प्राप्त होती है, साथ - साथ कृषकों के द्वारा बोई जाने वाली फसलों के लिये जैविक / रसायनिक उर्वरकों की संस्तुति मात्रा दी जाती है, जिसके आधार पर कृषक अपने-अपने खेतो में उर्वरको का प्रयोग करते है।

**अधिक जानकारी हेतु निम्नलिखित दूरभाष नम्बरों पर सम्पर्क किया जा सकता है।**

1- श्री प्रदीप नाथ, प्रभारी जनपदीय मृदा परीक्षण प्रयोगशाला मो0नं0-6398782399
2- श्री अनिल नौटियाल, स०कृ0अ0वर्ग - 1, मो० नं०- 8650659461 कार्यालय - मुख्य कृषि अधिकारी, उत्तरकाशी।
3 -श्री विपिन चौहान स०कृ०अ० वर्ग -1 मो० नं० -9528535858 कार्यालय - कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, उत्तरकाशी।
4 - श्री हिमांशु उपरेती, कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, बड़कोट एवं मोरी, मो0नं0-8859967790
5- श्री सुरेश राणा, विकास खण्ड प्रभारी भटवाडी मो0न0-7895288500
6- श्री दाताराम गौड़, विकास खण्ड प्रभारी डुण्डा मो0न0-9997163668
7- श्री प्रवेश रमोला, विकास खण्ड प्रभारी चिन्यालीसौड़ मो0न0- 9557466259
8 -श्रीमती अंजनी रावत, विकास खण्ड प्रभारी नौगांव मो0न0- 9690036517
9- श्री राहुल नेगी, विकास खण्ड प्रभारी पुरोला मो0न0- 9528789925
10- श्री शुभम रावत, विकास खण्ड प्रभारी मोरी मो0न0- 8433085789

**(एस0एस0 वर्मा)**
**मुख्य कृषि अधिकारी,**
**उत्तरकाशी।**

# बोर्ड परीक्षा में सैनिक स्कूल के छात्रों का दबदबा

## इंटर में सैनिक स्कूल के सुमित सिंह फर्त्याल ने वरियता सूची में पाया 25वां स्थान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर के तत्वावधान में आयोजित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में नैनीताल के 7 स्कूलों में अबकी बार नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के छात्रों का दबदबा देखने को मिला। स्कूल के मेधावी छात्र सुमित सिंह फर्त्याल (92.4 फीसदी अंक) ने इंटर में प्रदेश की वरियता सूची में 25वां स्थान हासिल किया। वहीं मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज तथा राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ तथा कुंदन लाल साह ट्रस्ट नगर पालिका बालि. का इंटर कालेज के परीक्षार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में दूसरा स्थान पाने में कामयाबी हासिल की। अन्य स्कूलों का परीक्षा परिणाम मिला जुला रहा।

नगर के शहीद मेजर राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य आरएस अधिकारी के मुताबिक हाईस्कूल परीक्षा में पंजीकृत 14 छात्रों में से 7 ने परीक्षा उत्तीर्ण की जिसमें सभी छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए वहीं इंटर में पंजीकृत 19 छात्रों में से 15 ने परीक्षा उत्तीर्ण की जिसमें से 15 ने परीक्षा उत्तीर्ण की। परीक्षाफल 79 फीसदी रहा जबकि इंशाक कुमार ने 77.4 फीसदी अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने सभी उत्तीर्ण छात्रों को कालेज परिवार की ओर से बधाई देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की।

नगर के बिशप शॉ इंटर कालेज प्रबंधन से मिली जानकारी के मुता. बिक कालेज का बोर्ड परीक्षा का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। इंटर में कार्तिकेय शर्मा ने 80.6 फीसदी अंक अर्जित कर प्रथम, स्वर्णिमा पांडे ने 79.6 फीसदी अंक लेकर द्वितीय जबकि शगुन हर्नवाल ने 78 फीसदी अंक अर्जित कर तीसरा स्थान पाया वहीं



हाईस्कूल में सौरभ तिवारी ने 82 फीसदी अंक लेकर प्रथम, दक्ष टमटा ने 80.8 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय वहीं 76.6 फीसदी अंक लेकर अंकित नैनवाल तीसरे स्थान पर रहे। कालेज की प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने उत्तीर्ण बच्चों को बधाई देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सीआरएसटी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडेय के मुताबिक इंटर में 18 छात्रों में से 10 उत्तीर्ण हुए जिसमें से 5 ने प्रथम जबकि शेष 5 द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। इनमें से अजय सिंह फर्त्याल ने सर्वाधिक 72.2 फीसदी अंक हासिल किये वहीं लक्की को. हली 69 फीसदी अंक अर्जित कर दूसरे स्थान पर रहे। हाईस्कूल में 14 छात्रों में से 6 ने परीक्षा उत्तीर्ण की। परीक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत 43 रहा। हाईस्कूल में 5 ने द्वितीय तथा एक ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। पांडेय ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को कालेज परिवार की ओर से बधाई दी है।

नगर के भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता के मुताबिक हाईस्कूल परीक्षा में पंजीकृत 138 परीक्षार्थियों में से 128 उत्तीर्ण हुए जिसमें से 14 परीक्षार्थी ससम्मान वहीं 34 ने प्रथम, 58 ने द्वितीय तथा 22 ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

उत्तीर्ण प्रतिशत 92.7 रहा। हाईस्कूल में रश्मि नयाल ने 500 में से 428 (85.6 फीसदी), हर्षिता रौतेला ने 500 में से 418 (83.6 फीसदी), नीलांशी टोलिया ने 500 में से 415 (83 फीसदी), अभिमन बिष्ट ने 500 में से 408 (81.6 फीसदी) तथा आयुष मेहरा ने 500 में से 393 (78. 6 फीसदी) अंक अर्जित कर स्कूल का गौरव बढ़ाया। वहीं इंटर में पंजीकृत 172 में से 166 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए, जिसमें 21 ने ससम्मान परीक्षा उत्तीर्ण की वहीं 81 ने प्रथम, 64 ने द्वितीय स्थान पाया उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 92.7 फीसदी रहा। इंटर में राज्य की वरियता सूची में सुमित फर्त्याल ने 25वां स्थान अर्जित कर कालेज व शहर का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। उन्होंने 500 में से 462 अंक (92.4 फीसदी) हासिल किए। इसके अलावा सौरभ कुमार ने 500 में से 456 (91.2 फीसदी), कृतिका ने 500 में से 446 (89.2 फीसदी), सुनैना ने 500 में से 440 (88 फीसदी), काव्या जोशी ने 500 में से 436 (87.2 फीसदी), ममता भंडारी ने 500 में से 427 (85.4 फीसदी), जगदीश बिष्ट ने 500 में से 412 (82.6 फीसदी), वैभव रजवार ने 500 में से 410 (82 फीसदी), विकास जोशी ने 500 में से 409 (81.8 फीसदी) जबकि अनिता तिवारी ने 500 में से 407 (81.4 फीसदी) अंक हासिल किए। प्रधानाचार्य मेहता समेत प्रबंधक एडवोकेट ज्योति प्रकाश समेत कालेज परिवार ने उत्तीर्ण छात्रों को बधाई देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज की प्रधानाचार्या शबनम अहमद के मुताबिक हाईस्कूल में पंजीकृत 36 में से 35 ने परीक्षा दी जिसमें से सभी छात्राएं उत्तीर्ण हुई वही 4 छात्राओं ने ससम्मान परीक्षा उत्तीर्ण की वहीं 18 प्रथम तथा 17 ने द्वितीय स्थान पाया। परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा, जिसमें सारा परवीन ने 500 में से 450 (90 फीसदी), हर्षिता सिलेलान ने 500 में से 398 (79.6 फीसदी) तथा ज्योति बिष्ट ने 500 में से 393 (78.6 फीसदी) अंक अर्जित किए। इंटर में पंजीकृत 55 में से सभी ने परीक्षा देकर सभी उत्तीर्ण हुई जिसमें से 16 ने ससम्मान सहित परीक्षा उत्तीर्ण की वहीं 31 प्रथम तथा 8 ने द्वितीय श्रेणी अर्जित की। वरियता सूची में स्थान पाने वालों में आकांक्षा शर्मा ने 500 में से 445 (89 फीसदी), विनीता बिष्ट ने 500 में से 438 (87.6 फीसदी) तथा ममता बिष्ट ने 500 में से 435 (87 फीसदी) शामिल रही। कालेज के प्रबंधक विनय साह, प्रधानाचार्या शबनम अहमद समेत कालेज परिवार ने कालेज का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहने पर सभी बच्चों के साथ ही उनके गुरुजनों को बधाई दी। इस खुशी के विशेष मौके पर स्कूल परिसर में मिष्ठान भी वितरित किया गया।

राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ की प्रधानाचार्या तारा बोरा के मुताबिक हाईस्कूल में पंजीकृत 19 में से 18 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें 16 उत्तीर्ण हुए जिसमें 1 ने प्रथम, 10 ने द्वितीय व 5 ने तृतीय स्थान हासिल किया वहीं उत्तीर्ण प्रतिशत 88.89 फीसदी रहा। कोमल नाज ने सर्वाधिक 71.6 फीसदी अंक अर्जित कर पहला स्थान पाया। इंटर में पंजीकृत 25 में से 24 ने परीक्षा दी जिसमें से 22 उत्तीर्ण हुए जिसमें 15 ने प्रथम, 7 ने द्वितीय स्थान पाया। उत्तीर्ण प्रतिशत 91.67 रहा। बताया कि स्कूल स्तर पर 83.2 फीसदी अंक लेकर अर्जुन त्यागी पहले, मो. इमरान 79 फीसदी अंक लेकर दूसरे जबकि रोशन सिजवाली 75.4 फीसदी अंक लेकर तीसरे जबकि तीन छात्र ससमान उत्तीर्ण हुए। प्रधानाचार्या तारा बोरा समेत कालेज परिवार ने उत्तीर्ण छात्रों को बधाई देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

कुंदन लाल साह ट्रस्ट नगर पालिका बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या नीतू रावत के मुताबिक हाईस्कूल में पंजीकृत 11 में से 10 ने परीक्षा उत्तीर्ण की जिसमें से नीमा बिष्ट ने 69.8 फीसदी अंक लेकर पहला, प्रियांशी ने 60 फीसदी अंक अर्जित कर दूसरा व 56.8 फीसदी अंक पाकर शिफा ने तीसरा स्थान अर्जित किया। इंटर में पंजीकृत 14 में से 13 ने परीक्षा उत्तीर्ण की जिसमें चंद्रिका ने 73.4 फीसदी अंकों के साथ प्रथम, खुशनुमा ने 70. 2 फीसदी अंक लेकर द्वितीय जबकि 59.6 फीसदी अंक लेकर खुशबू आर्या ने तीसरा स्थान अर्जित किया। प्रधानाचार्या नीतू रावत समेत कालेज परिवार ने उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

दूसरी ओर राजकीय बालिका इंटर कालेज भवाली की छात्राओं का परिषदीय परीक्षा में शत प्रतिशत प्रदर्शन रहा। इंटरमीडिएट में 88 फीसदी अंक लाकर आशिका बैरवा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुल 48 से अधिक बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सात से अधिक छात्राएं विशिष्ट उपलब्धि के साथ उत्तीर्ण हुई। हाई स्कूल में भी बालिकाओं ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। 80 फीसदी से अधिक अंक लाकर मानसी ने विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य डा. रेखा आर्य तथा समस्त शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मर्चेन्ट नेवी व डिफेंस में कैरियर बनाना चाहते हैं सुमित

**नैनीताल।** उत्तराखंड बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश की वरियता सूची में 25वां स्थान हासिल करने वाले सुमित सिंह फर्त्याल का कहना है कि वह मर्चेंट



नेवी या डिफेंस क्षेत्र में जाकर देश की सेवा करने की तममना रखते हैं। सुमित ने बताया कि उन्होंने किसी कोचिंग के बिना सेल्फ स्टडी पर भरोसा किया। वे रोजाना 4 घंटे और परीक्षा के समय 6 से 7 घंटे पढ़ते थे। उनकी रणनीति एनसीईआरटी के बेसिक्स को स्पष्ट रखने और पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों के निरंतर अभ्यास पर टिकी थी। उन्होंने कठिन विषयों फिजिक्स व केमिस्ट्री और मैथ पर विशेष ध्यान दिया। हाईस्कूल में सुमित ने 93.8 फीसदी अंक हासिल किए थे। बता दें शहर के स्टाफ हाउस निवासी सुमित के पिता चंदन सिंह फर्त्याल मल्लीताल के एक रेस्टोरेंट में कुक हैं और माता कमला डाक विभाग में आरडी एजेंट हैं। तीन भाई-बहनों में सबसे बड़े सुमित ने अपनी सफलता का श्रेय माता व पिता और गुरुजनों को दिया है। कालेज के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता व प्रबंधक एडवोकेट ज्योति प्रकाश समेत कालेज परिवार ने सुमित की विशेष उपलब्धि पर खुशी जाहिर कर उन्हें बधाई दी है।

## एक नजर

### ब्रह्मज्ञान के पश्चात सत्संग आवश्यक: चौधरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संत निरंकारी मिशन के तत्वधान में एक विशाल सत्संग का आयोजन संत निरंकारी सत्संग भवन गोजाजाली बरेली रोड हल्द्वानी में हुआ जिसमे दिल्ली से पधारे मिशन के केंद्रीय ज्ञानप्रचारक नेपाल सिंह चौधरी ने सत्संग को संबोधित करते हुए अपने विचारों में कहा कि प्रभु कृपा से कई जन्मों पश्चात मनुष्य जन्म मिलता है। सदगुरु कृपा से ज्ञान की प्राप्ति होती है। ज्ञान पर दृढ़ता के लिए सत्संग आवश्यक है। बाबा अवतार सिंह महाराज कहते हैं जो संतजन प्रतिदिन संगत में आते हैं वो कभी भी भुलावे में नहीं पड़ते कोई भी समय हो संगत को हाथ से खोने नहीं देते। उन्होंने कहा कि आज ज्ञान कि कमी होने के कारण संसार में मानव एक दुसरे के प्रति देव्शभावाना और अहंकार में पड़ा है इसी भावना को मिटाने के लिए आज सदगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ये ब्रम्ह ज्ञान दे रहे हैं ताकि इसी ज्ञान से संसार में भाईचारा और एकता कायम हो सके और इसी ब्रह्मज्ञान से प्रभु को भी पाना संभव है। सत्संग के अंत में क्षेत्रीय संचालक दीपक वाही ने दिल्ली से पधारे महात्माओं का और आई हुई समस्त साधसंगत का आभार व्यक्त किया।

### मल्लीताल बाजार का सौंदर्यीकरण शुरू

**नैनीताल।** ठीक गर्मी और पर्यटन सीजन के बीच मल्लीताल बाजार में सौंदर्यीकरण कार्य शुरू होने से स्थानीय कारोबारियों में नाराजगी है। कारोबा. रियों का कहना है कि हर साल जैसे ही सीजन शुरू होता हैए विभागों द्वारा निर्माण कार्य शुरू कर दिए जाते हैं जिससे उनके व्यापार पर सीधा असर पड़ता है। मल्लीताल व्यापार मंडल के महामंत्री त्रिभुवन सिंह फर्त्याल ने कहा कि बाजार का सौंदर्यीकरण अच्छी बात है लेकिन पीक सीजन मे यह कार्य सही नहीं है। कहा कि सड़क की खुदाई से बाजार में धूल उड़ने के साथ ही आवाजाही में भी दिक्कतें बढ़ेंगी। पीक सीजन में पर्यटकों की आवाजाही अधिक रहती है, ऐसे में निर्माण कार्य से बाजार की रौनक और कारोबार दोनों प्रभावित हो सकते हैं, वहीं लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) के सहायक अभियंता तुला राम ने बताया कि करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से खड़ी बाजार की तर्ज पर मल्लीताल बाजार का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्य दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है और इस दौरान कारोबारियों को कम से कम असुविधा हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### बेलुवाखान के जंगल धधके, सांस अटकी

**नैनीताल।** हल्द्वानी रोड स्थित बेलुवाखान के पास जंगल क्षेत्र में शनिवार सुबह अचानक आग भड़क उठी। तेजी से फैलती आग को देख आसपास के लोगों में दहशत फैल गई लेकिन दमकल और वन विभाग की तत्परता से बड़ा खतरा टल गया। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह बेलुवाखान के जंगल में अचानक आग लग गई। चीड़ का जंगल होने के चलते आग ने विकराल रूप लिया तो लोगों ने दमकल और वन विभाग की टीम को सूचना दे दी। सूचना के बाद वन विभाग और दमकल की टीम भी मौके पर पहुंच गई। अग्निशमन केंद्र मल्लीताल के एफएसओ देवेंद्र सिंह नेगी के अनुसार सुबह साढ़े नौ बजे जंगल में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही फायर यूनिट बिना देर किए घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि जंगल में आग तेजी से फैल रही है। इसके बाद फायर यूनिट ने पंपिंग करते हुए और वन कर्मियों के साथ मिलकर पीठ पर उपकरण लेकर कड़ी मशक्कत की। काफी प्रयासों के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया और उसे अन्य क्षेत्रों में फैलने से भी रोक दिया गया। इस दौरान फायर यूनिट के कर्मी प्रकाश चंद कांडपाल, जयप्रकाश, रमेश चंद तथा किशोर सिंह और नीरज कुमार शामिल रहे।

### छात्र ने छात्राओं को छींटाकशी की तो हुई कार्रवाई

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में एक छात्र द्वारा छात्राओं से छींटाकशी करने का मामला सामने आया है जिसने कालेज परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिनदहाड़े हुई इस घटना से छात्राओं में असहजता का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार भुमियाधार निवासी एक युवक शनिवार को कालेज पहुंचा और परिसर में आने जाने वाली छात्राओं पर छींटाकशी करने लगा। छात्र की हरकतों से परेशान होकर लोगों ने 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को पकड़कर थाने ले आई। जहां उसके परिजनों ने बताया कि युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहा है। एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि भुमियाधार निवासी आशीष कुमार के खिलाफ पुलिस एकट के तहत चालानी कार्रवाई की गई है। युवक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### मल्लीताल में बुजुर्ग के घर पर कब्जे की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल के चार्टन लॉज क्षेत्र में एक बुजुर्ग के मकान पर कब्जा करने की कोशिश का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए मकान खाली कराया। जानकारी के अनुसार भास्कर मासीवाल का चार्टन लॉज में घर है। लेकिन वह वर्तमान में रामनगर में रह रहे हैं जिसके चलते मकान बंद है। उनकी गैरमौजूदगी का फायदा उठाते हुए एक व्यक्ति ने उनके घर में अपनी निर्माण सामग्री रख दी और कब्जा करने का प्रयास किया। मामले की जानकारी मिलने पर मास. ीवाल ने तुरंत पुलिस से शिकायत की। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घर में रखा सामान हटवाकर मकान को खाली कराया। कोतवाल हेम पंत ने बताया कि संबंधित व्यक्ति को सखत चेतावनी दी गई है कि भविष्य में इस तरह की हरकत दोबारा न करे।

## वाल्मीकि सभा ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** वाल्मीकि सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शनिवार को शपथ



ग्रहण समारोह हुआ। बता दें मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या ने शपथ ग्रहण समारोह में सभी पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई। यहां विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी शीलू कुमार भी उपस्थित रहे। वाल्मीकि सभा के चुनाव विगत 5 अप्रैल को पालिका सभागार में संपन्न हुए थे जिसमें अध्यक्ष पद पर गिरीश भैया और सचिव पद पर दिनेश कटियार ने जीत हासिल की थी वहीं उपाध्यक्ष पद पर संजय सौदा और उपसचिव पद पर अभिषेक मुल्तानिया विजेता रहे थे। इन सभी पदाधिकारियों ने शनिवार को अपने पद की शपथ ग्रहण की और अपने क र्तव्यों का निष्ठा के साथ पालन करने का प्रण लिया। इस दौरान सभासद गजाला कमाल, भगवत रावत, अंकित चंद्रा, रमेश प्रसाद, सुरेंद्र कुमार सहित सभा के सदस्य व अन्य लोग मौजूद रहे।

# गैस वितरकों से महिलाओं ने की अभद्रता

## नाराज़ कर्मचारियों ने कोतवाली में खड़े किए गैस वाहन, कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में गैस सिलेंडर वितरण के दौरान विवाद भी सामने आने लगे हैं। बीती रोज सात नंबर क्षेत्र में सिलेंडर वितरण करने गए गैस वाहन को महिलाओं ने घेर लिया। महिलाओं द्वारा अभद्रता किये जाने के विरोध में कर्मियों ने गैस वाहन कोतवाली में खड़े कर कार्रवाई की मांग कर जमकर विरोध जताया। कर्मियों ने संबंधित महिलाओं पर कार्रवाई की मांग की। गैस वाहन कोतवाली में खड़े होने के कारण शहर में गैस आपूर्ति बाधित रही। इंडेन गैस एजेंसी कर्मी जगदीश सिंह कन्याल ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि शुक्रवार को वह गैस वितरण के लिए सात नंबर स्थित



हनुमान मंदिर क्षेत्र में गए थे। गैस वितरण के बाद 10 से 15 महिलाओं ने गैस वाहन को घेर लिया।

चालक और मुंशी के साथ अभद्रता और मारपीट की गई। एक महिला ने वाहन की चाबी भी छीन ली। 112 पर फोन करने पर पहुंची पुलिस ने महिला से चाबी लेकर वाहन कोतवाली पहुंचाया। दूसरी ओर एजेंसी कर्मियों से अभद्रता से आक्रोशित होकर शनिवार सुबह ही अपने वाहन कोतवाली के बाहर खड़े कर दिए। जहां कर्मी महिलाओं पर कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे। वाहन खड़े होने से शहर में गैस आपूर्ति भी बाधित रही। शिकायत पर पुलिस महिला को कोतवाली लाई तो वह क्षेत्र में तीन सप्ताह से गैस वाहन नहीं पहुंचने के कारण आवेश में चाबी लिए जाने की बात करने लगी। हालांकि क्षेत्र के तमाम लोगों के समझाने बुझाने के बाद कर्मियों ने कार्रवाई की मांग वापस ले ली। मामले में कोतवाली की एसआई आशा बिष्ट ने बताया कि सात नंबर निवासी भावना देवी के विरुद्ध पुलिस एकट में चालानी कार्रवाई की गयी है। महिला के लिखित माफीनामे के बाद दोनों पक्षों में सुलह हो गयी है।

# ग्राफिक एरा में मुनैरा 2.0 का आगाज़

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में शनिवार को मुनैरा 2.0 का भव्य शुभारंभ हुआ। तेजस्वी बुद्धिमत्ता, प्रभावशाली वक्तत्व कला और वैश्विक दृष्टिकोण के संगम के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा और कूटनीतिक संवाद का मंच प्रदान किया। वर्डव्हिम्स क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने परिसर को वैश्विक एकता के रंगों से सजा दिया। विभिन्न देशों के झंडों से सुसज्जित परिसर ने पूरे आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने जोशीली बहसों, विचारोत्तजक चर्चाओं और कूटनीतिक रणनीतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ जिसके बाद



भावपूर्ण वंदना एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुति ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर पर परिसर निदेशक ने अपने संबोधन में ग्राफिक एरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. डा. कमल घनशाला के दूरदर्शी नेतृत्व में संस्थान की प्रगति और विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में मॉडल यूनाइटेड नेशंस जैसे आयोजन संवाद, सहयोग और सार्थक समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में ईशिता कर्नाटक, सदस्य सलाहकार बोर्ड ने स्वागत भाषण दिया जबकि सचिव जनरल सागर सिंह रावत ने औपचारिक रूप से गैवल बजाकर मुनैरा 2.0 का उद्घाटन किया। मुनैरा 2.0 में विभिन्न समितियों का गठन किया गयाए जिनमें संयुक्त राष्ट्र महासभा, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रमस ऑल इंडिया पॉलिटिकल पार्टी मीट, लोकसभा तथा इंटरनेशनल प्रेस शामिल रहे।

## पालिकाध्यक्ष ने जूमलैंड क्षेत्र से हटवाया अतिक्रमण

**नैनीताल।** नगर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने शनिवार को नैनीताल के जूमलैंड भोटिया मार्केट और पालिका मार्केट क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर जूमलैंड क्षेत्र से अतिक्रमण हटवाया और आगे से ऐसा न करने की हिदायत दी, साथ ही सभी दुक. ानदारों को सख्त निर्देश दिए कि कूड़ा कचरा कूड़ेदान में हो डालें तथा इधर उधर गंदगी न फैलाएं। कहा कि अगर कोई भी गंदगी फैलाता पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक अमित कुमार, कर निरीक्षक वेद प्रकाश सैनी, कर निरीक्षक भारत प्रकाश समेत हिमांशु चंद्रा, शनि आदि मौजूद रहे।

# 11वें पंचेन लामा का जन्मदिन मनाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में शनिवार को तिब्बती समुदाय की ओर से शनिवार को 11वें पंचेन लामा (गेदुन येशी थ्रिनले फुंतसोक) का 37वां जन्म दिन मनाया गया। इस मौके पर विविध धार्मिक अनुष्ठान कर उनके दीर्घायु की कामना की गयी। जन्म दिन के चलते दिनभर तिब्बती बाजार भी पूरी तरह से बंद रहा। इससे पूर्व स्थानीय तिब्बती समुदाय के लोग सुबह 9 बजे मल्लीताल के सुख निवास स्थित गादेन कुनकयोप्लिंग मठ में इकठ्ठा हुए। स्थानीय तिब्बती समुदाय के सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने 11वें पंचेन लामा की तस्वीर को धार्मिक ऑफिशियली सेलिब्रेशन की जगह तक स्वागत कर तख्त पर रखा गया। सभी ने परम पावन 11वें पंचेन



लामा की लंबी उम्र, धार्मिक शिक्षण, अच्छी सेहत और तुरंत रिहाई की खास दुआ की गई। गादेन कुनयोप्लिंग मठ के मठाधीश मेन मोन ने ऑफिशियली 37वें जन्मदिन का केक काटा। केक के टुकड़े भिक्षुओं और सेलिब्रेशन मनाने के लिए इकठ्ठा हुए लोगों को दिए गए। इकठ्ठा हुए लोगों ने सेलिब्रेशन की खुशी दिखाते हुए तिब्बती ट्रेडिशनल डांस किया। इस मौके पर स्थानीय तिब्बती बौद्ध मठ के मुख्य गुरु टुल्कु जमयॉग धोन्डुप तथा जमयॉग तेनं. जन, छुलट्रिम, स्थानीय तिब्बती समुदाय के वरिष्ठ सदस्य पेमा छौफेल, नोरबू छिरींग, तिब्बती मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष येशी थुप्तेन, तिब्बती संघर्ष समिति के अध्यक्ष तेनजिन जिनपा, सचिव तेनजिन धोनयो, तेनजिन छिरींग, थुप्तेन नोरबू, स्थानीय तिब्बती युवा कांग्रेस केअध्यक्ष तेनजिन जिग्मे, उपाध्यक्ष टाशी तोपग्याल, तेनजिन कुन्संग, कुंगा छौडोन, स्थानीय तिबबती महिला संगठन के अध्यक्ष केलसंग छुकी, उपाध्यक्ष सोनम छोएडोन, सचिव रिंजिन छोएजोम, टाशी डोल्मा, तेनजिन ल्हाडोन, तेनजिन छोएडोन, आम जन में छिरींग तोपग्याल, तेनजिन छुलट्रिम, तेनजिन छौफेल, छिरींग पाल्मो, छिरींग पेलकी, सोनम नॉर्जोम, केलसंग यांगडोन, डोल्मा छोएजोम, टाशी डोल्मा, छिरींग यांगज़ोम तथा सोनम छोएजोम आदि मौजूद रहे।

# दुग्ध उत्पादकों को किटों का वितरण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल आँचल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में दुग्ध उत्पादकों को बढ़ावा देने के लिए 3500 किटों का वितरण किया गया वहीं 78 लाभार्थियों को 1.17 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि के चेक भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में बहुगुणा के जनसेवा और विकास कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बता दें नैनीताल क्लब में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या, भीमताल के ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट, भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की, मंडी परिषद सलाहकार मनोज जोशी, सांसद प्रति. निधि गोपाल सिंह रावत और दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने संयुक्त



रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान अतिथियों का शॉल तथा पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

दुग्ध उपार्जन और विपणन को लेकर जागरूकता गोष्ठी आयोजित कर उत्पादकों को आवश्यक जानकारी दी गई। प्रोत्साहन के रूप में 78 लाभार्थियों को 1 लाख 17 हजार रुपये के चेक वितरित किए गए और उत्कृष्ट कार्य करने वाले दुग्ध उत्पादकों को सममानित किया गया। वक्ताओं ने हेमवती नंदन बहुगुणा के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें प्रेरणास्रोत बताया। विधायक सरिता आर्या ने पशुपालकों को जंगली जानवरों से पशुओं की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की अपील की। इस मौके पर दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा दूध के मूल्य में 18 माह में 13 रुपये की बढ़ोतरी से दुग्ध उत्पादकों को लाभ मिला है साथ ही साइलेज अनुदान और दुग्ध प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी से पशुपालकों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने आंचल ब्रांड को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान भी किया।

कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह भाकुनी ने किया। इस मौके पर संच. ालक मंडल सदस्य गोविंद सिंह मेहता, खष्टी देवी, सामान्य प्रबंधक अनुराग शर्मा, वित्त प्रभारी उमेश पठालनी, पी एंड आई सुभाष बाबू, एु ओ शांति कोरंगा, कृपाल सिंह, हरीश आर्य, मुन्नी आर्या, नीमा साह, गीता नेगी, मीना रौतेला, हेमंत पाल, विपिन तिवारी, महेश पांडे, चंद्रशेखर बमेटा, जितेंद्र खोलिया, कुंदन असगोला, लो. केश शर्मा, गौरव चौहान, सुमित पांडे, मोहन पांडे, पूरन मिश्रा, प्रखर साह, विमल कुमार तथा प्रमोद बोहरा सहित अन्य गणमान्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## युवक की तलाश जारी

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती पंगोट लदबांसी क्षेत्र का युवक दीपक रहस्यमय तरीके से लापता हो गया है। पुलिस, एसडीआरएफ और स्वान दल द्वारा लगातार सघन खोजबीन के बावजूद तीसरे दिन भी उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। युवक को आखिरी बार तल्लीताल स्थित रोडवेज स्टेशन के पास देखा गया था। बता दें कि शनिवार को भी पुलिस के साथ एसडीआरएफ और स्वान दल (डॉग स्क्वॉड) ने नैनीताल से लगे जंगल क्षेत्रों में व्यापक सर्च अभियान चलाया। युवक की तलाश के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गयाए लेकिन शाम तक कोई सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ-साथ सभी संभावित स्थानों पर जांच कर रही है। थानाध्यक्ष मनोज नयाल ने बताया कि युवक की तलाश के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है।

# अफरोज़ जिलाध्यक्ष, ममता जिला मंत्री बनीं

## अधीनस्थ कृषि सेवा संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को अधीनस्थ कृषि सेवा संघ जिला नैनीताल का द्विवार्षिक अधिवेशन कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय हल्द्वानी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष शुभम आर्य मुख्य अतिथि तथा मंडल महामंत्री मनीष कुशवाहा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अधिवेशन के दौरान पुरानी जिला कार्यकारिणी को भंग करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अफरोज अहमद को जिला अध्यक्ष, डा. ममता जोशी को जिला मंत्री, देवयानी चौधरी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा शुभम सिंह को कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। वहीं, संगठन ने जितेंद्र कुमार को संरक्षक और डा. जितेंद्र भास्कर को मुख्य सलाहकार मनोनीत



किया। चुनाव प्रक्रिया का संचालन डा. जितेंद्र भास्कर ने चुनाव अधिक. ारी के रूप में किया। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष शुभम आर्य ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को कर्मचारियों के हित में निष्पक्ष रूप से कार्य करने की शपथ दिलाई। अधिवेशन में कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें एक से अधिक न्याय पंचायतों का कार्यभार, फील्ड में डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्म रजिस्ट्री कार्यों में आ रही समस्याएं प्रमुख रहीं। इसके अलावा ग्रेड पे, वेतन विसंगति, प्रोन्नत वेतनमान और यात्रा भत्ते से संबंधित मांगों को भी उठाया गया। प्रांतीय अध्यक्ष शुभम आर्य ने कहा कि कर्मचारियों की इन समस्याओं और विसंगतियों का समाधान संगठन की एकजुटता से ही संभव है।

# बागेश्वर की गीतिका ने रचा इतिहास

## 12वीं के नतीजों में 98 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में पाया पहला मकाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखंड बोर्ड 12वीं के नतीजों में इस बार सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज, चौरासी (बागेश्वर) की छात्रा गीतिका ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर इतिहास रचा है। साधारण परिवार से आने वाली गीतिका के पिता टैक्सी चालक हैं, लेकिन सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत और परिवार के सहयोग से यह बड़ी उपलब्धि हासिल की। गीतिका ने बताया कि उन्हें टॉप करने की बिल्कुल उम्मीद नहीं थी और रिजल्ट आने के बाद ही इस सफलता का अहसास हुआ। उन्होंने कहा मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरी पहली रैंक आएगी। यह मेरे लिए बेहद खुशी का पल है। उन्होंने अपनी सफलता का सबसे बड़ा श्रेय अपने परिवार को दिया। गीतिका के अनुसार, उनके दादाजी ने हर कदम पर उनका साथ दिया, जबकि माता-पिता और मामा ने भी पढ़ाई में पूरा सहयोग किया। आर्थिक स्थिति सामान्य होने के बावजूद परिवार ने उन्हें कभी किसी चीज की कमी महसूस नहीं होने दी।गीतिका ने बताया कि उनका अगला लक्ष्य इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर बनाना है। वह आगे इसी दिशा में पढ़ाई कर देश के लिए कुछ बेहतर करना चाहती हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने विद्यालय के समस्त गुरुजनों को भी दिया, जहां उन्होंने कक्षा 1 से 12वीं तक शिक्षा प्राप्त की। गीतिका ने हाइस्कूल में भी बेहतरीन अंकों के साथ जिला टॉप करते हुए मैरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त किया था। बताया कि स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश सिंह असवाल अन्य शिक्षक कविता मैम, रवींद्र, सतीश और प्रिया आदि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उनकी इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इधर गीतिका के सफलता के बाद विद्यालय के प्रबंधक इंद्र सिंह फर्स्वाण, बबलू बर्मा सहित उनके माता रीता पंत पिता चंद्रशेखर पंत सहित अन्य ने उन्हें मिठाई खिलाई।

## हाई स्कूल-इंटर दोनों में प्रदेश में अव्वल रहा बागेश्वर जनपद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** वर्ष 2026 की परिषदीय परीक्षाओं में जनपद बागेश्वर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त कर एक गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता जनपद के शिक्षकों के समर्पण, विद्यार्थियों की मेहनत एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

इस वर्ष इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद का परिणाम 94.81 प्रतिशत रहा, जिससे बागेश्वर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। वहीं हाईस्कूल परीक्षा में 96.98 प्रतिशत परिणाम के साथ जनपद ने पुनः प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया।

जिले से इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 3237 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 3201 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें 3035 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। वहीं हाईस्कूल परीक्षा में 3195 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 3150 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें 3055 छात्र-छात्राएं सफल रहे। राज्य स्तरीय श्रेष्ठता सूची में भी जनपद के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इंटरमीडिएट में गीतिका पन्त ने 98.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। खुशी काण्डपाल ने 96.40 प्रतिशत के साथ 5वां स्थान प्राप्त किया।

दीक्षा काण्डपाल एवं रोहित सिंह मेहता ने 94.60 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से 14वां स्थान हासिल किया। विवेक सिंह देव (94.00) 17वें, स्नेहा आर्या (92.80) 23वें तथा अनीशा सिंह एवं आशीष लोहनी (92.60) 24वें स्थान पर रहे। हाईस्कूल परीक्षा में विवेकानंद विद्या मंदिर मंडलसेरा के छात्र योगेश जोशी ने 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया। नैन्सी नगरकोटी (95.60) 10वें, लोकेश सिंह नेगी (94.80) 14वें स्थान पर रहे। तमन्ना ऐठानी (93.20) 22वें, साक्षी मेहता (93.00) 23वें तथा रविकान्त एवं नेहा ऐठानी (92.60) 25वें स्थान पर रहे। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जनपद के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी है। जनपद की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। जिला प्रशासन ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दौलिया का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दूचौड़।** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज दौलिया की छात्राओं ने इस वर्ष 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्या डा. भारती नारायण भट्ट ने सभी सफल छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं अध्यापिकाओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इंटरमीडिएट परीक्षा में दिया सनवाल (विज्ञान वर्ग) ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं, ज्योति कांडपाल ने 87.6 प्रतिशत, अंजू सिंह ने 85.4 प्रतिशत, गायत्री पांडे ने 77.8 प्रतिशत, करीना पंत ने 75 प्रतिशत (कला वर्ग), जबकि खुशी और संजना तिवारी ने 75-75 प्रतिशत अंक (विज्ञान वर्ग) प्राप्त किए। हाईस्कूल का कुल परिणाम 95 प्रतिशत रहा, जिसमें 8 छात्राओं ने सम्मान सहित, 31 ने प्रथम श्रेणी, 34 ने द्वितीय तथा 7 ने तृतीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। हाई स्कूल में चित्रांशी मिश्रा ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इंटरमीडिएट का कुल परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा, जिसमें 8 छात्राओं ने सम्मान सहित, 48 ने



## तुलाराम राजाराम इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़ाया मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** उत्तराखंड बोर्ड के घोषित हुए परीक्षाफल में तुलाराम राजाराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने अपना परचम लहरा दिया है। इंटर का परीक्षाफल 99 प्रतिशत और हाईस्कूल का 94 प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र और छात्राओं ने वरीयता सूची मे अपना स्थान वनाया। इंटर में अजय बिष्ट 461/500, ज्योति भट्ट 461/500 और निधि रावत 460/500 और हाईस्कूल मे रवि पंत 475/500, वैष्णवी 469/500 और राधेश्याम ने 464/500 ने अंक प्राप्त कर स्थान वनाया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक जीडी मठपाल और विद्यालय के प्रधानाचार्य त्रिवेंद्र सिंह ने वरीयता प्राप्त छात्र व छात्रों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साह वर्धन किया। उधर विद्यालय में हर्षोल्लास का माहौल था।

## ज्ञान प्रकाश इंटर कालेज धमोला का इंटर परिणाम 100, हाईस्कूल 97.29 प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा परिणाम में ज्ञान प्रकाश इंटर कालेज, धमोला के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय का इंटरमीडिएट परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जबकि हाईस्कूल का परिणाम 97.29 प्रतिशत दर्ज किया गया। इंटरमीडिएट में छात्रा दिव्यांशी बुढलाकोटी ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। करिश्मा पांडे ने 84 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा दीपक नेगी ने 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में पवन बधानी ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अन्नू बिष्ट ने 81 प्रतिशत के साथ द्वितीय और आरूषि चौहान ने 77.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक फादर साबू जोसेफ ने सभी सफल छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्या रीना कंबोज सहित कमल कांत जोशी, मनमोहन सिंह, रेनू बिष्ट, सिस्टर स्वर्णा, दीपिका बधानी, भावना बर्गली, प्रकाश चंद्र, नीता नेगी, अंशुल वर्मा, रिक्की, डौली, सिस्टर अल्का, अखिलेश सनवाल, किरण गंगोला, एरिक पीटर आदि उपस्थित रहे।



## शांतिपुरी की छात्राओं ने किया नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** आदर्श राजकीय इंटर कालेज शांतिपुरी में इस बार की बोर्ड परीक्षा के परिणामों हाईस्कूल परीक्षा में सभी 34 छात्राएं उत्तीर्ण होकर विद्यालय को 100 प्रतिशत परिणाम दिलाने में सफल रहीं, जिससे विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों में खासा उत्साह है। हाईस्कूल में ज्योति रौतेला ने 86 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप किया। उनके बाद आदर्श सक्सेना 77.6 प्रतिशत के साथ दूसरे और कुमारी गुड़िया 73 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। छात्राओं की इस उपलब्धि ने क्षेत्र में बालिका शिक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश दिया है। वहीं राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूर्यनगर में भी इस बार हाई स्कूल का रिजल्ट 86 प्रतिशत रहा। बालक वर्ग में मयंक भंडारी पुत्र नंदन सिंह भंडारी ने 80 प्रतिशत अंक हासिल किया वहीं बालिका वर्ग में शीतल मेहता पुत्री प्रताप सिंह मेहता ने 76 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया इंटरमीडिएट परीक्षा में भी छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रिया अधिकारी ने 86.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, जबकि मीनाक्षी जोशी 86.40 प्रतिशत के साथ दूसरे और नेहा कार्की 77.40 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। कुल 105 परीक्षार्थियों में से 96 के उत्तीर्ण होने से विद्यालय का परिणाम संतोषजनक रहा। वहीं पास के राजकीय कन्या हाई स्कूल में भी मेधावी छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। हर्षित जोशी ने 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि वैष्णवी (83.2) और कोमल (78.4) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने इस सफलता को विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आने वाले वर्षों में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डा. गणेश उपाध्याय ने बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को मिष्ठान कराया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



## स्याल्दे के विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** बोर्ड परीक्षा परिणाम में विकासखण्ड स्याल्दे के राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आर्य इंटर कालेज, देघाट के छात्र वेदांत पपनै ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश मेरिट सूची में 6वां स्थान हासिल किया। इसी विद्यालय की छात्रा गार्गी बिष्ट ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश मेरिट सूची में 17वां स्थान प्राप्त किया। वहीं, जीआईसी जौरासी की छात्रा दीपा ने हाईस्कूल परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश मेरिट सूची में 18वां स्थान हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी वंदना रौतेला ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों की उपलब्धि अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत है और आशा जताई कि भविष्य में भी स्याल्दे के विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।



## एक नजर....

### नाबालिग का अवैध गर्भपात कराने में दो धरे

**बागेश्वर।** कपकोट पुलिस ने नाबालिग का अवैध गर्भपात कराने के गंभीर मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 7 अप्रैल 2026 को थाना कपकोट में मामला दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान नाबालिग का अवैध गर्भपात कराने में नन्दन सिंह राठौर ऊं नंदू एवं लक्ष्मी टम्टा की संलिप्तता सामने आई। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 25 अप्रैल 2026 को दोनों आरोपियों को धारा 89/61(2) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में लक्ष्मी टम्टा (82 वर्ष), पत्नी स्व. नाथ लाल टम्टा, निवासी मजियाखेत थाना एवं जनपद बागेश्वर, तथा नन्दन सिंह राठौर उर्फ नंदू (39 वर्ष), पुत्र दान सिंह, निवासी ग्राम सिमगढ़ी थाना कांडा, हाल निवासी बनखोला अस्पताल रोड बागेश्वर शामिल हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मंजू पवार, सहायक उपनिरीक्षक सुनीता बाल्मीकि, कांस्टेबल हरीश सनवाल एवं कांस्टेबल अशोक टम्टा शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### इंटरमीडिएट की छात्रा लापता, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** सेन्ट्रल स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा 12 की एक नाबालिग छात्रा लापता हो गई। पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरु कर दी है। थाना साबिक निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 अप्रैल की सुबह 6.30 बजे उसकी कक्षा 12 व कक्षा 6 में पढ़ने वाली 2 नाबालिग पुत्रियां रोज की भांति सेन्ट्रल स्कूल ऑटो द्वारा पढ़ने गयी थीं। उसने बताया कि उसकी पुत्रियां जब 12 बजे तक घर नहीं पहुंची तो उसकी पत्नी स्कूल देखने गयी, वहां पर ऑटो में उसकी छोटी पुत्री बैठी मिली, जबकि बड़ी पुत्री गायब थी। उसे शक है कि बबलू जाटव निवासी श्यामपुरम कालोनी उसकी पुत्री का अपहरण कर ले गया है। क्योंकि इससे पूर्व भी लगभग 2 माह पहले बबलू उसकी पुत्री को बहलाने फुसलाने की कोशिश करता था। उसने बताया कि वह बबलू जाटव के यहाँ अपनी पुत्री का पता करने गये थे, किन्तु उसके परिवारवालों ने उसे कुछ नहीं बताया। बबलू का मोबाइल नम्बर बन्द जा रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बबलू जाटव के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

### आईजीएल को ग्रेट प्लेस टू वर्क सम्मान

**काशीपुर।** हरित केमिकल्स उत्पाद का अग्रणी संस्थान इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड को प्रतिष्ठित 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' संस्थान द्वारा प्रमाणित किया गया है। यह सम्मान आईजीएल प्रबंधन की कार्यस्थल संस्कृति, विश्वास आधारित वातावरण और कर्मचारियों व श्रमिकों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए आईजीएल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आलोक सिंघल ने कहा कि यह हमारे सभी कर्मचारियों के समर्पण और टीम भावना का परिणाम है। आईजीएल के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी देव झा ने कहा कि आईजीएल ने यह सिद्ध कर दिया है कि बेहतर प्रदर्शन के लिए कर्मचारियों व श्रमिकों की संतुष्टि और उनका विकास ही सफलता की असली कुंजी है। आईजीएल काशीपुर के फैक्ट्री मैनेजर राजेश कुमार सिंह ने कहा कि आईजीएल द्वारा अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में भी पिछले कई वर्षों से अनेक प्रकार के दर्जनों सामाजिक कार्य गतिमान हैं। इस 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' उपलब्धि पर आईजीएल प्रबंधन ने सभी विभागध्यक्षों, विभाग प्रमुखों सहित सभी कर्मचारियों व श्रमिकों का आभार व्यक्त किया है। उक्त जानकारी आरसी उपाध्याय (प्रबंधक लाइजिनिंग) द्वारा उपलब्ध कराई गई।

### दो लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा

**काशीपुर।** मीटर से पहले कट लगाकर दो घरों में बिजली चोरी पकड़े जाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। विद्युत वितरण खंड जसपुर के उपखंड अधिकारी शैलेंद्र कुमार सैनी ने कुंडा कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विभाग की टीम ने बाबरखेड़ा क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने शमशाद और शाहिद को विद्युत मीटर से पहले कट लगाकर अवैध रूप से बिजली उपयोग करते हुए पकड़ा।

### राष्ट्रीय संचालक का किया जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** हरियाणा से काशीपुर पहुंचे भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस-भीम) संगठन के राष्ट्रीय संचालक वीर श्रेष्ठ हरपाल आदिवासी व उनके साथ पहुंचे श्रद्धालुओं का श्रद्धालुओं का जोरदार स्वागत किया गया। राष्ट्रीय संचालक हरपाल आदिवासी ने बताया कि सीतावनी रामनगर भगवान वाल्मीकि तीर्थ पर हर वर्ष 26 अप्रैल को श्रद्धा पर्व का आयोजन किया जाता है और हमारा जत्था हरियाणा से चलकर सीताबनी जाता है तथा वहां श्रद्धालु भारी संख्या में उपस्थित होकर सत्संग करते हैं। भगवान वाल्मीकि दरबार माता सीता के दरबार में माथा टेकते। हम सरकार से मांग करते हैं कि जैसे अमृतसर पंजाब में वाल्मीकि तीर्थ है ऐसा ही तीर्थ देव भूमि उत्तराखंड में बनना चाहिए।



### पीआरडी जवानों का प्रदर्शन

**बागेश्वर।** दो सूत्रीय मांगों को लेकर पीआरडी जवान एक बार फिर मुखर हो गए हैं। शनिवार को जवानों ने जिला मुख्यालय तक जोरदार नारेबाजी के साथ जुलूस निकाला और कलक्ट्रेट पहुंचकर धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी प्रेषित किया है।

### सूचनाः नाम परिवर्तन

सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या-UK0420100032060 त्रुटिवश मेरा नाम SAMEER ALI पुत्र ASHRAF ALI दर्ज हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक नाम समीर अली (SAMIR ALI) पुत्र ASHARAF ALI है। भविष्य में मुझे SAMIR AL के नाम से जाना-पहचाना जाए।

समीर अली पुत्र श्री अशरफ अली निवासी- वार्ड नं. 24, किदवई नगर, हल्द्वानी (नैनीताल)।

# अल्मोड़ाः हाईस्कूल में सौरभ और इंटर में वेदांत बने जिला टॉपर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में अल्मोड़ा के मेधावियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। हाईस्कूल में नव प्रभात बसभीड़ा चौखुटिया सौरभ कुमार ने 96 फीसदी लाकर प्रदेश में आठंवा और जिले में सर्वोच्च स्थान पर रहे। वहीं, इंटरमीडिएट में आर्य इंटर कालेज देघाट के वेदांत पपनै 96.20 फीसदी अंक लाकर प्रदेश में छठा स्थान और जिले में पहला स्थान बनाया है। शनिवार को जारी बोर्ड परीक्षा परिणाम में इस बार जिले के 24 होनहारों ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान बनाकर जिले का नाम रोशन किया है। हाईस्कूल में सौरभ कुमार के अलावा विवेकानंद विद्या मंदिर रानीधारा अल्मोड़ा की आरुशी बनौला ने 95.40 फीसदी अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। जबकि सरस्वती विवि आईसी ताड़ीखेत के नीरज पपनै ने 94.20 फीसदी अंकों के साथ राज्य की मेरिट सूची में 17 वां और जिले में तीसरा स्थान बनाया। वहीं, इंटर में वेदांत के अलावा विवेकानंद इंटर कालेज रानीधारा अल्मोड़ा के प्रियांशु पाठक ने 95.40 फीसदी अंकों के साथ राज्य की मेरिट सूची में 10 वां और जिले में दूसरा स्थान बनाया। जबकि इसी विद्यालय के राहुल रौतेला ने 94.80 फीसदी अंकों के साथ जिले में तीसरा और राज्य में 13 वां स्थान प्राप्त किया है। छात्रों के इस शानदार प्रदर्शन पर शिक्षकों और अभिभावकों ने खुशी जताई। दूरस्थ क्षेत्रों के भी विद्यार्थियों ने श्रेष्ठता सूची में नाम दर्ज करवाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। **वहीं,** राजकीय इंटर कालेज कमलेश्वर का बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहा। हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में विद्यालय के मनीष स्यूनरी ने 426 और इंटर में अर्चना आर्या ने 389 अंक हासिल कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान बनाया। वहीं, हाईस्कूल में तुषार डंगवाल ने 423 अंको के साथ दूसरा, हिमानी ने 353 अंकों के साथ तीसरा स्थान बनाया। जबकि इंटर में जिया मेहता ने 360 और पलक डंगवाल 357 अंकों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य खजान चंद्र कांडपाल, पूर्व प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह बिष्ट, विपिन चन्द्र पंत, आनन्द सिंह डंगवाल, एस गीता भाकुनी, हरीश राम, संगीता पंत, रेणुका जोशी, सवित जनौटी, गणेश जोशी, प्रीतिका भटनागर, डा. इन्द्रा बिष्ट, डा. चन्द्र प्रकाश बिष्ट, मोहन चन्द्र भट्ट आदि ने खुशी जताई।



## बोर्ड परीक्षाओं में विवेकानंद के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधारा के छात्रों ने उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में स्कूलों में शानदार प्रदर्शन किया है। परीक्षा परिणामों में इस विद्यालय ने हाईस्कूल के चार और इंटर में छह छात्रों ने राज्य की मेरिट सूची में स्थान बनाया है। प्रधानाचार्य आलम सिंह उनियाल ने बताया कि इस बार हाईस्कूल में 232 छात्रों ने परीक्षा दी थी। इसमें 176 ने प्रथम श्रेणी में और 76 छात्रों ने द्वितीय, जबकि सात बच्चों ने तीसरा स्थान बनाया। वहीं, इंटरमीडिएट में 188 छात्रों ने परीक्षा दी थी। जिसमें से 148 छात्रों ने प्रथम श्रेणी व 27 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा पास की। इधर, विवेकानंद बालिका विद्या मंदिर, जीवनधाम अल्मोड़ा का इस वर्ष हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। हाईस्कूल परीक्षा में 40 छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं, जिनमें से 22 छात्राओं ने ऑनर्स के साथ सफलता प्राप्त की। वहीं, इंटरमीडिएट में 33 छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई। जिनमें 25 छात्राओं ने ऑनर्स के साथ परीक्षा पास की। विद्यालय की मेधावी छात्रा सानिया बिष्ट ने राज्य वरीयता सूची में सामान्य वर्ग में 18 वां तथा बालिका वर्ग में 15 वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य गोदावरी चतुर्वेदी ने छात्र-छात्राओं को भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## विवेकानंद के दस छात्रों ने मेरिट में पाया स्थान

इस बार बोर्ड परीक्षा परिणामों में विवेकानंद इंटर कालेज रानीधारा के दस छात्रों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया है। प्रदेश और जिले में इंटर मेरिट सूची में नाम दर्ज करने वालों में प्रियांशु पाठक पाठक ने दसवीं रैंक हासिल की है। इसके बाद इसी विद्यालय के राहुल रौतेला ने प्रदेश में 13 वीं रैंक हासिल कर जिले में दूसरा स्थान बनाया है। वहीं, गौतम कनवाल ने प्रदेश की मेरिट सूची में 25 वां स्थान बनाया है। जबकि हाईस्कूल में विवेकानंद के आरुषी बनौला ने 11 वीं, उमंग बिष्ट ने 19 वीं, तनुज तिवारी ने 22 वीं, निखिल गुरुरानी ने 25 वीं रैंक हालिस की है।

# एसडीएम कार्यालय में आत्मदाह की धमकी

## किसान ने पड़ोस के लोगों पर ज़मीन कब्जा करने के प्रयास का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** एक किसान द्वारा एसडीएम कार्यालय में आत्मदाह की धमकी दिए जाने पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर नाकेबंदी कर दी। ग्राम ढकिया नंबर एक निवासी 70 वर्षीय राजकुमार गिरी पुत्र जागन गिरी की गांव में ही करीब सवा चार एकड़ जमीन है। राजकुमार गिरी का कहना है कि वह जब भी अपनी जमीन की चाहर दीवारी करने के लिए पिलर आदि लगाता है तो उसके कुछ अड़ोसी-पड़ोसी पिलर तोड़कर उसकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करते हैं। उसने बताया कि उसने यह जमीन वर्ष 2017 में खरीदी थी। उसका कहना है कि कई बार कुछ लोग उसकी जमीन पर कब्जा करने की नियत से जुताई भी कर चुके हैं। जिसकी सूचना वह समय-समय पर प्रशासन को देता रहा है, परंतु आरोपियों के खिलाफ अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई है जिससे वह मानसिक रूप से परेशान भी चल रहा है। करीब सप्ताह भर पूर्व भी ऐसा एक मामला आने पर राजकुमार गिरी ने आत्मदाह करने की धमकी भी दे डाली थी, जिस पर पुलिस ने उसका शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया था। अब फिर से उसकी जमीन पर लगाए गए पिलरों को तोड़कर कब्जा करने के प्रयास पर राजकुमार गिरी द्वारा आज फिर से उपजिलाधिकारी कार्यालय पर आत्मदाह करने की धमकी की सूचना पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में आईटीआई कोतवाली पुलिस ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर नाकेबंदी कर दी। इस दौरान राजकुमार गिरी के एसडीएम कार्यालय पहुंचने पर पुलिस ने उसे उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह के समक्ष पेश किया। जहां उसने एसडीएम को दबंगों द्वारा उसकी जमीन पर लगाए गए पिलरों को तोड़ने की वीड़िया फुटेज दिखाकर न्याय की गुहार लगाई। एसडीएम ने उसकी आप बीती सुन उसे न्याय दिलाने का आश्वासन देते हुए दबंगों के खिलाफ तहरीर देते हुए पुलिस को मौखिक कार्यवाही के आदेश दिए हैं। मामला निपटने पर आईटीआई पुलिस ने राहत की सांस ली है।



### वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** बीएनएस अभियोगों में वांछित अभियुक्ता रमीशा चौहान पुत्री देवेंद्र सिंह चौहान, निवासी बांसखेड़ा खुर्द थाना आईटीआई, हाल निवासी डिजाइन सेंटर मधुबन नगर काशीपुर को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। उक्त प्रकरण में मुख्य अभियुक्त दीपक ठाकुर के कब्जे से 18 नवंबर 2025 को लगभग 5000 से अधिक प्रतिबंधित बुप्रेनोर्फिन इंजेक्शन बरामद किए गए थे। साथ ही विवेचना के दौरान लगभग 40,000 अन्य प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शनों की बरामदगी भी हुई। इस मामले में सह-अभियुक्त विपुल चौहान को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जांच के दौरान यह भी प्रकाश में आया कि अभियुक्तों द्वारा ड्रग लाइसेंस प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी थे, जिसके आधार पर अभियोग में कूटरचना से संबंधित धाराओं की भी वृद्धि की गई है।

# शिकायतों का शीघ्र हो निस्तारणः एसएसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने शनिवार को पुलिस लाइन अल्मोड़ा सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी के तहत अपराधों की कार्रवाई की समीक्षा की। एसएसपी ने ऑपरेशन प्रहार के तहत मफरूर,वांछित, फरार, पेशेवर अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

एसएसपी ने बीते माह के अपराधों की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं, मुकदमों, शिकायतों, वारंट, नोटिस आदि का समय पर निस्तारण करने और वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गठित टीम के अधिकारियों को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना संभावित स्थानों को चिह्नित करने के निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने नशे के विरुद्ध जीरो टालरेन्स नीति अपनाते हुए अवैध मादक पदार्थो की तस्करी, बिक्री व भण्डारण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटने, समय-समय पर बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन अभियान चलाने, जनपद के प्रवेश मार्गों व संदिग्ध स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने समेत साईबर शिकायतों को गंभीरता से लेकर साईबर सेल से आवश्यक सहयोग प्राप्त करते हुए अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अपराध गोष्ठी के दौरान एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 पुलिस कार्मिकों को सम्मानित किया।

वहीं, ऑपरेशन स्माइल टीम में नियुक्त रहते हुए सराहनीय योगदान देने वाले हेड कांस्टेबल प्रकाश चन्द्र को माह मार्च का कार्मिक ऑफ द मंथ चुना गया। इसके अलावा 30 अधिकारी, कर्मचारी गणों की कार्यों की सराहना कर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। एएसपी हरबन्स सिंह, सीओ अल्मोड़ा बलवंत सिंह रावत, सीओ दूरसंचार राजीव टम्टा, सीएफओ नरेंद्र सिंह कुंवर, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन रमेश चंद्र, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा योगेश चन्द्र उपाध्याय, निरीक्षक अशोक धनकड़, निरीक्षक मनोज भारद्वाज, निरीक्षक दूरसंचार उमाशंकर पाण्डे, प्रभारी निरीक्षक सोमेश्वर मदन मोहन जोशी, प्रभारी निरीक्षक चौखुटिया अशोक कुमार, प्रभारी निरीक्षक रानीखेत भुवन जोशी, प्रभारी निरीक्षक द्वाराहाट विनोद जोशी, थानाध्यक्ष देघाट अजेन्द्र प्रसाद, थानाध्यक्ष धौलछीना सुनील सिंह बिष्ट, थानाध्यक्ष लमगड़ा प्रमोद पाठक, थानाध्यक्ष सल्ट कश्मीर सिंह, पीआरओ राहुल राठी समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री ने 25 ग्राम पंचायत भवनों का जीर्णोद्धार कर मिनी सचिवालय बनाया

# अब प्रमाण पत्र आसानी से होंगे प्राप्त : कौशिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जनपद की 25 ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों का जीर्णोद्धार करते हुए उन्हें मिनी सचिवालय बनाया गया, जिसमें ग्राम पंचायतो के परिवार रजिस्ट्रों के डिजिटलाईजेश का लोक समर्पण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पंचायती राज/आपदा प्रबन्धन मंत्री मदन कौशिक द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी भी मौजूद रहे। पंचायती राज मंत्री मदन कौशिक ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की सभी को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि आज जनपद के लिए गौरव का दिन है कि जहां आज 25 ग्राम पंचायतों को मिनी सचिवालय बनाये गए है, जहां पर क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का उन्हीं के ही द्वार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम वासियों को अब परिवार रजिस्ट्रर की नकल एवं अन्य प्रमाण पत्र आसानी से प्राप्त होंगे तथा उन्हें अब जिला मुख्यालय एवं तहसील के चक्कर अब नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार गांव के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा सभी वर्गों के लिए कई महत्वकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि गांव के चहुंमुखी विकास के लिए गांव की जो भी मूलभूत आवश्यकताएं है, उनको पूर्ण करने



के लिए बेहतर ढंग से रणनीति एवं कार्ययोजना तैयार करने पर विशेष जोर दिया, जिससे योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए गांव का चहुंमुखी विकास किया जा सकें। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने सभी को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जनपद में 25 मिनी सचिवालय बनाए गए है, जिसके माध्यम से अब ग्रामवासियों को इसका लाभ प्राप्त होगा तथा उन्हें अपनी समस्याओं को लेकर विकास खंड एवं जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के तहत कार्य कर रही है तथा अंतिम छोर पर निवासरत व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह ने कहा कि राज्य के 25वीं रजत जयंती के अवसर पर जनपद की 25 ग्राम पंचायतों के जीर्ण-शीर्ण पंचायत भवनों का चयन करते हुए उनका जीर्णोद्धार किया गया है, जिन्हें आज मिनी सचिवालय के रूप में तैयार कर पंचायतराज मंत्री द्वारा इनका ऑनलाइन लोकर्पण किया गया। उन्होंने कहा कि मिनी सचिवालय बनने से परिवार रजिस्टर को डिजिटलाईजेश किया गया है, ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर की नकल लेने में अब कोई परेशानी नहीं होगी। इस अवसर पर संयुक्त मजिस्ट्रेट रुड़की दीपक रामचन्द्र शेट, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कमलेश, ग्राम प्रधान राकेश कुमार, सुशील त्यागी, मास्टर नागेंद्र, पवन तोमर, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, जिला होम्योपैथी अधिकारी डॉ. विकास ठाकुर, खंड विकास अधिकारी पवन सैनी सहित जनप्रतिनिधिगण, संबंधित अधिकारी एवं क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

## वैष्णवी ने 12वीं में 92.4 फीसदी अंक लेकर प्राप्त किया राज्य में 25वां स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राष्ट्री थिथकी कवादपुर निवासी वैष्णवी ने उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षा परिषद की 12वीं की परीक्षाओं में 92.4 प्रतिशत अंक लाकर परिषद की मेरिट में 25वां स्थान हासिल किया है। केवल कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज मंगलौर की छात्रा वैष्णवी ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं अपने माता-पिता को देते हुए बताया की उसकी माता मोनिका शर्मा जो केवल कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में शिक्षिका है और पिताजी योगेंद्र कुमार शर्मा जो तांशीपुर विद्यालय में अध्यापक हैं के द्वारा उसे निरंतर प्रेरित किया गया जिसके परिणाम स्वरुप वह यह सफलता हासिल कर पायी। उसके



विद्यालय की अध्यापिकाओं द्वारा उसका निरंतर उत्साहवर्धन किया गया। वैष्णवी भविष्य में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहती है। मोनिका ने इसके साथ-साथ अपने पूरे परिवार, छोटे भाई उदित शर्मा एवं विद्यालय के प्रबंधन, शिक्षिकाओं और स्टाफ को हृदय से धन्यवाद दिया है।

## अतिका ने हाईस्कूल में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** क्षेत्र के भगवानपुर चंदनपुर गांव की बेटी अतिका हुसैन ने उत्तराखंड बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गांव, परिजनों और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है।

शनिवार को जैसे ही उत्तराखंड बोर्ड का रिजल्ट घोषित हुआ, अतिका हुसैन के घर और पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। अतिका ने यह परीक्षा लंढोरा स्थित मून किंगडम पब्लिक इंटर कॉलेज से उत्तीर्ण की है। परिणाम आते ही विद्यालय का पूरा स्टाफ अतिका के घर बधाई देने पहुंचा। स्टाफ ने मिठाई खिलाकर अतिका को शुभकामनाएं दीं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वही कॉलेज की प्रिंसिपल रेखा गिरी ने कहा अतिका शुरू से ही मेहनती और अनुशासित छात्रा रही है। उसकी यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा है। हमें अपनी छात्रा पर गर्व है। इस दौरान ग्राम प्रधान नौशाद अली ने अतिका की सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए कहा अतिका ने पूरे गांव का नाम रोशन किया है। हमारी बेटि ने साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। ग्राम पंचायत की ओर से अतिका को सम्मानित किया जाएगा और हम उसके आगे की पढ़ाई में पूरा सहयोग करेंगे। इस उपलब्धि पर अतिका के परिजनों ने कहा कि बेटी ने कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। गांव वालों ने भी अतिका की सफलता पर गर्व जताया और उसे आशीर्वाद दिया।

## शत प्रतिशत रहा ज्ञानदीप पब्लिक इंटर कॉलेज के हाई स्कूल के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें ज्ञान दीप पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

विद्यालय प्रबंधक वासुदेव पंत एवं श्रीमती रेखा पंत एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने मिष्ठान खिलाकर तथा पुष्पमाला पहनाकर सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर यशिका ने 81 प्रतिशत तथा आरती ने 80 प्रतिशत अंकों के साथ सर्वोच्च अंक प्राप्त किये । यशिका ने अंग्रेजी में 97 तथा विज्ञान में 88 अंक, मंतशा ने अंग्रेजी विषय में 88, दृष्टि ने 89 ,आरवी ने 87, आरती ने हिंदी में 86 तथा अंग्रेजी में 87 अंक, मल्लिका ने गृह विज्ञान में 93, निधि ने अंग्रेजी में 88 अंक प्राप्त किये ।प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में अनन्या, आरवी, मंतशा, आयुषी, आरती, दृष्टि, आर्यन सैनी, निधि, जिया, अदिति, एकता,



खुशी, जिया, सदफ आदि छात्र-छात्राएं रहे। शौर्य रावत, यश, अजरा आराध्या,आयशा, आरुष आदि छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम भी उत्तम रहा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक वासुदेव पंत ने कहा कि यह सभी छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के कठिन परिश्रम का परिणाम है कि परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा पंत ने कहा कि विद्यालय को इंटरमीडिएट की मान्यता प्राप्त हो गई है तथा कक्षा 11 की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। भविष्य में भी छात्रों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहेगा।

## कंपनी में इन्वेस्ट के नाम पर करोड़ों की ठगी, मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कंपनी में पैसे इन्वेस्ट करने पर मोटे मुनाफे का लालच देकर लोगों से करोड़ों की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया गया है कि लक्सर क्षेत्र के 250 से अधिक निवेशको ने दस करोड़ से अधिक की रकम कंपनी में लगायी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। लक्सर निवासी अधिवक्ता विकास कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने बॉट ब्रो नामक कंपनी के देहरादून और लक्सर क्षेत्र में रहने वाले एजेंटों के कहने पर कंपनी के ऑनलाइन प्लेटफार्म पर 10 लाख का निवेश किया था। एजेंटों ने उन्हें 6-7 फीसदी तक हर महीने मुनाफे की रकम उनके खाते में आने का विश्वास दिलाया था। उनकी तरह ही लक्सर निवासी 40 से अधिक लोगों ने भी कंपनी में 47 लाख से अधिक की रकम लगाई थी। इसके अलावा 250 से अधिक लोगों ने दस करोड़ से अधिक की रकम कंपनी में लगाई है। कुछ समय तक उनके खाते में हर महीने मुनाफे की रकम आती रही। लेकिन इसके बाद कंपनी उन्हें दूसरी वेबसाइट पर माइग्रेट करती रही। लेकिन इस दौरान उन्हें कोई मुनाफा नहीं दिया गया। एजेंट अलग अलग बहाने बनाकर उन्हें रकम जल्दी मुनाफे के साथ उनके खाते में वापस दिलाने का झांसा देते रहे लेकिन महीनों का समय बीतने के बाद भी उनके खातों में उनकी इन्वेस्ट की गई रकम वापस नहीं आई। आरोपित लविश चौधरी उर्फ नवाब अली, साजिद चौधरी, राशिद चौधरी, एजेंट राजकुमार, डॉ. हरिशंकर, नवीन नेगी, अनिल परदेशी, जगपाल एजेंटों ने उनकी लाखों की रकम इन्वेस्ट कराने के नाम पर ठग ली एसएसआई नितिन चौहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## बीएसएम इंटर कालेज का शानदार रहा परीक्षा परिणाम

### हाईस्कूल में 94 प्रतिशत व इंटर में 88 प्रतिशत रहा रिजल्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही बी.एस.एम इंटर कॉलेज के छात्रों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। विद्यालय का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 94% तथा इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 88% रहा। इस अवसर पर बी. एस. एम. शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष, विद्यालय के प्रबंधक ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट एवम बी. एस. एम. शिक्षण संस्थान के सचिव रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर्ता छात्रों को मिष्ठान खिलाकर मुँह मीठा करते हुए साधुवाद दिया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र बधाई के पात्र हैं तथा सभी छात्रों को उज्वल भविष्य की कामनायें दी। उन्होंने विद्यालय के उत्तम परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय के उत्तम शैक्षिक वातावरण को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षक छात्रों को बेहतर शिक्षा के साथ - साथ लगातार प्रेरित करते रहते हैं। उन्होंने बताया कि हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 94% तथा इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 88% रहा। इंटरमीडिएट में कला वर्ग में वंश कुमार ने 91%, चंदन सैनी ने 82.2%, विक्रम सैनी ने 80.4%, विज्ञान वर्ग में सत्यम पांडेय ने 81%, अर्श मलिक ने 78.8%, अरजब जैन ने 75.4% तथा वाणिज्य वर्ग में आशीष नाथ ने 75%, लक्की राजभर ने 72.8% एवम हर्ष धीमान ने 72.2% अंक प्राप्त किऐ। हाई स्कूल



में इशान्त सिंह ने 82.6%, सुहेल ने 79.8%, कृष्णा ने 72.2% अंक प्राप्त करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य ने समस्त छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। इस अवसर पर कार्यक्रम में परीक्षा प्रभारी डॉक्टर अभय ढौंडियाल, अमित कपिल, डॉ. उदयन, नीरज कुमार, प्रमोद कुमार, संगीता गौड़, विशाल कुमार, विनय कुमार, पवन कपिल, देवराज आदि मौजूद रहे।

## देशराज ने चमारान खालसा का नाम बदलने पर जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** नगर पालिका परिषद मंगलौर ने वार्ड नं01 के चमारान खालसाश का नाम बदलने के प्रस्ताव पर फिलहाल रोक लगा दी है। शहरी विकास निदेशालय के निर्देश पर 23 अप्रैल को बोर्ड बैठक में नाम बदलने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ था। लेकिन मौहल्ले के निवासियों के कड़े विरोध के बाद पालिका ने निर्णय लिया कि जनभावनाओं के अनुसार ही नाम बदला जाएगा। अब यह प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक में दोबारा रखा जाएगा। अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी ने राज्यमंत्री देशराज कर्णवाल को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और उत्तराखण्ड शहरी विकास निदेशालय के निर्देशों के तहत जाति-सूचक नामों को हटाने की मुहिम मंगलौर में विवादों में घिर गई है। नगर पालिका परिषद ने वार्ड नं 1 स्थित श्चमारान खालसाश मौहल्ले का नाम बदलने का प्रस्ताव 23 अप्रैल की बोर्ड बैठक में पारित तो कर दिया, लेकिन जनता के विरोध के चलते 48 घंटे में ही फैसले पर रोक लगा दी। दरअसल, शहरी विकास निदेशालय, देहरादून ने 5 जनवरी 2026 को पत्र जारी कर सभी निकायों को जाति-सूचक नामों को बदलने और एक्शन टेकन रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में मंगलौर पालिका बोर्ड ने श्चमारान खालसाश के स्थान पर नया नाम रखने का प्रस्ताव पास किया। अधिशासी अधिकारी द्वारा राज्यमंत्री देशराज कर्णवाल को भेजे पत्र के अनुसार, प्रस्ताव पास होने के बाद मौहल्ले के निवासियों ने तीव्र विरोध जताया। जनभावनाओं को देखते हुए पालिका ने तत्काल प्रभाव से प्रस्ताव के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। पत्र में कहा गया है कि अब श्जनभावनाओं के अनुसार निरस्त करने/निर्णय लिये जाने हेतुश इस प्रस्ताव को आगामी बोर्ड बैठक में फिर से रखा जाएगा। सरकार जाति-सूचक नाम बदलने का अभियान चला रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका विरोध भी सामने आ रहा है। मंगलौर का मामला इसका ताजा उदाहरण है।

## पुलिस ने दो वारंटी दबाचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा 02 वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया है। पकडे गये दोनों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के दिशा निर्देशन में थाना कोतवाली गंगनहर प्रभारी महोदय के नेतृत्व में कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया। पकडे गये आरोपियों में अर्जुन पुत्र सेवाराम निवासी सलेमपुर राजपूताना थाना कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार व अतर सिंह पुत्र स्वर्गीय फूल सिंह निवासी ग्राम सुनहरा थाना कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार हैं। अभियुक्त उपरोक्तों को वारंट दिखाकर अभियुक्तों के मसकन से गिरफ्तार किया गया बाद आवश्यक कार्रवाई अभियुक्त उपरोक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस टीम में उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह नेगी, हेड कां0 अलियास अली, अपर उप निरी0 मनीष कवि, कांस्टेबल अर्जुन, कांस्टेबल राहुल आदि शामिल रहे।

### ग्राम पंचायत किशनपुर के स्थापना दिवस व राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस पर

## कोटेक हेल्थ केयर ने ग्राम पंचायत को भेंट की एम्बुलेंस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ग्राम पंचायत किशनपुर जमालपुर के स्थापना दिवस और राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय ग्रामीण मेले का आयोजन किया गया ,जिसमें निःशुल्क चिकित्सा शिविर, खेलकूद और संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में बी एस एम कॉलिज समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ममतेश शर्मा ने 100 फिट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण किया विशिष्ट अतिथि कोटेक हेल्थ केयर के सी एम डी हर्ष तिवारी ने ग्राम पंचायत के लिए एम्बुलेंस अपने संस्थान की ओर से भेंट की। इस अवसर पर बी ड़ी ओ रुड़की सुमन कुड़ियाल ,ब्लाक प्रमुख लुबना राव व ग्राम परवीन बानो ने आंगन बाड़ी कार्यकर्ता व स्वास्थ्य कर्मियो को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अंतरराष्ट्रीय शायर अफजल मंगलोरी ने किया। हरिद्वार के मुख्य विकास अधिकारी डॉ ललित नारायण मिश्रा ने अपने ऑनलाइन संबोधन में ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखंड के विकास में ग्रामीण परिवेश और उत्पादों का विशेष योगदान है। उन्होंने कहा कि सरकार की समस्त योजनाओं



का लाभ जन जन तक पहुँचे ये हमारे मुख्यमंत्री का प्रयास है। मुख्य अतिथि ममतेश शर्मा और हर्ष तिवारी ने प्रधानमंत्री के नारी वंदन कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायत समिति की प्रशंसा की। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक मो तहसीन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए तीन दिवसीय मेले के कार्यक्रमो की जानकारी दी। कार्यक्रम में गायिका ममता कुमारी व नजराना सलमानी के गीतों और सिमरन, गीता, अहद अली आदि के नृत्य पर श्रोताओं ने बहुत आनन्द लिया। इस अवसर पर मो मुमताज, प्रधान आदि मौजूद रहे।

### कलियर नपं चेयरमैन प्रतिनिधि ने किया विकास कार्यों का उद्घाटन

## सभी को साथ लेकर किया जा रहा बुनियादी विकास : सलीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए वार्ड संख्या एक और सात में लाखों रूपये की लागत से बनने वाली विभिन्न आंतरिक सड़कों का शिलान्यास अध्यक्ष प्रतिनिधि सलीम अहमद और वार्ड सभासद अमजद अली और डॉ शहजाद ने फीता काटकर किया।

इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि सलीम अहमद ने कहा कि सभी सभासदों के सहयोग से कस्बे में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है ताकि आमजन को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि जो सड़कें जर्जर स्थिति में हैं उनका भी जल्द निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही नालों और नालियों के



निर्माण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में जो विकास कार्य अभी लंबित हैं, उन्हें भी शीघ्र पूरा कराया जाएगा। चेयरमैन प्रतिनिधि सलीम अहमद ने कहा कि नगर पंचायत कलियर क्षेत्र में कई विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसमें आंतरिक सड़कों का निर्माण, नाला-नाली निर्माण, पार्कों का विकास और चौराहों का सौंदर्यीकरण सहित कई अन्य परियोजनाएं शामिल हैं।उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के सभी सभासद व हर वर्ग को साथ लेकर नगर पंचायत क्षेत्र का बुनियादी विकास किया जा रहा है। इस मौके पर मोहसीन सिद्दीकी, हसन अली, जोनी, आमिल, खालिद, छोटा, मनव्वर अली आदि मौजूद रहें।

## चौ. भरत सिंह कॉलेज के छात्रों ने हाईकूल व इंटर में किया नाम रोशन

**: झबरेड़ा।** झबरेड़ा कस्बे में स्थित चौधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज में उत्तराखंड परिषदीय बोर्ड परीक्षा मैं हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 98% रहा। वही इंटरमीडिएट का परीक्षाफल 93% रहा। प्रधानाचार्य ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जानकारी के अनुसार कॉलेज प्रबंधक चौधरी कुलबीर सिंह व प्रधानाचार्य ओम सिंह सैनी द्वारा छात्रों व छात्राओं को उत्तीर्ण होने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कॉलेज प्रधानाचार्य ओम सिंह सैनी ने बताया कि चौधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज झबरेड़ा मे कक्षा दसवीं की छात्रा कशिश पुत्री सुलेमान कस्बा झबरेड़ा निवासी द्वारा 86% अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर वैभवी 93% तथा पंकज कुमार द्वारा 82% अंक हासिल किये। वही इंटरमीडिएट में छात्र रजत कुमार द्वारा 83.4% अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान पर रहा दूसरे स्थान पर छात्रा तोशीबा द्वारा 81% तथा सीबा द्वारा 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।



जम्मू-कश्मीर। सांबा में 'नशा मुक्त-जम्मू-कश्मीर' अभियान के दौरान जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान।

## अमेरिका नहीं बढ़ाएगा रूस, ईरान से तेल खरीदने को छूट की अवधि: बेसेंट

**वाशिंगटन।** अमेरिका, रूस और ईरान से तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीदारी के लिए दी गई छूट की अवधि को नहीं बढ़ाएगा। यह बात अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि ईरानियों के लिए नहीं---हमने नाकेबंदी कर रखी है और वहां से कोई तेल बाहर नहीं आ रहा है। हमें लगता है कि अगले दो-तीन दिनों में उन्हें अपना उत्पादन बंद करने की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ेगी, जो उनके तेल के कुओं के लिए बहुत बुरा होगा। उन्होंने कहा कि वह रूस से पेट्रोलियम पदार्थों की खरीदारी के लिए दी गई छूट को एक बार फिर बढ़ाने की कल्पना भी नहीं कर सकते। अमेरिक के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने मार्च में आम लाइसेंस जारी किए थे, जिनके तहत रूस और ईरान के उस तेल से जुड़े सभी लेन-देन को मंजूरी दी गई थी, जो क्रमश: 11 अप्रैल और 19 अप्रैल तक जहाजों पर लादा जा चुका था।

## दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में छह लोगों की मौत

**बेरूत।** लेबनान के दक्षिणी हिस्से में इजरायल के हवाई हमलों में छह लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के आपात संचालन केंद्र के अनुसार, शुक्रवार को हुए इन हमलों में नागरिकों को निशाना बनाया गया। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने भी इसकी पुष्टि की है। संघर्षविराम को तीन सप्ताह के लिए बढ़ाए जाने के एक दिन बाद भी इजरायली सेना और हिज्बुल्ला के लड़ाकों के बीच झड़पें जारी रहीं। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर संघर्षविराम उल्लंघन का आरोप लगा रहे हैं। इजराइली सेना ने कहा है कि वह दक्षिणी लेबनान के कुछ हिस्सों में अब भी तैनात है और उसने लितानी नदी तक अपने नियंत्रण क्षेत्र का विस्तार किया है। सेना के प्रवक्ता ने कुछ क्षेत्रों में नागरिकों की आवाजाही पर रोक की भी घोषणा की है।

# समुद्री नाकाबंदी से फिर बढ़ रहा तनाव

### अमेरिकी युद्धपोत-यूएसएस राफेल पेराल्टा ने ईरानी जहाज को रोका, सेंटकॉम ने की पुष्टि

**फ्लोरिडा (अमेरिका)।** अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकाम) ने पुष्टि की है कि अमेरिकी नौसेना के गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रायर यूएसएस राफेल पेराल्टा (डीडीजी 115) ने एक ईरानी झंडे वाले जहाज को समुद्र में रोक दिया है। यह कार्रवाई एक विशेष समुद्री मिशन के तहत की गई, जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव एक बार फिर बढ़ गया है।

अमेरिकी नौसेना के अनुसार, 24 अप्रैल को इस जहाज की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। रिपोर्ट में दावा किया गया कि यह जहाज ईरान के बंदरगाह की ओर जा रहा था, जिसके बाद उसे रोकने का निर्णय लिया गया। इसके बाद अमेरिकी युद्धपोत ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जहाज को रोका और बोर्डिंग के जरिए उसकी जांच शुरू की। अमेरिकी अधिकारियों ने इस कार्रवाई को व्यापक समुद्री अभियान का हिस्सा बताया है। शुक्रवार को पेंटागन में हुई ब्रीफिंग के दौरान जाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन ने कहा कि अमेरिका ईरान के खिलाफ सख्त समुद्री नाकाबंदी नीति लागू कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना किसी भी स्थिति में



■ अमेरिकी अधिकारियों ने इस कार्रवाई को व्यापक समुद्री अभियान का हिस्सा बताया

बड़े सैन्य अभियान को फिर से शुरू करने के लिए तैयार है, यदि राष्ट्रपति का आदेश मिलता है। जनरल केन ने बताया कि अमेरिका वैश्विक स्तर पर प्रतिबंधित और श्डार्क फ्लीटश जहाजों पर कार्रवाई कर रहा है। यह अभियान 8 अप्रैल से शुरू हुआ था। अब तक 34 जहाजों को रोका जा चुका है, जिनमें से कई ने अमेरिकी चेतावनी के बाद वापस लौटने का फैसला किया। अमेरिकी सेना ने हाल ही में मोटर वेसल तोस्का को भी जब्त किया था। चेतावनी के बावजूद जब जहाज नहीं रुका तो अमेरिकी मरीन ने हेलीकाप्टर के जरिए तेजी से कार्रवाई करते हुए जहाज पर नियंत्रण हासिल कर लिया। इसके अलावा 20 अप्रैल को ज्पर्दिल टैंकर को रोका गया, जिसमें कथित रूप से प्रतिबंधित ईरानी तेल मौजूद था। वहीं 22 अप्रैल को इंडियन ओशन में एक और जहाज मेजेस्टिक एक्स पोनी को भी जब्त किया गया। सेंटकाम ने साफ किया है कि किसी भी देश का जहाज यदि ईरान के बंदरगाहों की ओर जाता है या वहां से निकलता है, तो उसे रोका जाएगा। अमेरिकी सेना लगातार ऐसे जहाजों पर नजर रख रही है जो इस क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों में शामिल हैं। ब्रीफिंग के दौरान जनरल डैन केन ने 1983 में बेरूत में अमेरिकी दूतावास पर हुए बम हमले का भी उल्लेख किया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना अपने कर्मियों की बहादुरी और समर्पण को हमेशा याद रखती है और वर्तमान अभियानों में शामिल सैनिकों पर गर्व करती है।

# प्रेसिडेंट ट्रम्प का गोल्ड कार्ड वीजा हुआ फ्लॉप

### अब तक सिर्फ एक व्यक्ति ने ही हासिल किया, 1300 आवेदन बेचे जाने का किया था सरकार ने दावा



■ ट्रम्प ने फरवरी, 2025 में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था, उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत पांच मिलियन डालर रखी थी
■ अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अब तक केवल एक व्यक्ति ने ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का बहुचर्चित 'गोल्ड कार्ड' वीजा हासिल किया है। गोल्ड कार्ड वीजा में कोई विदेशी 10 लाख डालर (9 करोड़ रुपये से ज्यादा) देकर अमेरिका में रहने और काम करने का अधिकार पा सकता है।

वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने संसदीय समिति की सुनवाई में यह जानकारी दी। यह आंकड़ा उनकी पहले की उस घोषणा से काफी कम है, जिसमें उन्होंने कहा था कि योजना लान्च होने के कुछ ही दिनों में करीब 10,800 करोड़ रुपये के 1300 आवेदन बेचे जा चुके हैं। लुटनिक ने सुनवाई के दौरान कहा कि फिलहाल सैकड़ों आवेदन प्रक्रिया में हैं। ट्रम्प ने फरवरी, 2025 में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। हालांकि उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत 5 मिलियन डालर रखी थी। सितम्बर में इसे घटाकर 1 मिलियन डालर कर दिया गया था। ट्रम्प का कहना था कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टाप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है। गोल्ड कार्ड की अनलिमिटेड रेसीडेंसी में नागरिकों को सिर्फ पासपोर्ट और वोट देने का अधिकार नहीं मिलता, बाकी सारी सुविधाएं एक अमेरिकी नागरिक के जैसी मिलती हैं। यह प्रक्रिया उसी तरह होगी, जैसे ग्रीन कार्ड के जरिए स्थायी निवास मिलता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा था कि यह वीजा प्रोग्राम खास तौर पर धनी विदेशियों के लिए है, ताकि वे 1 मिलियन डालर देकर अमेरिका में रहते हुए काम कर सकें। अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि इस रकम का इस्तेमाल टैक्स को घटाने और सरकारी कर्ज चुकाने में किया जाएगा। ट्रम्प ने फरवरी, 2025 में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। ट्रम्प ने गोल्ड कार्ड के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड भी लान्च किए थे। इनमें 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड', 'ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड' और 'कार्पोरेट गोल्ड कार्ड' शामिल हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा। वहीं ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड जल्दी शुरू किया जाएगा। कामर्स सेक्रेटरी हावर्ड लुटनिक के मुताबिक, यह गोल्ड कार्ड मौजूदा ईबी-1 और ईबी-2 वीजा की जगह लेगा। ग्रीन कार्ड श्रेणियां बंद हो सकती हैं। ईबी-1 वीजा अमेरिका का एक स्थाई निवास (ग्रीन कार्ड) वीजा है। ईबी-2 वीजा भी ग्रीन कार्ड के लिए है, लेकिन उन लोगों के लिए जो उच्च शिक्षा (मास्टर्स या उससे ऊपर) की योग्यता रखते हों।

## ब्रिटेन ने जंग में साथ नहीं दिया, ट्रम्प नाराज

**वाशिंगटन।** ब्रिटेन और स्पेन ने नाटो से जुड़ी एक अमेरिकी रिपोर्ट पर आपत्ति जताई है। इसमें कहा गया था कि ट्रम्प सरकार इन दोनों देशों को सजा देने पर विचार कर रही हैं। इसकी वजह ईरान के खिलाफ जंग में अमेरिका का खुलकर साथ नहीं देना है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन के भीतर अधिकारियों के बीच एक ईमेल के जरिए बातचीत हुई, जिसमें अलग-अलग संभावित कदमों (आप्शन्स) पर विचार किया जा रहा था।

जैसे कि विरोधी माने जा रहे देशों को नाटो के अहम पदों से हटाना, स्पेन जैसे देश को गठबंधन में उसकी भूमिका को सीमित करना और ब्रिटेन के फाकलैंड द्वीप पर दावे को लेकर अमेरिका की नीति की समीक्षा करना। हालांकि पेंटागन ने इस ईमेल पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी और यह ईमेल सार्वजनिक रूप से भी सामने नहीं आया है। ईरान पर हमलों के दौरान ट्रम्प और स्टार्मर के बीच तनाव देखने को मिला था। शुरुआत में ब्रिटेन ने अमेरिका को अपने एयरबेस इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी थी। बाद में ईरान की जवाबी कार्रवाई के बाद ब्रिटेन ने कुछ एयरबेस इस्तेमाल करने की इजाजत दी, ताकि होर्मुज या ब्रिटिश ठिकानों को खतरा पैदा करने वाले ईरानी ठिकानों पर हमला किया जा सके। हालांकि फिर ट्रम्प इससे खुश नहीं हुए। दूसरी तरफ अर्जेंटीना में इस खबर को लेकर खुशी का माहौल है। सरकार के प्रवक्ता जेवियर लानारी ने कहा कि उनका

■ ब्रिटेन के कब्जे वाले फाकलैंड द्वीप पर अर्जेंटीना का साथ दे सकते हैं अमेरिकी राष्ट्रपति

देश 'माल्विनास' को वापस पाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई ट्रम्प के करीबी माने जाते हैं। मिलेई ने भी कहा कि इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा। फाकलैंड द्वीप का मामला ब्रिटेन और अर्जेंटीना दोनों के लिए बहुत बड़ा मुद्दा है।

दोनों देश इस पर दावा करते हैं। अर्जेंटीना इस द्वीप को माल्विनास कहता है। फाकलैंड दक्षिण अटलांटिक महासागर में स्थित हैं और अर्जेंटीना से सिर्फ 500 किमी दूर है। वहीं ब्रिटेन से यह 13000 किमी दूर स्थित है। अर्जेंटीना ऐतिहासिक रूप से इस द्वीप को अपना बताता आया है। अर्जेंटीना का कहना है कि ये द्वीप उसके पास होने चाहिए, क्योंकि ये उसके इलाके के करीब हैं। वहीं ब्रिटेन कहता है कि वहां रहने वाले लोग खुद को ब्रिटिश मानते हैं और उन्होंने वोट करके भी ब्रिटेन के साथ रहने की इच्छा जताई है, इसलिए यह उसका क्षेत्र है। 1982 में अर्जेंटीना ने इन द्वीपों पर कब्जा कर लिया था, जिसके बाद ब्रिटेन की तत्कालीन प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर ने सेना भेजकर सिर्फ 10 हफ्ते में इन्हें वापस हासिल किया था। अर्जेंटीना के आत्मसमर्पण करने से पहले लगभग 650 अर्जेंटीनाई सैनिक और 255 ब्रिटिश सैनिक मारे गए थे।

## ट्रम्प ने ईरानी नेताओं की हत्या का किया समर्थन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उनके देश के साथ समझौते के पक्ष में न होने वाले ईरानी नेताओं की हत्या का समर्थन किया है। वाशिंगटन पोस्ट के स्तंभकार मार्क थीसेन ने 'एक्स' पर एक संदेश पोस्ट किया, जिसमें कहा गया है कि जो ईरानी नेता अमेरिका के साथ समझौते के पक्ष में नहीं हैं, उनकी हत्या कर दी जानी चाहिए। बाद में ट्रम्प ने इस संदेश को ट्रुथ सोशल पर साझा किया। थीसेन के संदेश में कहा गया कि अगर ईरान में दो धड़े हैं, जिनमें से एक समझौता चाहता है और दूसरा नहीं, तो समझौता न चाहने वाले नेताओं को हमें मार देना चाहिए। ट्रम्प के इस संदेश को साझा किए जाने पर ईरान ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने इसे 'गंभीर नैतिक पतन का प्रमाण' बताया। प्रवक्ता ने कहा कि इस प्रकार के संदेश का समर्थन यह दर्शाता है कि अमेरिका अपने घोषित मूल्यों से हटकर हिंसा और उग्रवाद को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने ऐसे व्यक्ति का संदेश साझा किया है, जो खुले तौर पर उन लोगों की हत्या की बात कर रहा है जो समझौते के पक्ष में नहीं हैं। बाघेई ने कहा कि जो देश कभी लोकतंत्र, स्वतंत्रता और मानवीय मूल्यों का प्रतीक माना जाता था,

■ ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति के ऐसे संदेश को साझा किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी
■ ब्रिटेन के किंग चार्ल्स के साथ ईरान और नाटो के मुद्दे को लेकर चर्चा करेंगे ट्रम्प

वह अब हिंसा और हत्या को बढ़ावा देता दिखाई दे रहा है। उन्होंने प्रश्न खड़ा किया कि इसे गहरे नैतिक संकट के अलावा और क्या कहा जा सकता है। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह ब्रिटेन के किंग चार्ल्स ।।। के अमेरिका के दौरे के दौरान उनके साथ उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और ईरान के खिलाफ अमेरिकी अभियान से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। ट्रम्प ने एक न्यूज एजेंसी को फोन पर बताया कि मैं हर चीज के बारे में बात करूंगा। मैं इस पर चर्चा करूंगा। वे मेरे दोस्त हैं, और वे बहुत अच्छे इंसान हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन का डिजिटल सेवा कर भी चर्चा के विषयों में शामिल होगा। गौरतलब है कि बकिंघम पैलेस ने 31 मार्च को घोषणा की थी कि किंग चार्ल्स ।।। और रानी कैमिला अप्रैल में अमेरिका की राजकीय यात्रा पर जाएंगे। ट्रम्प ने बताया कि ब्रिटेन का शाही जोड़ा 27 से 30 अप्रैल के बीच अमेरिकी दौरे पर रहेगा।

# इंडो-पैसिफिक में बढ़ी ताकत

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत होती जा रही है। इसी कड़ी में भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड के वरिष्ठ अधिकारी जनरल केविन बी. श्नाइडर के साथ अहम बैठक की।

इस बैठक में दोनों देशों ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया। साथ ही, क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर सहयोग को और गहरा करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते रणनीतिक तालमेल पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने यह स्पष्ट किया कि वे क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

■ भारत-अमेरिका साझेदारी गहरी, सीडीएस अनिल चौहान की बैठक से रक्षा सहयोग को नया आयाम
■ दोनों देशों ने इस बात को स्वीकारा: आधुनिक समय में तकनीक सैन्य शक्ति का अहम आधार बन चुकी है

इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ मुख्यालय के अनुसार, इस बातचीत में द्विपक्षीय और त्रि-सेवा सहयोग को और विस्तारित करने पर भी सहमति बनी। दोनों देशों ने इस बात को स्वीकार किया कि आधुनिक समय में तकनीक सैन्य शक्ति का अहम आधार बन चुकी है। इसी को ध्यान में रखते हुए रक्षा सहयोग को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में काम करने पर बल दिया गया। इससे पहले, जनरल अनिल चौहान ने ब्रिटेन के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ भी महत्वपूर्ण बैठकें कीं। उन्होंने सर रिचर्ड नाइटन के साथ मुलाकात कर वैश्विक चुनौतियों, साइबर खतरों और व्यापार असंतुलन जैसे मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान भारत और ब्रिटेन ने भी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और समृद्धि बनाए रखने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। ब्रिटेन दौरे के दौरान जनरल चौहान ने रायल कालेज ऑफ डिफेंस स्टडीज में भी संबोधन दिया, जहां उन्होंने आधुनिक युद्ध की बदलती प्रकृति और वैश्विक सुरक्षा पर उसके प्रभाव को विस्तार से समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि भारत किस तरह वैश्विक स्तर पर स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## फिनलैंड के पास परमाणु हथियार होने की संभावना को संज्ञान में लेगा रूस

**मॉस्को।** रूस अपनी सैन्य योजना में फिनलैंड के पास आयात या निर्माण के माध्यम से परमाणु हथियार होने की 'सैद्धांतिक संभावना' को भी संज्ञान में लेगा। फिनलैंड की सरकार ने संसद में परमाणु ऊर्जा कानून और दंड संहिता में संशोधन का एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, जो फिनलैंड की धरती पर परमाणु हथियारों के आयात, निर्माण, भंडारण और उपयोग पर वर्तमान प्रतिबंध को समाप्त कर देगा। हेलसिकी स्थित रूसी दूतावास ने 'आरआईए नोवोस्ती' को यह जानकारी दी है। दूतावास ने कहा कि यह समझने के लिए सैन्य विशेषज्ञ होने की आवश्यकता नहीं है कि फिनलैंड की धरती पर परमाणु हथियारों के पहुंचने की सैद्धांतिक संभावना पर भी रूस अपनी सैन्य योजना के जरिए नजर रखेगा।

# होर्मुज स्ट्रेट में बारूदी सुरंग हटाने में तुर्की भागीदारी करेगा!

### किसी भी संभावित अभियान का नेतृत्व बहुराष्ट्रीय तकनीकी गठबंधन द्वारा किया जाएगा: विदेश मंत्री

**लंदन।** तुर्की ने संकेत दिया है कि ईरान और अमेरिका के बीच समझौता होने की स्थिति में वह होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंग हटाने के अभियानों में भाग ले सकता है।

तुर्की के विदेश मंत्री हकन फिदान ने यहां कहा कि किसी भी संभावित अभियान का नेतृत्व बहुराष्ट्रीय तकनीकी गठबंधन द्वारा किया जाएगा और ऐसे ढांचे के तहत तुर्की को भागीदारी में कोई आपत्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि यह गठबंधन किसी नए संघर्ष में शामिल होता है तो तुर्की अपनी भूमिका पर पुनर्विचार करेगा। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों का समाधान

■ यदि यह गठबंधन किसी नए संघर्ष में शामिल होता है तो तुर्की अपनी भूमिका पर पुनर्विचार करेगा: फिदान



पाकिस्तान में होने वाली अगली वार्ता में संभव हो सकता है। इस बीच, अमेरिका ने जलडमरूमध्य में ईरान की गतिविधियों को लेकर चेतावनियां तेज कर दी हैं और नौसैनिक उपस्थिति बढ़ाई है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यूरोपीय देशों की आलोचना करते हुए कहा कि वे ठोस कार्रवाई के बजाय केवल कूटनीतिक बैठकों तक सीमित हैं। पिछले हफ्ते ब्रिटेन और फ्रांस द्वारा समुद्री सुरक्षा पर आयोजित कॉन्फ्रेंस पर प्रतिक्रिया देते हुए, हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका 'फैंसी बैठकों' के बजाय 'गंभीर' यूरोपीय प्रयास का स्वागत करेगा। उन्होंने कहा कि यूरोप को इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग की सुरक्षा में अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, क्योंकि उसकी ऊर्जा आपूर्ति इस मार्ग पर निर्भर है। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि इस संकट में अमेरिका अब यूरोपीय समर्थन पर निर्भर नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिकी नाकेबंदी के कारण ईरान आर्थिक रूप से दबाव में है और उसे भारी नुकसान हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, 13 अप्रैल से अमेरिकी नौसेना ईरानी बंदरगाहों के आसपास गतिविधियों को नियंत्रित कर रही है। यह जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का महत्वपूर्ण मार्ग है, जहां से लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस का परिवहन होता है। अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि यदि ईरान जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंग बिछाने का प्रयास करता है, तो इसे संघर्षविराम का उल्लंघन माना जाएगा और इसका कड़ा जवाब दिया जाएगा।

# गाजा युद्ध के बाद पहली बार नगरपालिका चुनाव

### फलस्तीनियों ने किया मतदान, गाजा का वह क्षेत्र है जहां बड़े पैमाने पर जमीनी हमला नहीं हुआ

**यरूशलम।** फलस्तीन के पश्चिमी तट और गाजा पट्टी के सीमित क्षेत्रों में शनिवार को फलस्तीनी मतदाता नगरपालिका चुनाव में मतदान कर रहे हैं। गाजा युद्ध के बाद यह पहला चुनाव है।

रिपोर्टों के अनुसार, पश्चिमी तट में लगभग 15 लाख मतदाता पंजीकृत हैं, जबकि गाजा के दैर अल-बलह शहर में करीब 70 हजार मतदाता मतदान कर रहे हैं। यह गाजा का वह क्षेत्र है जहां बड़े पैमाने पर जमीनी हमला नहीं हुआ है। ये चुनाव 19 नवम्बर, 2025 को प्रकाशित नए चुनावी कानून के अनुसार आयोजित किए जा रहे हैं, जिसने दो अलग-अलग चुनावी प्रणालियां स्थापित की हैं। करीब दो दशकों में पहली बार



गाजा में मतदान हो रहा है। यहां अंतिम चुनाव 2006 में हुआ था, जब हमास ने जीत हासिल की थी। इन चुनावों को फलस्तीनी प्राधिकरण के नेतृत्व वाले महमूद अब्बास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो गाजा में अपनी राजनीतिक उपस्थिति बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं। अधिकांश उम्मीदवार फतह पार्टी के अंतर्गत या निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। हमास ने आधिकारिक रूप से उम्मीदवार नहीं उतारे हैं, लेकिन कुछ उम्मीदवारों को उससे जुड़ा माना जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, कुछ गुट मतदान में बिल्कुल भी हिस्सा नहीं ले रहे हैं। उन्हें उस नियम पर आपत्ति है जिसके तहत उम्मीदवारों के लिए फलस्तीनी प्राधिकरण के समझौतों का समर्थन करना जरूरी है। इसमें इजरायल को मान्यता देना भी शामिल है। हमास ने कहा कि नतीजे जो भी हों, वह उनका सम्मान करेगा। उसने गाजा में मतदान केंद्रों के बाहर सिविल पुलिस भी तैनात कर दी है। कागज पर तो ये महज स्थानीय परिषद के चुनाव हैं, लेकिन इनमें राजनीतिक दांव कहीं ज्यादा बड़े हैं। विश्लेषकों के अनुसार, ये स्थानीय निकाय चुनाव भले ही प्रशासनिक स्तर के हों, लेकिन इनके राजनीतिक निहितार्थ व्यापक हैं और भविष्य में राष्ट्रीय चुनावों का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। उनका मानना है कि फलस्तीनी प्राधिकरण वर्षों से भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहा है।

## न्यूयॉर्क में 'परमाणु-5' विशेषज्ञों की बैठक की योजना: बैलोसोव

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्रालय के विशेष दूत आंद्रेई बेलौसोव ने कहा है कि न्यूयॉर्क में 2026 परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन के इतर पांच परमाणु-संपन्न देशों (एन-5) के विशेषज्ञों की एक बैठक की योजना बनाई गई है। रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख बेलौसोव ने स्पूतनिक से बातचीत में यह पूछे जाने पर कि क्या न्यूयॉर्क में एनपीटी समीक्षा सम्मेलन के इतर परमाणु-5 प्रारूप में विशेषज्ञ स्तर के संपर्कों की योजना है, तो उन्होंने कहा कि संबंधित समन्वय चल रहा है, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि परमाणु-5 प्रारूप शुरू में एनपीटी समीक्षा प्रक्रिया के एजेंडे के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बनाया गया था।

# माली: बमकों में भारी गोलीबारी और विस्फोट

### सशस्त्र समूहों ने राजधानी सहित कई शहरों पर किया हमला

**बमको।** अफ्रीकी देश माली की राजधानी बमको और देश के कई अन्य हिस्सों में शनिवार सुबह सशस्त्र समूहों ने समन्वित हमले किए। बमको-सेनो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित सेनो सैन्य शिविर और काटी स्थित सैन्य ठिकाने के पास भारी गोलाबारी और विस्फोटों की खबरें मिली हैं।


आधिकारिक सूत्रों और समाचार एजेंसी अनादोलु के अनुसार, यह एक बेहद सुनियोजित अभियान था जिसके तहत बमको (सेनो और काटी) के अलावा सेवारे, मोप्ती, गाओ और किदाल जैसे रणनीतिक स्थानों को निशाना बनाया गया। बमको का मुख्य हवाई अड्डा और काटी में रक्षा मंत्री का आवास इन हमलों के प्रमुख लक्ष्य बताए जा रहे हैं। कई इलाकों में निवासियों ने

■ बमको का मुख्य हवाई अड्डा और काटी में रक्षा मंत्री का आवास इन हमलों के प्रमुख लक्ष्य बताए जा रहे हैं



सुबह-सुबह भारी गोलाबारी और लगातार धमाकों की आवाजें सुनीं। माली सेना ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ जनता को सूचित करते हैं कि अज्ञात आतंकवादी समूहों ने आज तड़के राजधानी और आंतरिक क्षेत्रों में कुछ रणनीतिक स्थानों और बैरकों को निशाना बनाया है। वर्तमान में गोलाबारी जारी है। हम जनता से शांत रहने और सतर्क रहने का आग्रह करते हैं। हमारी सुरक्षा बल हमलावरों को बेअसर करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। माली 2012 से ही विभिन्न सशस्त्र समूहों के हमलों का सामना कर रहा है। इससे पहले 2024 में भी काटी और सेनो हवाई अड्डा क्षेत्र को इसी तरह निशाना बनाया गया था। वर्तमान में देश अंतरिम राष्ट्रपति जनरल असीमी गोइता के नेतृत्व में है, जिन्होंने मई 2021 में सत्ता संभाली थी।

# हस्तिनापुर के वीर में शकुनी बनेंगे चंदन आनंद



**मुंबई।** अभिनेता चंदन आनंद सोनी सब के आगामी शो हस्तिनापुर के वीर में शुकनी के किरदार में नजर आएंगे। अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाने वाले चंदन, पौराणिक कथाओं के सबसे जटिल और अप्रत्याशित किरदारों में से एक शकुनी भूमिका निभा रहे हैं। चंदन आनंद ने कहा, जब मैंने शकुनी के सीन पढ़े, तो सबसे अलग बात यह थी कि उसकी ताक़त उसके कहे हुए में नहीं, बल्कि उसके न कहे हुए में है। उसकी शक्ति शांत है। वह आवाज उठाने के बजाय अवलोकन और सही समय पर भरोसा करता है। इस रोल को रोमांचक बनाता है यह कि वह बच्चों के बीच एक मजेदार, लाड़-प्यार करने वाले बड़े की तरह दिखता है, जो उन्हें अलग सोचने के लिए प्रेरित करता है। लेकिन उसके पीछे हमेशा एक गहरा इरादा छिपा होता है। इन परतों को संतुलित करना चुनौतीपूर्ण भी रहा और दिलचस्प भी, और यही शकुनी को निभाने को इतना आकर्षक बनाता है। हस्तिनापुर के वीर सोनी सब पर जल्द ही प्रसारित होगा।

# ऐसा लग रहा है जैसे एकसाथ कई सपने जी रही हूं: श्वेता



**मुंबई।** अभिनेत्री और फिल्मकार श्वेता त्रिपाठी का कहना है कि वर्ष 2026 उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे वह एक साथ कई सपने जी रही हैं। श्वेता त्रिपाठी के लिए 2026 सिर्फ ज्यादा काम करने का साल नहीं है, बल्कि ऐसे काम करने का है जो उनके दिल के करीब हो और मायने रखते हो।

जहां दर्शक मिर्जापुर: द मूवी का इंतजार कर रहे हैं, वहीं श्वेता एक नए सफर की शुरुआत कर रही हैं, एक ऐसा सपना जिसे वह लंबे समय से जीना चाहती थीं, अपनी कहानियां खुद बनाना। अभिनय के साथ-साथ अब वह अपने प्रोडक्शन हाउस पर भी ध्यान दे रही हैं और अपनी पहली फिल्म बतौर निर्माता मुझे जान ना कहो मेरी जान पर काम कर रही हैं।

यह एक खूबसूरत और संवे. दनशील समलैंगिक प्रेम कहानी है, जिससे वह खुद को बहुत जुड़ा हुआ महसूस करती हैं। साथ ही, थिएटर आज भी उनका सबसे मजबूत सहारा है। वह न सिर्फ परफॉर्म कर रही हैं, बल्कि अपने प्ले कॉक को उसके आखिरी शो के लिए वापस मंच पर ला रही हैं। वह उसी जुनून और जिज्ञासा के साथ थिएटर में लौट रही हैं, जिसने उन्हें पहली बार एक्टिंग की दुनिया से जोड़ा था। श्वेता त्रिपाठी ने कहा, 2026 ऐसा लग रहा है जैसे मैं एक साथ कई सपने जी रही हूं। मैं आज भी वही एक्टर हूं जिसे सेट पर काम करने का उतना ही उत्साह होता है, लेकिन अब मैं यह भी सीख रही हूं कि अपनी खुद की कहानी बनाना कैसा होता है। मुझे जान ना कहो मेरी जान के जरिए हम एक ऐसी कहानी बताने की कोशिश कर रहे हैं जो सच्ची हो, सभी को साथ लेकर चले और दिल से जुड़ी हो। और जब भी मैं थिएटर में लौटती हूं, मुझे याद आता है कि मेरी शुरुआत कहां से हुई थी। यह मुझे जमीन से जोड़े रखता है और हमेशा कुछ नया सीखने की चाह बनाए रखता है।

# टकरा सकती हैं अक्षय व रामचरण की फिल्म

**मुंबई।** राम चरण की पैन इंडिया फिल्म पेड्डी की रिलीज को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगर फिल्म 25 जून 2026 के आसपास रिलीज होती है, तो इसका सीधा मुक. ाबला अक्षय कुमार की मल्टीस्टारर फिल्म वेलकम टू द जंगल से हो सकता है।

दोनों बड़े प्रोजेक्ट्स के संभावित क्लैश ने हिंदी बॉक्स ऑफिस को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। पैन-इंडिया फिल्मों के दौर में बॉक्स ऑफिस क्लैश अब आम बात हो गई है, लेकिन जब दो बड़ी स्टारकास्ट वाली फिल्मों की टक्कर की खबर सामने आती हैं, तो चर्चा और भी तेज हो जाती है। इन दिनों राम चरण की अपकमिंग फिल्म पेड्डी को लेकर भी कुछ ऐसा ही माहौल बनता नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म अगर तय तारीख पर रिलीज होती है, तो हिंदी बॉक्स ऑफिस पर इसे एक बड़ी मल्टीस्टारर फिल्म से मुकाबला करना पड़ सकता है। यही वजह है कि इस क्लैश को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

राम चरण की पेड्डी को एक बड़े पैन-इंडिया प्रोजेक्ट के तौर पर तैयार किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज को लेकर काफी वक्त से चर्चा हो रही है, लेकिन यह फिल्म काफी लेट हो गई है। हालांकि, अब सामने आ रही खबरों के मुताबिक, यह फिल्म 25 जून 2026 के आसपास सिनेमाघरों में आती है। अगर ऐसा हो जाता है तो पेड्डी का सामना अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड फ्रेंचाइजी फिल्म वेलकम टू द जंगल से हो सकती है।



राम चरण की पेड्डी को एक बड़े पैन-इंडिया प्रोजेक्ट के तौर पर तैयार किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज को लेकर काफी वक्त से चर्चा हो रही है, लेकिन यह फिल्म काफी लेट हो गई है। हालांकि, अब सामने आ रही खबरों के मुता. बिक, यह फिल्म 25 जून 2026 के आसपास सिनेमाघरों में आती है। अगर ऐसा हो जाता है तो पेड्डी का सामना अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड फ्रेंचाइजी फिल्म वेलकम टू द जंगल से हो सकती है। वेलकम टू द जंगल 26 जून, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

वेलकम टू द जंगल 26 जून, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। वेलकम फ्रेंचाइजी पहले ही दर्शकों के बीच काफी पॉपुलर रही है और इसके दोनों पिछले पार्ट बॉक्स ऑफिस पर सफल साबित हुए थे।

तीसरे पार्ट में भी बड़ी स्टारकास्ट शामिल बताई जा रही है, जिसमें संजय दत्त, अनिल कपूर, रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस और सुनील शेट्टी जैसे नाम जुड़े हुए हैं। ऐसे में अगर पेड्डी इसी तारीख पर आती है, तो हिंदी बेल्ट में इसे कड़ी टक्कर मिल सकती है। पेड्डी के लिए हिंदी मार्केट काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि फिल्म को पैन-इंडिया लेवल पर तैयार किया जा रहा है।

मेकर्स की कोशिश है कि फिल्म सिर्फ साउथ ही नहीं बल्कि नॉर्थ इंडिया में भी बड़ी ओपनिंग हासिल करे। यही वजह है कि रिलीज डेट को लेकर रणनीति पर खास ध्यान दिया जा रहा है। हालांकि, अभी तक रिलीज डेट को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है, लेकिन क्लैश की खबर ने ही फिल्म को लेकर चर्चा बढ़ा दी है।



# किंग में दीपिका ने शाहरुख के साथ किए एक्शन सीन

**मुंबई।** दूसरी प्रेग्नेंसी अनाउंस करने के बाद दीपिका पादुकोण ने काम से ब्रेक लेने के बजाय शूटिंग जारी रखी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने शाहरुख खान के साथ फिल्म किंग के लिए हाई-एनर्जी एक्शन सीक्वेंस शूट किया, जो 21-22 अप्रैल को मुंबई के खास सेट पर फिल्माया गया। आने वाले समय में सिनेमाघरों में कई कमाल की फिल्मों दस्तक देने वाली हैं, जिनमें से एक नाम किंग का नाम भी शामिल है। शाहरुख खान की यह फिल्म लंबे वक्त से चर्चा में बनी है, फिल्म में कई कमाल के स्टार्स शामिल हैं, जिनमें दीपिका पादुकोण भी शामिल हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अफनी सेकेंड प्रेग्नेंसी अनाउंस की है, जहां बॉलीवुड में अक्सर सितारे प्रेग्नेंसी के दौरान काम से ब्रेक लेते नजर आते हैं, वहीं दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को लेकर कितनी गंभीर हैं। सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने दूसरी बार मां बनने की अनाउंसमेंट

**आने वाले समय में सिनेमाघरों में कई कमाल की फिल्मों दस्तक देने वाली हैं, जिनमें से एक नाम किंग का नाम भी शामिल है। शाहरुख खान की यह फिल्म लंबे वक्त से चर्चा में बनी है, फिल्म में कई कमाल के स्टार्स शामिल हैं, जिनमें दीपिका पादुकोण भी शामिल हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी सेकेंड प्रेग्नेंसी अनाउंस की है, जहां बॉलीवुड में अक्सर सितारे प्रेग्नेंसी के दौरान काम से ब्रेक लेते नजर आते हैं, वहीं दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को लेकर कितनी गंभीर हैं।**

की थी। जिसके कुछ ही दिनों बाद दीपिका ने शाहरुख खान के साथ हाई-एनर्जी एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग की खबरों से सभी को चौंका दिया। इस खबर ने न सिर्फ फैंस को हैरान किया बल्कि इंडस्ट्री में भी उनकी प्रोफेशनलिज्म की चर्चा तेज हो गई है। हाल ही में खबर सामने आई है कि दीपिका ने अपकमिंग फिल्म किंग के लिए फाइट सीक्वेंस शूट किया है। जिसमें हाई-ऑक्टेन कॉम्बैट और बड़े पैमाने पर एक्शन कोरियोग्राफी शामिल थी। शाहरुख और दीपिका ने इस सीन की शूटिंग 21 और 22 अप्रैल को की, जिसमें दीपिका ऑल-व्हाइट आउटफिट में नजर आईं। विले पार्ले स्थित गोल्डन टोबैको स्टूडियो में इसके लिए खास सेट तैयार किया गया था। फाइट सीक्वेंस की कोरियोग्राफी फिल्म के बड़े और ग्रैंड ट्रीटमेंट के मुताबिक रखी गई है। दरअसल, 19 अप्रैल 2026 को दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने अपने दूसरे बच्चे की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की थी। इस अनउंसमेंट के बाद कई लोगों को लगा कि एक्ट्रेस अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स से ब्रेक ले सकती हैं। लेकिन दीपिका ने इन अटकलों को गलत साबित करते हुए शूटिंग जारी रखी और एक्शन सीन में हिस्सा लेकर सभी को चौंका दिया। इस फिल्म के अलावा दीपिका अल्लू अर्जुन की फिल्म राका में भी नजर आने वाली हैं।

# सूरज बड़जात्या को खूब भाता है प्रेम



**मुंबई।** किसी खास नाम के प्रति फिल्मी दुनिया में निर्माता-निर्देशकों की आसक्ति रही है, उसी में एक नाम है प्रेम जो निर्माता सूरज बड़जात्या का पसंदीदा नाम रहा है। सूरज बड़ाजात्या ने हाल ही में अपनी नई फिल्म यह प्रेम मोल लिया का एलान किया है। फिल्म यह प्रेम मोल लिया में आयुष्मान खुराना और शरवरी की मुख्य भूमिका है। राजश्री प्रोडक्शंस और महावीर जैन फिल्म्स मिलकर इस फिल्म को बना रहे हैं।

इस फिल्म के साथ राजश्री का मशहूर किरदार प्रेम 11 साल बाद बड़े पर्दे पर लौट रहा है। इस बार इस किरदार को पहली बार आयुष्मान खुराना निभा रहे हैं, जो अपने सादे और शरारती अंदाज से इसे खास बनाते हैं। निर्माता-निर्देशक सूरज बड़जात्या लगभग अपनी हर फिल्म में हीरो का नाम प्रेम रखते आए है और यह नाम उनके लिए भाग्यशाली साबित होता आया है। सूरज बड़जात्या ने सबसे पहले वर्ष 1989 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म मैने प्यार किया के माध्यम से सलमान खान को पहली बार प्रेम की भूमिका में दर्शको के सामने पेश किया था। युवा प्रेम कथा पर आधारित फिल्म मैंने प्यार किया ने दर्शकों के दिल में अपनी छाप छोड़ी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी सफलता अर्जित की। इसके बाद सूरज बड़जात्या को प्रेम नाम कुछ ऐसा जंचा कि उन्होंने यह निश्चय कर लिया कि यदि वे किसी फिल्म का निर्माण करेगें तो उसमे अभिनेता का नाम प्रेम अवश्य रखेंगे। सूरज बड़जात्या ने इसके बाद वर्ष 1994 में प्रदर्शित ब्लॉकबस्टर फिल्म हम आपके हैं कौन में दूसरी बार सलमान खान को प्रेम के किरदार निभाने का मौका दिया। मैने प्यार किया के प्रेम की तुलना में हम आपके है कौन का प्रेम दर्शकों को कुछ ज्यादा हीं पसंद आया। पारिवारिक पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म हम आपके हैं कौन ने बॉक्स ऑफिस पर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए। अपनी पिछली फिल्म मैंने प्यार किया और हम आपके हैं कौन की सफलता से उत्साहित सूरज बड़जात्या ने प्रेम नाम को एक बार फिर से अपनी वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म हम साथ साथ है में सलमान खान के किरदार के रूप में पेश किया, लेकिन इस बार फिल्म ने अपेक्षित सफलता अर्जित नहीं की। माना जाता है इस फिल्म में प्रेम के किरदार को प्रभावशाली ढंग से पेश नहीं किया गया था। सूरज बड़जात्या को फिल्म के किरदार प्रेम पर इस कदर भरोसा था कि उन्होंने वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म मैं प्रेम की दीवानी हूं में ऋतिक रौशन और अभिषेक बच्चन दोनों को ही प्रेम नाम से दर्शकों के सामने पेश किया, लेकिन कमजोर पटकथा के कारण यह फिल्म बॉक्स आफिस पर पिट गई।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S. ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)